लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 14 | अंकः 327 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | मंगलवार | 12 सितंबर, 2023



# यूपी में बारिश से 24 घंटे में 19 की मौत

## लखनऊ में पार्क में लगे हाथी पर गिरी बिजली, एमएलसी ट्रैक्टर पर घर से निकले, 7 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

- बारिश में खुली लखनऊ नगर निगम की पोल
- सड़क धंसी तो कहीं पूरा मोहल्ला बना तालाब
- कठौता झील में जाने लगा सीवर का पानी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में सोमवार को मानसून जमकर बरसा। राजधानी लखनऊ में 18 घंटे तक लगातार बारिश हुई। कभी तेज-कभी रिमझिम। शहर के पॉश इलाकों में 2-3 फीट तक पानी भर गया। यहां बीते 12 घंटे में 93.9 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। केंद्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने डीएम से फोन पर बात करके शहर का हाल जाना। लखनऊ के अलावा, कानपुर, बाराबंकी, मुरादाबाद, हरदोई में भी तेज बारिश हुई। प्रदेश के आपदा विभाग के मुताबिक, 24 घंटे में 12 जिलों में बारिश और बिजली गिरने से जुड़े हादसों में 19 लोगों की मौत हो गई। राजधानी में भीषण बारिश का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीजेपी एमएलसी पवन चौहान के घर के बाहर 2-3 फीट पानी भर गया। उन्हें ट्रैक्टर पर बैठकर घर से जाना पड़ा। लखनऊ के विराम खंड-5 में पूर्व मंत्री मोती सिंह के घर में भी पानी घुस गया। वहीं, अंबेडकर पार्क में लगे हाथी पर बिजली गिर गई।

### डीएम पहुंचे गोमती बैराज, कमिश्नर आशियाना

लखनऊ में भारी बारिश के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों के अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा है। निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति में प्रभावी प्रबंध किए जाएं। नदियों के जलस्तर की निगरानी की जाए। फसलों के नुकसान का आकलन भी किया जाए। इसके बाद लखनऊ के डीएम गोमती बैराज पर वाटर लेवल देखने पहुंचे। यहां वाटर लेवल करीब 105 मीटर है। भारी बारिश को देखते हुए गोमती बैराज के 10 में से 3 गेट खोल दिए गए हैं। वहीं कठौता झील में भी जलभराव का पानी सीधे जाता रहा। कमिश्नर रोशन जैकब जलभराव प्रभावित इलाकों का जायजा लेने के लिए पहुंची। गोमतीनगर एरिया में जलभराव होने के बाद नाले और सीवर का गंदा पानी कठौता झील के अंदर जाने लगा।

### हिमाचल में बारिश से राहत, तपने लगे पहाड़

हिमाचल में भारी बारिश से राहत के बाद पहाड़ तपने लगे है। प्रदेश के 11 शहरों का पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। ऊना का तापमान पिछले 24 घंटे के दौरान सर्वाधिक 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चंबा को छोड़कर अन्य सभी शहरों का तापमान नॉर्मल से 1 से 6 डिग्री तक ज्यादा चल रहा है।

### कानपुर में एक घंटे में 34 मिमी. बरसात

कानपुर में रविवार से रुक-रुककर बारिश हो रही थी। लेकिन रात 8 से 9 बजे के बीच एक घंटे में 34 मिमी. बारिश हुई। वहीं, पूरे दिन में 45 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश में अलीगढ़ सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला रहा। यहां 76 मिमी. बारिश दर्ज की गई। 10 सितंबर की रात को जूही इलाके की परमपुरवा चौकी स्थित ब्रह्म स्टील चौराहे के पास सड़क के किनारे पीपल के पेड़ के नीचे एक युवक का शव पड़ा मिला।

### लखनऊ में सड़कें तालाब बनीं

मौसम विभाग ने सोमवार को लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर समेत 31 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ में 12 घंटे से बारिश जारी है। यहां इतनी बारिश हुई है कि सड़कें तालाब बन गई हैं। मुरादाबाद में 6 घंटे की बारिश में रेलवे ट्रैक डूब गया। भीषण बारिश का अंदाजा इसी से लगाइए कि वीआईपी भी अछूते नहीं रहे। बीजेपी एमएलसी पवन चौहान के घर के बाहर भी जलभराव हुआ। उन्हें ट्रैक्टर पर जाना पड़ा। पूर्व मंत्री मोती सिंह के घर में भी पानी भर गया है। लखनऊ के विराम खंड 5 में मोती सिंह का आवास पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी पहुंचे थे। लखनऊ के अलावा, कानपुर में रविवार से बारिश का दौर जारी है। यहां ब्रह्म स्टील चौराहे के पास जलभराव में एक व्यक्ति की लाश मिली है। आशंका है कि जलभराव में डूबने से मौत हुई है। मुरादाबाद में रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। लखनऊ के अलावा मुरादाबाद और बाराबंकी में स्कूलों की छुट्?टी कर दी गई है। वहीं, मिर्जापुर में नवोदय विद्यालय कैंपस में बिजली गिरने से 7 बच्चे बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारिश के चलते इटावा में नेशनल हाईवे धंस गया। यहां 8 बड़े स्लैब समेत मिट्टी सर्विस रोड पर गिर गई।

### ट्रैक पर पानी भरने से 9 ट्रेन कैंसिल

मुरादाबाद रेल डिवीजन में रेल ट्रैक कई जगहों पर पानी में डूबा है। रामपुर से लेकर मुरादाबाद तक ट्रैक पर कई फीट तक पानी है। मुरादाबाद स्टेशन पर भी ट्रैक पूरी तरह से पानी में डूबा है। इसकी वजह से अभी तक 16 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि रेल ट्रैक के पानी में डूबने की वजह से 9 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। 3 गाड़ियां रूट बदलकर चलाई जाएंगी, जबकि 3 गाड़ियों को शॉर्ट टर्मिनेट और एक को शॉर्ट ऑरिजिनेट किया जाएगा।

### मकानों को खाली कराने के आदेश

कानपुर में हो रही बारिश को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल ने जर्जर मकानों को खाली कराने के आदेश जारी किए हैं। कानपुर में 433 मकान हैं, जिन्हें नगर निगम ने जर्जर घोषित कर दिया है। हर बार मूसलाधार बारिश के दौरान कोई न कोई जर्जर मकान जमींदोज हो जाता है। ऐसे में पुलिस ने एहतियातन जर्जर मकानों को खाली कराना शुरू किया है। सभी को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है।

**बाराबंकी में 3, हरदोई में 4 की मौत:** यूपी में बारिश और बिजली गिरने से जुड़े हादसों में 24 घंटे में 19 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा हरदोई में 4 और बाराबंकी में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, प्रतापगढ़ और कन्नौज में 2-2 और अमेठी, देवरिया, जालौन, कानपुर, संभल, रामपुर और मुजफ्फरनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

**मध्य प्रदेश के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश में 12-13 सितंबर से एक और सिस्टम एक्टिव हो रहा है। यह 18 से 20 सितंबर तक प्रदेश में एक्टिव रहेगा। यानी अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में बारिश के आसार हैं। भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा समेत 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है



### यूपी में 210 प्रतिशत ज्यादा हुई बारिश

यूपी में रविवार को हुई बारिश की बात करें तो सामान्य से 210 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की गई। रविवार को प्रदेश में 17.10 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञानियों की माने तो अगस्त में बारिश का दौर थमा था। लेकिन, अब सितंबर में बारिश भरपाई कर सकती है। वैसे भी अब तक जो अनुमान है उसके मुताबिक, अभी 6-7 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।



### अगले 24 घंटे कैसे रहेंगे

**यहां तेज बारिश होगी:** उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मेघालय, असम, नगालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश।

**यहां हल्की बारिश होगी:** उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, झारखंड।



## जलभराव पर सपा अध्यक्ष ने कसा तंज, स्मार्ट सिटी के नाम पर प्रदेश सरकार ने जनता को दिया धोखा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर प्रदेश की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी के नाम पर आए बजट में जमकर लूट और भ्रष्टाचार हुआ, जिसका नतीजा सबके सामने है। राजधानी लखनऊ समेत अन्य जिलों में हुई बरसात से हालात खराब हैं। बारिश से भाजपा की स्मार्ट सिटी बह गई। सपा अध्यक्ष ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि लखनऊ में हर जगह भारी जलभराव की स्थिति है। कई कालोनियों में पानी भर गया। हजारों घरों और दुकानों में पानी घुस



गया। भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई। वर्षो से नगर निगम पर काबिज भाजपा ने राजधानी लखनऊ की सीवर और सफाई व्यवस्था के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश की जनता जानना चाहती हैं कि स्मार्ट सिटी के नाम पर दिए गए सैकड़ों करोड़ रुपए के बजट का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं करती है। बीते सात साल में प्रदेश के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा ने सपा सरकार में हुए विकास कार्यों को भी रोक दिया, जिसकी वजह से राजधानी सहित अन्य शहरों में लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है।

### चमन आरा बनीं महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने सिद्धार्थनगर निवासी चमन आरा को समाजवादी महिला सभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। मालूम रहे कि चमन आरा नगर पालिका परिषद बांसी की अध्यक्ष हैं।

## हर जिले में खुलेगा आवासीय संस्कृत विद्यालय

- इन नए संस्कृत आवासीय स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं होंगी और वह पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर शुरू किए जाएंगे
- इन विद्यालयों में संस्कृतमय माहौल होगा और ज्यादातर स्मार्ट क्लासरूम होंगे
- आवासीय संस्कृत विद्यालयों में न केवल 10+2 तक की पढ़ाई होगी, बल्कि रोजगारपरक शिक्षा भी दी जाएगी

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश में देव वाणी संस्कृत की शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों का संस्कृत में रुझान बढ़ाने के लिए योगी सरकार प्रदेश के हर जिले में आवासीय संस्कृत विद्यालय खोलने की योजना बना रही है। इन नए संस्कृत आवासीय स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं होंगी और वह पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर शुरू किए जाएंगे। इन विद्यालयों में संस्कृतमय माहौल होगा और ज्यादातर स्मार्ट क्लासरूम होंगे। आवासीय संस्कृत विद्यालयों में न केवल 10+2 तक की पढ़ाई होगी, बल्कि उसके बाद की रोजगारपरक शिक्षा भी दी जाएगी।



### एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी

आवासीय संस्कृत विद्यालयों में आधुनिक विषयों का समावेश किया जाएगा और छात्रों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी। इन विद्यालयों में संस्कृत के साथ-साथ अन्य आधुनिक विषयों की शिक्षा भी दी जाएगी।

### पहले चरण में 35 और दूसरे चरण में 40 संस्कृत विद्यालयों की स्थापना की जाएगी

इस योजना के तहत पहले चरण में 35 और दूसरे चरण में 40 संस्कृत विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य है कि एक ही परिसर में पूरी तरह से संस्कृतमय वातावरण में संस्कृत शिक्षा प्रदान की जाए। शिक्षा विभाग ने दो माह पहले एक प्रस्ताव तैयार किया था और विभिन्न एजेंसियों से राय लेने के बाद वित्त विभाग ने भी इसे मंजूरी दी है। अब इसे कैबिनेट को भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**बैठक** सड़क सुधार कार्यों के लिए सीएम ने बुलाई समीक्षा बैठक, सीएम योगी बोलें, नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटी

## सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण: सीएम योगी

- नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए: सीएम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर कई विभागों के साथ समीक्षा बैठक की साथ ही साथ सीएम योगी ने आगामी नवंबर में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने



वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं। हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मेट्रो,एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी,ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। अभियंताओं को निर्माण कार्य का बैकबोन की संज्ञा देते हुए सीएम योगी ने कहा कि कहीं भी अभियंताओं की कमी न हो, आवश्यकता पड़े तो आउटसोर्सिंग से भी तैनाती की जानी चाहिए। विभागीय मंत्रियों व अधिकारियों को फील्ड में रैंडम दौरा निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किये जाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अभियंताओं की तैनाती केवल मेरिट

### लोकहित से जुड़ी परियोजनाओं में अपराधियों को ना मिले जगह

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया,अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए। इसे पीएम गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ा जाना चाहिए, साथ ही इसी तर्ज पर अपना पोर्टल भी विकसित किया जाना चाहिए ताकि कार्य की गुणवत्ता की अनवरत मॉनीटरिंग की जा सके।

### जलभराव हो तो तत्काल कराएं निकासी

नगर विकास व ग्राम्य विकास विभाग को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के कारण यदि कहीं जलभराव होता है तो तत्काल उसकी निकासी सुनिश्चित की जाए। विभागीय अधिकारी सड़कों पर मौजूद रहे। वहीं नगरों में आवारा श्वान की समस्या की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एनिमल बर्थ कंट्रोल इकाइयों के शीघ्र क्रियान्वयन के अलावा अन्य उपयोगी प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

# विधायक को आगे की लाइन में नहीं मिली कुर्सी तो हो गए नाराज, डीएम-एसपी ने मनाकर आगे की लाइन में बैठाया

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले में खड्डा के बीजेपी विधायक विवेकानंद पांडे एक कार्यक्रम में आगे की लाइन में कुर्सी नहीं मिलने से नाराज हो गए। इसके बाद डीएम और एसपी के पीछे बैठे विधायक विवेकानंद पांडे को किसी तरह मनाकर अधिकारियों ने अपने सोफे पर जगह दी।

दरअसल, कुशीनगर जिला मुख्यालय पर आयोजित 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम में विधायक विवेकानंद पांडे को आगे की कुर्सी नहीं मिल सकी। इसके बाद विधायक नाराज हो गए और डीएम और एसपी के पीछे जाकर बैठ गए। विधायक विवेकानंद पांडे के नाराज होने की भनक जब अधिकारियों को लगी तो मंच पर ही उन्हें मनाने में जुट गए। काफी मनाने के बाद विधायक पीछे से उठकर आगे आए। 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम कुशीनगर जिला मुख्यालय स्थित बुद्ध पार्क में सोमवार को सुबह आयोजित हुआ।



इसमें जिले के सांसद और विधायकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के अलावा डीएम और एसपी भी उपस्थित रहे। संस्कृति कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्ज्वलित कर सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर बने मंच पर बैठ गए।

वहीं कार्यक्रम में थोड़ी देर से पहुंचे खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय अपने बैठने की व्यवस्था न होने पर नाराज हो गए। वह पीछे की लाइन में जाकर बैठ गए, जब अधिकारियों की नजर विधायक पर पड़ी तो सभी उन्हें मनाने में जुट गए।

इसके बाद सोफे पर बौठे डीएम और एसपी के बीच में उन्हें जगह मिली। बाद में एसपी वहां से हट गए। इस मामले पर विवेकानंद पांडेय ने कहा मुझे पीछे से आगे आने के लिए वे बात कह रहे थे। मैं नाराज नहीं था. बस किसी को हटाकर खुद नहीं बैठना चाहता था। अपना ही कार्यक्रम था, जनप्रतिनिधी अधिक हो गए थे और मैं देर से पहुंचा था।

## इण्टर कॉलेज का बाबू कई वर्षो से डीआईओएस कार्यालय मे जमा

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लम्बे समय से बिना नियुक्ती के कार्यलय बाबू के कामकाजो मे कारनामे चर्चा का विषय बना है। जब कि इनकी तैनाती जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर एक सरकारी बालिका इंटर कालेज में क्लर्क के पद पर है। कई बार शिकायत और विरोध हुआ लेकिन सेटिंग-गेटिंग के चलते जिम्मदारों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। वही डीआईओएस से बात करने पर मामले को टालकर जॉच किया जाने की लकीर पीट रहे है। अनाधिकृत बाबू आधुनिक साज-सज्जा से परिपूर्ण एसी चेम्बर में बैठ कर डीआईओएस आफिस को अपने कब्जे में करते जा रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कार्यलय का ऐसा कोई वैध-अवैध काम नहीं है जिसमें इसकी दखलंदाजी न हो। चाहे विद्यालय की मान्यता का मामला हो या बोर्ड एग्जॉम का सेंटर बनवाना हो, चाहें जाँच शुरू करवानी हो या बंद करवानी हो सब का हाल व निराकरण रखते हैं। आलम यह है कि बाबू की कृपा से जिले में ऐसे कई विद्यालय चल रहे है जो मानक विहीन है। सेटिंग वाले कई पटलों का कार्य स्वयं देखते हैं। खासकर उन पटलों का कार्य जहां से धन आगमन होता है उन पर तो इनका एकछत्र राज है। शायद इसी का नतीजा रहा कि इन पर अभी तक रहे कई साहबों की कृपा बनी रही। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में डटे इस बाबू की ये बात समझ से परे है कि जब इसकी तैनाती 15 किलोमीटर दूर एक राजकीय बालिका इंटर कालेज में है और कार्य ये डीआईओएस ऑफिस में करता है तो ये तैनाती की जगह फिंगरप्रिंट लगाकर बायोमैट्रिक उपस्थिति कैसे लगाता है। यदि बायोमैट्रिक उपस्थिति नही लगाता तो इनका वेतन कैसे निर्गत होता है। बड़ी बात ये है कि हर माह का वेतन भी ये ले रहा है, यह बात समझ से परे है।

## अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी तथा उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा, आरक्षी अमित सिंह, बब्बू राजा द्वारा बबलू दर्जी पुत्र सुखलाल निवासी बरद्वारा को 1 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## ट्राई साइकिल चोरी

**जन एक्सप्रेस/भरतकूप, चित्रकूट।** अज्ञात चोरों ने दिव्यांग समाचार पत्र वितरक की ट्राई साइकिल पार कर दी। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतकूप निवासी रज्जू वर्मा पुत्र रामचन्द्र वर्मा समाचार पत्र वितरक है। वह दिव्यांग होने के बावजूद अपनी ट्राई साइकिल से समाचार पत्र वितरण का कार्य करता है। बीती रात अज्ञात चोर उसकी ट्राई साइकिल ले गए।

## विद्युत विभाग का 38 लाख रूपये लेकर फरार बाबू गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** सरकारी विभाग में तैनात विद्युत विभाग के बाबू ने शातिराना अंदाज में इस तरह से बिजली विभाग के कोष का पलीता लगाया और मौका पाते ही रफूचक्कर हो गया। जब अधिशासी अभियंता ने इस मामले की जानकारी किया गया तो हक्के-बक्के रह गये। उपभोक्ता के बकाया बिल विभाग के कोष के बजाय अपने पास रख लिया और फरार हो गये। जानकारी के अनुसार असोथर पावर हाउस में तैनात ज्ञानेंद्र मौर्य जो बाबू के पद पर तैनात था। जिसने अपने विभाग की आंखों में धूल झोंककर उपभोक्ता का बकाया लाखों रुपये का बिल जमा तो करा लिया लेकिन वह पैसा विभाग के कोष में नही भेजा और पिछले 2 सालों से फरार चल रहा था। 37 लाख 78 हजार 427 रुपये लेकर फरार हुये बाबू के सम्बन्ध मे अधिशासी अभियंता ने बताया कि धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपित बाबू ज्ञानेन्द्र ने उपभोक्ता से बकाया बिल 37 लाख 78 हजार 427 रुपये का लिया जरूर लेकिन उसे विभाग के कोष में नहीं भिजवाया। खुद ही विभाग को बड़ा चूना लगाकर फरार हो गया। जिसके बाद उन्होंने ज्ञानेंद्र के खिलाफ 17 दिसम्बर 2021 को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

## मशीन रिपेयरिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** मऊ विकास खंड क्षेत्र के बरगढ़ ग्राम पंचायत में अमरावती देवी एजुकेशनल सोसाइटी के अंतर्गत चलने वाले नौ दिवसीय उषा सिलाई प्रशिक्षण के प्रथम दो दिवस मशीन रिपेयरिंग एवं मशीन कैसे बाँधी जाती है, इस पर केंद्रित रहे। प्रथम दिन सभी 10 चयनित महिलाओं को उषा की पैर से चलने वाली मशीने वितरित की गयी। इसके बाद उषा इंटरनेशनल की ओर से आए हुए तकनीकी विशेषज्ञ रमेश ने विधिवत महिलाओं को मशीन बाँधने व खराबी आ जाने पर उसकी मरम्मत करने को लेकर प्रशिक्षित किया। उन्होंने खुली मशीन को बांधने की विधि, यदि चलती हुई मशीन में सुई टूट जाए तो उसे कैसे ठीक करना है अथवा उसके किसी कल पुर्जे में यदि समस्या आ रही है तो उसकी किस तरह से मरम्मत करना है इस पर महिलाओं को अच्छी प्रकार से प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी महिलाओं का प्रैक्टिकल हुआ। जिसमें महिलाओं ने सफलतापूर्वक दिए गए मरम्मत व मशीन बाँधने के टास्क को पूर्ण किया।

# श्रद्धालुओं को प्रत्येक रविवार को खिचड़ी और प्रत्येक अमावस्या को महाप्रसाद का होगा वितरण

### श्री बालाजी मंदिर द्वारा संत समागम संपन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित श्री नरसिंह लक्ष्मण झूला मंदिर परिसर में संत समागम का आयोजन श्री बालाजी मंदिर एवं श्री नरसिंह लक्ष्मण झूला मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

सभी महंतो ने आशीर्वचन स्वरूप श्री बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक कृपा शंकर तिवारी, को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा परिक्रमा मार्ग में प्रत्येक रविवार को खिचडी वितरण एवं प्रत्येक अमावस्या को महाप्रसाद वितरण के कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही उनके प्रमुख सहयोगी गया प्रसाद द्विवेदी एवं डॉ. मनोज द्विवेदी को भी संत महात्माओं ने आशीर्वाद प्रदान किया। श्री बालाजी मंदिर कर्वी चित्रकूट एवं श्री नरसिंह लक्ष्मण झूला मंदिर के व्यवस्थापक कृपा शंकर तिवारी और गया प्रसाद द्विवेदी ने साधु संतों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज द्विवेदी ने किया। श्री बालाजी मंदिर धुस के मैदान के निकट स्थित है। यह मंदिर नाथ पंथ के प्रणेता स्वामी मछिंद्रनाथ महाराज द्वारा लगभग 5 हजार वर्ष पुरानी नाथ पीठ (नाथ गद्दी) है। इस मंदिर में श्री गुप्त नाथ की जीवंत समाधि है। योगाभ्यानंद माधव नाथ नाथ पंथ के अलौकिक संत थे। जिनका जन्म इसी मंदिर में हुआ था। इसके बाद इस पीठ पर विद्यमान अधिपति योगेश्वरानंद डॉ. मंगल नाथ महाराज को 9 वर्ष की आयु में द्वारिका पीठ के शंकराचार्य ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को 3 अप्रैल 1946 को शुभ मुहूर्त में पीठासीन किया।

सीमा तिवारी ने मंदिर की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि यह मंदिर वीरान पडा था जिसे मंदिर के व्यवस्थापक कृपा शंकर तिवारी महाराज ने जागृत कर दिया। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने भी बालाजी मंदिर से सम्बन्धित अपने संस्मरण साझा किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक प्रोफेसर डॉ गोविंद त्रिपाठी ने कहा कि वह अपनी मातृभूमि प्रति माह आते हैं। वह अमेरिका सहित अनेक देशों में रहे, लेकिन जो सकून चित्रकूट में मिलता है वह और कहीं नहीं मिलता। उन्होंने खिचडी वितरण अपना सहयोग भी किया। इस मौके पर श्री कामदगिरि पीठ चित्रकूट धाम के उप पीठाधीश्वर मदन गोपाल दास महाराज, निर्मोही अखाडा के महंत दीनदयाल दास महाराज, संतोषी अखाडा के महंत राम दास महाराज, भरत मंदिर रामघाट के महंत दिव्य जीवन दास महाराज, निर्वाणी अखाडा के महंत आदित्य नारायण दास महाराज, भरत मिलाप के राममनोहर दास महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के छेदीलाल गौतम, प्रख्यात भागवत कथा व्यास आचार्य नवलेश दीक्षित, हनुमान भक्त सुदामा तिवारी महाराज, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया, महामंत्री अश्विनी अवस्थी, पूर्व प्रधान भगनपुर अवधनारायण त्रिपाठी, सेमरिया के नमोनारायण मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मारपीट करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी उल्लेखनीय है कि बीती 9 सितम्बर वादिया तुलसा पुत्री विजय बहादुर निवासी सढ़ का पुरवा मजरा चैरा ने थाना पहाड़ी में सूचना दी कि विपक्षीगणों द्वारा लाठी, डंडा व बरछी से वादी के पिता विजय बहादुर (48) व चाचा भुजवल पुत्रगण निर्पत यादव को घेरकर हत्या करने के उद्देश्य से गाली गलौज करते हुये लाठी डंडों व बरछी से मारपीट कर वादी के पिता विजय बहादुर की हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहाडी थाना में हरिशचन्द्र और अन्य 15 के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर पहाडी थाना प्रभारी निरीक्षक पहाडी नागेन्द्र कुमार नागर को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया। पहाडी थाना प्रभारी प्रभारी निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा धोविन पुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय से रामअभिलाष उर्फ दादू पुत्र हरिश्चन्द्र, रामलखन पुत्र जुगुल किशोर, शिवफल पुत्र जुगुल किशोर, रामफल पुत्र रामकिशोर, गजराज उर्फ नौमी शंकर पुत्र कल्लू, चट्टू उर्फ देव नारायन यादव पुत्र रामकिशोर व सत्तू उर्फ श्यामफल पुत्र रामकिशोर निवासीगण सढ का पुरवा मजरा चैरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 4 लाठियां बरामद की गयी। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक रविकान्त राय, आरक्षी विनोद कुमार, गुड्डु यादव, दीपक, नरेन्द्र, सूर्यकान्त यादव, अनिकेत कुमार, संजीव सोनी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने जनपद मे भारी वर्षा व वज्रपात की संभावना की तैयारी का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जिलाधिकारी ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, मौसम विज्ञान विभग तथा प्रदेश के मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जनपद मे भारी वर्षा व वज्रपात की आसंका पर जनपद की सभी तहसीलो के उपजिलाधिकारी को पत्राचार करके निर्देशित किया है कि जलभराव, यातायात बाधित, बिजली सेवा बाधा, नदियो के जल स्तर बढोत्तरी जैसी समस्याओ से निपटने के लिए पहले से ही तैयारी कर ले व आम जन मानस को भी चेतावनी दे दे।बताते चले कि जनपद मे पिछले तीन दिनो से भारी मध्यम बरसात लगातार हो रही है। वही मौसम विभाग ने भारी वर्षा व बज्रपात की चेतावनी दे रहा है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियो को एलर्ट करते हुये निर्देशित किया है कि सम्भावित भारी वर्षा और बज्रपात से जलभराव से यातायात न बधित होने पाये और विद्युत सेवा मे बाधा न हो तथा नदियो के जल स्तर बढने से आम लोगो को परेशानी तथा जानमाल के नुकसान से बचने के लिए जहॉ आम जनो को एलर्ट रहने की चेतावनी के लिए निर्देशित करे।

वही स्थानीय कर्मचारी सम्भावित ग्राम सभाओ जाडे का पुरवा, बिन्दकी फार्म, बेनीखेडा, सदनहा, पल्टू का पुरवा, कोर्राकनक, मैनाही डेरा, ललौली, गुरवल, दामपुर, महावतपुर असहट एवं बरार मे रहने वाले नागरिको को सावधानी एवं रहने के उचित सलाह दे और सुरक्षा की व्यवस्था करे। जिससे कि किसी प्रकार की जानमाल का नुकसान न हो।

# दहेज उत्पीड़न के मुकदमें में फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

दहेज उत्पीड़न के मुकदमें में फरार अभियुक्त के घर कप्तानगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर धारा 82 का नोटिस चस्पा करवाया है। कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 174/2022 में भारतीय दंड संहिता की धारा 304, 323,506,3/4 डीपी एक्ट के अभियुक्त कृष्ण कुमार प्रजापति पुत्र राम अवध प्रजापति निवासी ग्राम बरवा कोटवा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कृष्ण कुमार की शादी पिपराइच थाना जनपद गोरखपुर के जंगल अहमद अली शाह गांव निवासी संध्या प्रजापति से हुई थी जिसमें उसने कृष्ण कुमार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न से संबंधित मुकदमा दर्ज कराई थी। शादी के बाद से ही उसका पति अक्सर मारता पिटता था। इसके बाद उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। रविवार को थाना कप्तानगंज पुलिस ने न्यायालय में अभियुक्त के हाजिर न होने के बाद 82 सीआरपीसी की कार्रवाई का अनुरोध एसीजेएम न्यायालय कसया से किया था इसके बाद न्यायालय ने सीआरपीसी 82 के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया और अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा करने का निर्देश दिया था।न्यायालय के आदेश के क्रम में कप्तानगंज थाने के उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह कांस्टेबल रविन्द्र यादव अभियुक्त के घर पहुंचकर न्यायालय द्वारा 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा कराया।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) मलिहाबाद, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 959/2023
तारीख पेशी- 03.10.2023
**श्रीमती ललित सहाय**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 प्रेम कुमारी**

श्रीमती ललित सहाय आयु लगभग 70 (सत्तर) पत्नी कौशलेन्द्र सहाय, निवासी, मकान नं0-697 (छः सौ सत्तानवें) दूसरी गली, निकट सिटी मान्टेसरी स्कूल, राजेन्द्रनगर, थाना-नाका हिन्डोला पुराना थाना- आलमबाग, लखनऊ (उ0प्र0)।

.....प्रार्थिनी

**बनाम**

1- जायदाद स्व0 प्रेम कुमारी पत्नी राम जी श्रीवास्तव निवासिनी 317 हरी नगर, दुगावां, शहर लखनऊ (उ0प्र0), 2- कुसुम चन्द्रा आयु लगभग 74 (चौहत्तर) वर्ष पत्नी स्व0 राकेश चन्द्रा, निवासिनी मकान नं0-697 (छः सौ सत्तानवें) दूसरी गली, निकट सिटी मान्टेसरी स्कूल, राजेन्द्रनगर, थाना-नाका हिन्डोला पुराना थाना-आलमबाग, लखनऊ (उ0प्र0)।

......विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **03.10.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **29.08.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

**-मोहर अदालत**

# ई-रिक्शा व मोबाइल लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ई-रिक्शा व मोबाइल लूट का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। जबकि दो अभियुक्त अभी भी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहा हैं। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि सात सितंबर को बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ई-रिक्शा चालक देवेंद्र कुमार अपरान्ह करीब तीन बजे पहरवापुर से बिंदकी के लिए चार सवारियां लेकर जा रहा था। रास्ते में ई-रिक्शा रोक कर सवारियों ने चाट व कोल्ड्रिंक लेकर खाया। चालक को नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। कुछ दूर चलने पर उसके साथ मारपीट कर मोबाइल रूपये व ई-रिक्शा लूटकर फरार हो गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दिया। तभी मुखबिर की सूचना पर रोशन अवस्थी पुत्र राज बिहारी अवस्थी निवासी योगेंद्र बिहार मुहल्ला खांडेपुर दयानंद स्कूल के पीछे थाना हनुमंत बिहार जनपद कानपुर नगर व अभिषेक गुप्ता पुत्र चंद्रभान गुप्ता निवासी मुहल्ला सागरपुरी जयभारत स्कूल के पीछे थाना हनुमंत बिहार जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने ई-रिक्शा व मोबाइल लूट की घटना को कबूल करते हुए बताया कि लूट में शिवम सोनी उर्फ छोटू पुत्र मुन्ना सोनी निवासी ग्राम बहरौली थाना बिंदकी व सूरज बाजपेई उर्फ भोला पुत्र कृष्ण बाजपेई निवासी 137 संजय गांधी नगर थाना हनुमंत बिहार जनपद कानपुर नगर भी शामिल थे। दोनों अभी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस कर रही है। पकड़े गये दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में लूटा गया माल बरामद किया। एसपी ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं। वह पहले भी आपराधिक घटनाएं कर चुके हैं। अभियुक्त रोशन पूर्व में हत्या सहित लूट के मुकदमें में जेल जा चुका है। यह लोग राह चलते लोगों से लूट की वारदात को अंजाम देते थे। दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौरिया, विकास खण्ड मानिकपुर, जनपद चित्रकूट**

पत्रांक : मेमो./राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/निविदा/2022-23 दिनांकः 11/09/2023

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अर्न्तगत **ग्राम पंचायत गौरिया, वि.खं. मानिकपुर, जनपद चित्रकूट** की स्वीकृत कार्य योजना 2022-23 में निम्नलिखित कार्य निर्माण हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा **दिनांक 12/09/2023 से दिनांक 15.09.2023 तक अपराहन 3 बजे** अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा प्राप्त निविदायें उसी दिन अर्थात **दिनांक 15.09.2023 को अपराहन 5 बजे** समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत रु0 में | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत गौरिया में लोकनाथ के घर से शिवहरी के घर की ओर इण्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 3.53 लाख | 15 दिन |

**नियम व शर्तें**:- 1. उपरोक्त कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य कराये जायेंगे।, 2. निविदाकर्ता कार्यालय दिवस में **सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 15/09/2023 तक** निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।, 3. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना टिन नम्बर व पैन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।, 4. **दिनांक 23/01/2023 को** यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।, 5. निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।, 6. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान : (रानी देवी)**
**ग्राम पंचायत : गौरिया,** वि.खं.: मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट

**सचिव : (उत्कर्ष सिंह)**
**ग्राम पंचायत : गौरिया,** वि.खं.: मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट

# 16 तक चलाया जाएगा टीकाकरण अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले आईएमआई 5.0 सोमवार से 16 सितम्बर तक आयोजित होने वाले टीकाकरण अभियान में द्वितीय चरण के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए सोमवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्वी के टीकाकरण क्षेत्र के अन्तर्गत भैरोपागा, जानकीपुरी में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी द्वारा टीकाकरण अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। टीकाकरण के अन्तर्गत पूर्ण आच्छादित बच्चों की संख्या में लगातार गिरावट पाये जाने के कारण भारत सरकार द्वारा मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे देश को चिन्हित किया गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश में यह साप्ताहिक टीकाकरण अभियान माह अगस्त, सितम्बर एंव



अक्टूबर में संचालित होना है। माह अगस्त में यह अभियान 7 से 12 अगस्त तक प्रथम चरण के रूप में संचालित किया जा चुका है। अभियान के माध्यम से 0-5 वर्ष तक के बच्चो एंव गभर्वती महिलाओं को प्रतिरक्षित किया जायेगा। ताकि शासन की मंशानुसार माह दिसम्बर 2023 तक मिजिल्स रूबेला बीमारी का उन्मूलन किया जा सके।

टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए समस्त जनपद की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। माह सितम्बर अभियान के लिए कार्ययोजना के अनुसार 0-5 वर्ष तक के कुल 4925 बच्चो एंव 1137 गर्भवती महिलाए कार्ययोजना में लक्षित की गयी है। लक्षित लाभार्थियों बच्चों एंव महिलाओं को चरण के दौरान प्रतिरक्षित किया जाना है। सितम्बर 2023 आईएमआई 5.0 अभियान के लिए जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयों में कुल 741 सत्र आयोजित किये गये है। जिसमें समस्त लाभार्थियों का वैक्सीनेशन का कार्य एएनएम द्वारा आशा एंव आगनबाडी कार्यकर्तियों के सहयोग से कराया जायेगा।

इस मौके पर जिला स्तरीय चिकित्साधिकारियों में डॉ. महेन्द्र कुमार जतारया, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आरसीएच, डॉ. जीआर रतमेले, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी राजेन्द्र कुमार, दिलीप द्विवेदी, कुसुम श्रीवास्तव, आरके करवरिया, नरोत्तम सिंह, रूपनरायण यादव, गर्व तिवारी, अभिलाष खरे आदि मौजूद रहे।

# तमंचा व कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को दो तमंचा व कातूस के साथ गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक प्रभाशंकर सचान व आरक्षी सचिन यादव, कमलेश यादव द्वारा अरमान उर्फ इदरीश पुत्र तौहीद निवासी कृषि विभाग केन्द्र बाईपास मझगवां, छोटू उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र चुनवाद उर्फ बलराम निवासी नई बस्ती समुदायिक केन्द्र स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां जिला सतना मध्य प्रदेश को दो तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना मारकुण्डी में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 10-15 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.2 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 94 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 9.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 3.4

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# पप्पू स्मार्ट और अशरफ के गुर्गों ने दिनदहाड़े बुजुर्ग को मारी गोली

*** गोलीकांड का शिकार हुए बुजुर्ग की हालत गंभीर**

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** माफिया अतीक अहमद (चकिया)और अशरफ इस समय दुनिया में नहीं हैं। लेकिन उनके गुर्गे अभी भी पूरे प्रदेश में आतंक का नंगा नाच कर रहे हैं। अतीक के भाई अशरफ और कानपुर में टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल नाम पप्पू स्मार्ट गैंग के गुर्गों ने बीते दिन रविवार को थाना जाजमऊ क्षेत्र में एक 50 वर्षीय बुजुर्ग को अपनी दहशतगर्दी का शिकार बना लिया। दिनदहाड़े बुजुर्ग को गोलियां मार कर तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। इस हृदय विदारक घटना ने एक बार फिर कानपुर कमिश्न रेट पुलिस की काबिलियत पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के



अनुसार थाना जाजमऊ क्षेत्र स्थित गल्ला गोदाम निवासी शहाबुद्दीन बरकाती उम्र लगभग 50 वर्ष बीते दिन रविवार को लगभग 7 बजे सायंकाल अपने घर पर बैठे हुए थे अचानक से उनके घर पर नावेद, शाहीद, आरिश खान, नजीर खान, जान मोहम्मद, अयान, सौफ, अकील अन्सारी निवासी गल्ला गोदाम एक साथ आये और गाली गलौज करते हुये अवैध असलहे से गोली मार फरार हो गए। गोली शहाबुद्दीन के चेहरे पर सामने लगी और वह उसी जगह पर गिर पड़े। इस गोली कांड ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल सा बना कर रख दिया था। सूचना मिलते ही मौके पर जाजमऊ कोतवाल के साथ-साथ एसीपी कैंट बृज नारायण सिंह भी पहुंचे और तत्काल शहाबुद्दीन को निजी अस्पताल में भर्ती कराते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ धर पकड़ की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।







**आरोपी माफिया अतीक के भाई अशरफ और कानपुर के टॉप टेन अपराधी पप्पू स्मार्ट के हैं गुर्गे**

थाना जाजमऊ क्षेत्र में गोली कांड की घटना को अंजाम देने वाले कुछ आरोपी माफिया अतीक अहमद चकिया के भाई अशरफ और कानपुर औद्योगिक नगरी के टॉप टेन बदमाशों की लिस्ट में शामिल नाम पप्पू स्मार्ट के खास गुर्गे हैं। इन लोगों के द्वारा कई घटनाओं को पहले भी अंजाम दिया गया है लेकिन अशरफ और पप्पू स्मार्ट के साथ-साथ कई अन्य सफेद पोशों का हाथ होने के कारण इनके खिलाफ मुकदमे ही नहीं लिखे जाते थे। जमीन खाली करने से लेकर हत्या करने तक का काम यह सब आरोपी बाखूबी करते थे।

**घटना के तीन दिन पहले आरोपियों के इशारे पर पीड़ितों को ही जाजमऊ कोतवाली में किया गया था बंद**

गोलीकांड का शिकार हुए शहाबुद्दीन के पुत्र आकिब बरकाती द्वारा बताया गया कि उनके पिता को गोली मारे जाने से ठीक 3 दिन पहले इन्हीं आरोपियों के कहने पर उन्हें जाजमऊ कोतवाली में उस समय बंद कर दिया गया था जब वह न्याय और सुरक्षा मांगने जाजमऊ पहुंचें थे।

## कानपुर कचेहरी में

# न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता न्याय न मिलने तक जारी रहेगा विरोध





जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज के मामले में पूर्व अध्यक्ष और कई सदस्यों के विरोध के बाद उप्र बार काउंसिल की वर्चुअल बैठक हुई। नौ सितंबर की शाम सदस्य सचिव जय नारायण पांडेय ने रात नौ बजे वर्चुअल बैठक बुलाई बैठक में हड़ताल वापस लेने का सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बार काउंसिल बैकफुट पर आई और हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया। बार के अध्यक्ष की ओर से कहा गया कि 11 और 12 सितंबर को अधिवक्ता काम नहीं करेंगे। बार कौंसिल ऑफ यूपी के ऐलान पर कानपुर में भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और हड़ताल जारी रखी। कचहरी परिसर में वकीलों के चेंबर तो खुले लेकिन उन्होंने न्यायालय संबंधी जुड़े हुए कामों को नहीं किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक हापुड़ में हुई घटना के मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर उचित कार्रवाई नहीं की जाएगी। तब तक अधिवक्ताओं के हित में लड़ाई जारी रहेगी।

वकीलों पर लाठी चार्ज और बिना सदस्यों की सहमति के हड़ताल वापसी के विरोध में रविवार रात उप्र बार काउंसिल के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता सम्मान और आंदोलन के समर्थन में मैं अपने पद से त्यागपत्र दे रहा हूं। हापुड़ प्रकरण में आंदोलन चलना चाहिए क्यों कि अधिवक्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। न्याय न मिलने तक विरोध रहेगा जारी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विधि संकाय की सांय कालीन कक्षाएं शुरू करने की मांग

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कानपुर जनपद में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा विधि स्नातक की सांय कालीन कक्षाएं पून- प्रारंभ किए जाने की मांग की गई है। जिससे राज्य कर्मचारी एवं शिक्षक विधि स्नातक की पढ़ाई कर सकें। संगठन के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में सीएसजेएमयू कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक से पत्र द्वारा मांग की गई है।

### धूम धाम से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव, झूमे भक्त

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** श्री राधा कृष्ण मन्दिर एवं जय जवान क्षेत्रीय नवयुवक समिति द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव सोमवार को नटखट लड्डू गोपाल की झांकी के साथ ही खाटू श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। ज्योति प्रज्वलन के बाद सत्येन्द्र त्रिवेदी ने गणेश वन्दना और बाला महाराज की वन्दना के बाद खाटू नरेश के भजन मेरी हार नहीं होगी से गुणगान शुरू किया। सोनू सुरीले के भजन सेठों का सेठ खाटू नरेश से भक्तों के बीच समां बांधा। अभिषेक शुक्ला के जोशीले भजन मैं फिर से फिर से खाटू आ गया है ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंकिता ने छाएं काली घटाएं भजन से दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। बडी संख्या में श्रद्धालुओं और श्याम प्रेमियों ने देर रात तक कीर्तन कर अपने आराध्य खाटू नरेश और बांके बिहारी-राधा रानी को रिझाया। सांवरिया सेठ को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा इत्र वर्षा से माहौल महक उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकिशोर द्विवेदी, अजय वर्मा, सुरेश गुप्ता, अभिषेक मिश्र, शुभम द्विवेदी और अमित अग्रवाल के साथ ही जय जवान क्षेत्रीय नवयुवक समिति तथा श्री श्याम सखा, श्री श्याम सखी मण्डल के हजारों भक्त मौजूद रहे।



### इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप 2023 का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** एस जे एजुकेशन सेंटर हंसपुरम में आयोजित हुई इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों से 300 से अधिक स्टूडेंट ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एस जे एजुकेशन सेंटर के स्टूडेंट ने फर्स्ट पोजीशन हासिल किया वहीं उत्तम पब्लिक स्कूल ने सेकंड पोजीशन एव ऑक्सफोर्ड मॉडल स्कूल ने थर्ड पोजिशन पर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एस जे ग्रुप के सुबोध कटिहार ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस मौके पर एस जे प्रिंसिपल दिवेश अवस्थी, आईआईटी एस एल यादव ,साईं ग्रुप रीना सिंह चौहान ,एवं ऑफिशियल के रूप में मनोज कुमार तोमर योगाचार्य संजय कुमार राज वर्मा, कुलदीप वर्मा, दीपिका कुमारी नितिन सिंह नेहा देवी अन्य स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# देश आजाद होने के बाद हिंदी पखवाड़ा व हिंदी दिवस मनाने की जरूरत दुर्भाग्यपूर्ण है: पाठक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत सोमवार को विश्वविद्यालय के दीनदयाल सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद भी हमें आज हिंदी पखवाड़ा व हिंदी दिवस मनाने की जरूरत पड़ती है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदी और संस्कृति एक भाषा बनकर रह गई है। हिंदी में कई महान प्रखर लेखक व कवि रहे हैं, लेकिन आज लोग इसे पढ़ने मे भी कतराते हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दी में प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी विषयों पर कार्य होना जरूरी



है ताकि मूलभाषा पर लोगों की रुचि बनी रहे। अपनी भाषा तथा उस पर कार्य सिर्फ व्याख्यान तक न हो किंतु उस पर अमल भी हो।प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि विश्व भर में लगभग 70 करोड़ लोग हिन्दी बोलते हैं तथा 115 देशों में हिन्दी के विभाग है हिन्दी विश्व भर में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने हिंदी की 20 विभिन्न भाषाओं तथा प्रकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जो मां से जुड़ी है और हमें भावुक कर देती है।ऑनलाइन माध्यम से जुड़े प्रो. गिरीश नाथ झा ने कहा कि हम हिन्दी भाषा को तकनीकी रूप से अन्य भाषाओं से जोड़ कर उसे प्रखर बना सकते हैं। उन्होंने हिंदी भाषा की उपभाषाओं के बारे में भी जानकारी दी तथा सर्वसमावेशी हिन्दी पोर्टल पर चर्चा करते हुए उसके उपयोग एवं भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रो. नंद किशोर पांडे ने कहा कि हिन्दी माध्यम व अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने वालों का अनुपात 1:5 है लेकिन आज भी लोग अंग्रेजी बोलने व पढ़ने के बाद वो हासिल नहीं कर पाए जो वह मूल भाषा से पढ़कर कर सकते हैं।

# मौत का रास्ता: नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही से हो सकती है बड़ी घटना

जन एक्सप्रेस। अरुण गौतम

**कानपुर नगर।** कानपुर नगर निगम अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा है, जहां देखो वहां शहर में कहीं पर नाले तो कहीं पर गड्ढे खुले पड़े है जो आए दिन दुर्घटना की वजह बने हुए है। कल्याणपुर क्षेत्र में कई जगह नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण नाली बनवाई जाने के लिए गड्ढे खोदे गए थे लेकिन अभी तक इसके मरम्मत नहीं की गई। नगर निगम के अधिकारी अपनी लापरवाही की वजह से आए दिन अखबारों की सुर्खियों में रहते हैं। ऐसा ही एक बड़ी लापरवाही कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज बरसैतपुर रोड में देखने को मिली है। जहां करीब





1 महीने पहले नाला जाम की समस्या हो गईं थीं। जिसके बाद नगर निगम ने मेट्रो को बुलाया और जेसीबी मशीन के द्वारा पुलिया को तोड़कर पूरा मलबा साफ करा दिया और मेट्रो को इसका निर्माण कराने को कहां लेकिन अभी तक न तो नगर निगम और न ही मेट्रो द्वारा इस पुलिया का निर्माण कराया गया। हालत यह है कि आए दिन इस रास्ते से गुजरने वाले राजगीर खुदी पड़ी नाली में गिरकर चोटहिल होते हैं। जिसके कारण क्षेत्रीय लोगो के साथ ही आने जाने वाले लोगो को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि नगर निगम के अधिकारियों को किसी बड़ी घटना के होने का इंतजार है।






हर परिवार, करे मच्छरों पर वार

मलेरिया, डेंगू, जैपनीज इन्सेफेलाइटिस, चिकनगुनिया एवं फाइलेरिया मच्छरजनित रोग हैं और मच्छरों के काटने से फैलते हैं।

स्वस्थ व्यवहार अपनाएं, मच्छरजनित रोगों को हराएं

**क्या करें**

1. पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें।
2. सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।
3. मच्छरों से बचाव हेतु घर के दरवाजों, खिड़कियों पर जाली लगवाएं।
4. व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखें।
5. सुअर/जानवर बाड़ों की नियमित सफाई करें तथा उन्हें घर से दूर रखें।
6. पानी की टंकी को ढक कर रखें।
7. फूलदान-गमलों एवं कूलर का पानी साप्ताहिक अन्तराल पर बदलते रहें।
8. नालियों की साफ-सफाई रखें व अपशिष्ट पदार्थों का उचित निस्तारण करें।

**क्या न करें**

1. खुले में शौच करना।
2. घर और कार्यस्थल के आस-पास पानी जमा होने देना।
3. सुबह व शाम के समय घर के खिड़की-दरवाजों को खुला छोड़ना।
4. पुराने एवं खराब सामान को छत पर रखना।
5. पुराने टायर, प्लास्टिक के कप, फ्रिज की ट्रे, बोतलों, कबाड़, फूलदानों आदि में पानी इकट्ठा होने देना।
6. बुखार आने पर लापरवाही करना और बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा का सेवन करना।

Call 108

बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाएं। कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है।

ध्यान रखें

डेंगू के हर रोगी को प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं होती है।

बुखार होने की स्थिति में निकटतम सरकारी अस्पताल/मान्यता प्राप्त चिकित्सक से ही सम्पर्क करें, स्वयं उपचार न करें।

किसी भी प्रकार की सहायता हेतु जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय/कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क करें।

मच्छरजनित/संचारी रोगों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कॉल करें

हेल्पलाइन नम्बर 1800-180-5145

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ.प्र. | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. | टोल फ्री नं.: 104

Follow us on twitter.com/nhm_up facebook.com/NationalHealthMissionUttarPradesh youtube.com/c/NHMUPIEC nhm.up

# बैक ऑफ बड़ौदा में उपभोक्ताओं की हैरानी

## * सड़क पर खड़ी करते हैं बाईक और साईकिल

जन एक्सप्रेस | अमेठी

बैक ऑफ बड़ौदा अमेठी शाखा में उपभोक्ता परेशान नजर आते हैं। ग्राहक को देवता माना जाता है।लेकिन इस बैक शाखा में ऐसा कुछ नजर नही आता है। बैक शाखा में ग्राहक सुविधाओ को लेकर आजिज हो चले हैं। नियम कानून का पालन इस बैक के कर्मचारी नही करते हैं । फसली लोन लेने के लिए ग्राहक परेशान नजर आते हैं। किसान केडिट कार्ड बनवाने के लिए बैंक कर्मचारी किसान की बात सुनने को राजी नही है। स्टीक जानकारी भी नही दी जाती।सरकार की मंशा है कि प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक ग्राहक की समस्याओ का निस्तारण सुनिश्चित करें। लेकिन किसान और उपभोक्ता दोनो परेशान नजर आते हैं। शाखा प्रबंधक मृतक उपभोक्ताओ के आश्रितो की बात सुनते ही नहीं। यह जिम्मेदारी फील्ड अफीसर को सौप रखी है। फील्ड अफीसर अक्सर बैक से नदारद रहते है। फील्ड अफीसर के मोबाइल नंबर




और शाखा प्रबंधक के मोबाइल फोन नंबर ग्राहक को देने से बैक ऑफिस के कर्मचारी साफ इंकार करते हैं। मोबाइल फोन नंबर ना देने से ग्राहक परेशान रहते हैं। बैक शाखा में शाखा प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक,प्रधान प्रबंधक मुख्य शाखा के फोन नंबर भी नही दर्ज है। किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने मे, लोन लेने में खेल चल रहा है।

सुरक्षा गार्ड भी बैक अधिकारियो के फोन बताने से साफ इंकार कर देते हैं। पटल सहायक ने मोबाइल फोन नंबर शाखा प्रबंधक और फील्ड अफीसर देने से साफ इंकार किया। बैंक ऑफिस में शाखा प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन कुर्सी खाली रही।बातचीत की गई की कहां गये। पता नही है। अभी आ जायेगे। आधे घण्टे तक इंतजार किया गया। बैक आफ बडौदा शाखा अमेठी,अमेठी-दुर्गापुर मुख्य मार्ग पर स्थित है। वाईक और साईकिल का स्टैण्ड ना होने से ग्राहक सडक पर वाहन खडा करते है। जिससे भारी वाहन के आवागमन में लोगो को परेशानी होती है।थाना कोतवाली अमेठी के हल्का दरोगा ने कहा कि अर्से से बैक शाखा के सामने लोग वाहन खडी करते हैं। रोडवेज बस ट्रक,चार पहिया वाहन के आने जाने मे दिक्कत होती है। बैंक के इर्द-गिर्द छिनैती वाले भी हाथ साफ कर सकते हैं। शिकायत मिली तो बैक प्रबंधन से समस्या को लेकर बात करेंगे। फिलहाल समस्या बैक में है।

# भारत विकास परिषद का गुरु वंदन कार्यक्रम राइजिंग चाइल्ड स्कूल में संपन्न




जन एक्सप्रेस | रायबरेली

शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल मे भारत विकास परिषद की ओर से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई और पूर्व अध्यक्ष डॉ. अमिता खुबेले ने भारत विकास परिषद द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दिया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के संयोजक एवं विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने पूरे भारत में चलाए जा रहे गुरु वंदन कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया। विद्यालय के सभी बच्चों को जीवन में नेक और संस्कारवान बनाए जाने के लिए डॉ. गीता कुमार द्वारा शपथ दिलाई गई। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में जहां आराध्या सिंह का सम्मान किया गया, वहीं खेलकूद के क्षेत्र में रुद्र प्रताप सिंह का अभिनंदन किया गया।

विद्यालय की बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा एंजेल पटेल को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के होनहार और मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के साथ-साथ समारोह में विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका स्मृति बाजपेई और सारा विल्डन का भी अभिनंदन, भारत विकास परिषद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष इंजी. राकेश मिश्रा, मनोज महेश्वरी, सचिव राजा राम मौर्य, प्रखर गुप्ता, डॉ. विपिन गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र नाथ हरि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लग्जरी कार वाले बकरी चोर सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

जन एक्सप्रेस | तिलोई,अमेठी

कहते हैं कि समय रोज रोज बड़ा हाईटेक होता जा रहा है। इस मामले में चोर भी कितना हाईटेक होते जा रहे हैं। इसका जीता जागता नमूना अमेठी में देखने में तब आया जब स्विफ्ट डिजायर कार सवार चार लोग रात के दो बजे सड़क किनारे बनी एक झोपड़ी के पास पहुंचे और एक बकरी को गोद में उठाकर कार में लादकर भाग निकले। चोरों के जाते ही पास में ही सो रहे बकरी मालिक को जानकारी हुई तो तीन किलोमीटर तक चोरों का पीछा भी किया।लेकिन कार सवार चोर भाग निकले।

घटना अमेठी के जायस कोतवाली क्षेत्र कस्बे के मोहल्ला चौधराना की है। सड़क के किनारे महफूज अहमद ने झोपड़ी डाल रखी है। जिसमें अपनी बकरियों को बांधा करते थे। रात दो बजे आए लग्जरी कार सवार बकरी चोरों ने सड़क किनारे कार खड़ी कर दी। धीरे धीरे एक एक कर तीन चोर



कार से नीचे उतरे,एक चोर कार के पास तो दूसरा चोर सड़क उस पार खड़े एक ट्रैक्टर के पास में खड़ा हुआ।तीसरा चोर धीरे धीरे महफूज अहमद की झोपड़ी के पहुंचा।और वहां बंधी एक बकरी की रस्सी खोलकर बकरी को गोद में उठाकर कार की तरफ जल्दी जल्दी पहुंचा,बकरी को कार में लादा और फरार हो गए। बकरी चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।कार स्टार्ट होने व बकरी के मिमियाने की आवाज सुन महफूज अहमद की नींद खुल गई। बकरी चोरों के जाते ही महफूज अहमद ने चोरों का पीछा लगभग तीन किलोमीटर तक किया लेकिन चोर फरार होने में कामयाब रहे। महफूज अहमद ने पूरे मामले की लिखित तहरीर जायस थाने में दे दी है। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खुलासा करने के प्रयास में लगी हुई है।

# भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | अमेठी

अवैध रूप से शराब तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध अभिसूचना संकलन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आईसर वाहन सं एनएल01के9793 ट्रक से कुछ लोग चण्डीगढ़ से अवैध शराब की तस्करी कर बिहार ले जा रहे हैं।रविवार शाम को सूचना पर कार्यवाही करते हुये अभिनेश कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराही व उपनिरीक्षक एसटीएफ टीम यूनिट प्रयागराज मय हमराही द्वारा चेकिंग लगाकर ट्रक को पलिया पश्चिम मोड़ के पास रोक लिया गया। चालक व अन्य व्यक्तियों को गाड़ी से उतारकर नाम पता पूंछा गया तो चालक ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह पुत्र नक्षतर सिंह ग्राम बाड़ा पोस्ट कुलदीपनगर थाना सदर जनपद अंबाला हरियाणा उम्र करीब 30 वर्ष बताया व दूसरे व्यक्ति सहचालक ने अपना नाम कृष्ण पुत्र रामनाथ उम्र करीब 25 वर्ष व तीसरे ने अपना नाम आसु पुत्र



ओमप्रकाश उम्र करीब 24 वर्ष बताया। वाहन में लदे माल की बिल्टी तलब की गई तो दिखा ना सके।ट्रक की तलाशी से 750 मि.ली. की 374 पेटियों में कुल 4,488 बोतल व 375 मि.ली. की 257 पेटियों में कुल 6168 बोतल इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की शराब बरामद हुई । जिसके कागज मांगने पर दिखा ना सके। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त गुरप्रीत सिंह ने बताया कि हम लोग यह शराब चण्डीगढ़ से बिहार बेचने हेतु ले जा रहे हैं। ट्रक के केबिन के अन्दर से एक अदद नंबर प्लेट एनएल01के9793 बरामद हुआ।जिसके बारे में पूछने पर बताया कि जो नंबर प्लेट ट्रक में लगी हुई है वह कूटरचित है एवं यह नंबर प्लेट वास्तविक है। अवैध तस्करी में मेरे साथ पवन कुमार पुत्र रामफल निवासी 349 वीपीओ खेरातीखेड़ा शहर फतेहाबाद हरियाणा, मनवीर सिंह उर्फ मनु पुत्र सत्यभान सिंह निवासी बयानाखेड़ा 16 हिसार हरियाणा योगेश पुत्र अज्ञात निवासी जीरखपुरचण्डीगढ़ मिलकर यह कारोबार काफी समय से कर रहे हैं।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जेल निरीक्षण




जन एक्सप्रेस | रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जजध्सचिव ने प्रभारी जेल अधीक्षक श्रीमती सत्य प्रकाश से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण में कुल 1294 बन्दी निरुद्ध बताये गये। दौरान निरीक्षण अपर जिला जजध्सचिव द्वारा पाकशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत पुरुष बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, उपकारापाल कुँवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह, व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# स्कूल की जमीन पर भूमामियाओं ने किया कब्जा, मुख्यमंत्री से शिकायत

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

जिले में अभी तक बंजर, ग्राम समाज आदि जैसी भूमि पर ही भूमाफिया कब्जा करते थे पर बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली गांव स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल के सामने की जमीन पर भूमाफिया सहजादे उर्फ इमरान ने जबरन जुताई कर स्कूल का रास्ता अवरुद्ध कर कब्जा कर रखा था। जिससे स्कूल आने-जाने बच्चों को परेशानी है।

स्कूल में हो रहे बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य को भी इन दबंगों द्वारा रोक दिया गया है। गांव के ही समसुज्मा ने सरकारी भूमि की गाटा संख्या 1492,1493 व 1510 पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। मोहम्मद अलीम, मोहम्मद नईम व मोहम्मद कलीम द्वारा गाटा संख्या 445, 446, 650, 679 व 962 पर अवैध कब्जा कर लिया है और उसमें लगे दर्जनों पेड़ो का काट कर उठा ले गये। जिसे कब्जा मुक्त करवाने के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य शाकिर अब्बास ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली गांव स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल की जमीन पर गांव के दबंगों ने पूर्व में जोतकर कब्जा किया है। और अब स्कूल की बाउंड्री वाल के निर्माण को भी अपनी दबंगई के बल पर रोक दिया है। इमरान उर्फ सहजादे ने इसी स्कूल पास में ग्राम सभा की ज़मीन में अपने पिता को दफ़न करके क़ब्र बनाकर कुछ दिन पूर्व एक और ग्राम सभा की ज़मीन को क़ब्ज़ा कर लिया है। इसकी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शाकिर अब्बास ने मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की थी। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में एसडीएम विदुषी सिंह ने कहा विद्यालय की जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन सभी से स्कूल की जमीन कब्जा मुक्त करा कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम विदुषी सिंह ने कहा विद्यालय की जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन सभी से स्कूल की जमीन कब्जा मुक्त करा कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम–एसपी ने मुट्ठी भर मिट्टी या चुटकी भर अक्षत संग्रहण कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

डीएम जसजीत कौर व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव योजना के तहत 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' के अन्तर्गत 'मुठ्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रहण हेतु विकास खण्ड दूबेपुर, ग्राम पंचायत कटॉवा के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख दूबेपुर डिंपल सिंह, विधायक प्रतिनिधि पुलकित सिंह, खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर आशीष कुमार, भाजपा के मंडल अध्यक्ष, वि0ख0 दूबेपुर विनोद श्रीवास्तव, भाजपा मण्डल महामंत्री, वि0ख0 दूबेपुर गोविन्द त्रिपाठी, मण्डल उपाध्यक्ष विश्वनाथ यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में डीएम ने 'मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा' के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि उत्साही स्वयं सेवी ग्रामीण जनों द्वारा भव्य जुलूस निकालकर प्रत्येक घर से 'मुठ्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर से 13 अक्टूबर, 2023 तक ब्लाकों व नगर निकायों में घरों से लाई गयी 'मुठ्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल), का संग्रहण व मिश्रण बड़े कलश में भव्य सांस्कृतिक आयोजन के साथ सम्पन्न किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीत, माटी गीत व पंचप्रण की शपथ भी दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2023 के माध्यम ब्लाकों व नगर निकायों में एकत्रित किये गये अमृत कलशों को जिला मुख्यालय पर भव्य सांस्कृतिक समारोह व पंचप्रण की शपथ के साथ एकत्रित किया जायेगा।

## आकाशीय बिजली गिरने से घर की फटी छत

जन एक्सप्रेस/तिलोई,अमेठी। तहसील क्षेत्र के जयनगरा ग्राम सभा स्थित गांव रमनगरा में एक मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिरने से उसमें दरारें आ गयी और घर की विद्युत वायरिंग व उपकरण जलकर राख हो गए।रमनगरा गांव निवासी दुक्खी कोरी परिवार समेत अपने पक्के मकान में रहकर गांव में ही मेहनत मजदूरी करता है। लगातार हो रही बारिश में आकाशीय बिजली गरज के साथ उसके मकान की छत पर गिर गयी।जिससे पक्के मकान की छत में दरारें आ गयी और विजली की वायरिंग समेत उपकरण जलकर खाक हो गए। गलीमत रही कि जब बिजली गिरी तो घर के सभी सदस्य घर से बाहर बने बरामदे में थे।जिसकी सूचना पीड़ित ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल देवा को दी है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल देवा ने बताया कि छत में दरारें आयी है और इसकी सूचना हल्का लेखपाल को दी गयी है। इस बाबत लेखपाल मानस शुक्ला ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि ने बताया है जांच करने के बाद नुकसान का आकलन किया जाएगा और हर सम्भव मदद दिलाई जाएगी।

## कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला कार्यालय तिलक भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पंकज तिवारी ने कहा कि हाल में हुए उपचुनावों के परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा की जुमलों वाली सरकार से देश की जनता का मोह भंग हो गया है, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार का जाना तय है। उन्होने रायबरेली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रसंशा करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस के सिपाही डटकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है और जन विरोधी मुद्दों पर सरकार से सवाल कर रहे है। बैठक में मुख्य रूप से सुशील पासी, अतुल सिंह, वी.के. शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, महेश प्रसाद शर्मा, नौशाद हुसैन खतीब, संतोष कुमार त्रिवेदी, अजीत सिंह, विजय पटेल, अनिल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## अदालती सूचना

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) मलिहाबाद, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 384/2023
तारीख पेशी- 24.09.2023
**महेन्द्र सिंह कोहली**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 सरबजीत सिंह कोहली**

महेन्द्र सिंह कोहली आयु 80 वर्ष पुत्र गुरबक्स सिंह कोहली निवासी- बी-87, कृष्णा रिजेंसी, विष्णु पथ श्याम नगर, जयपुर, राजस्थान।

.....प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. जायदाद स्व0 सरबजीत सिंह कोहली पुत्र स्व0 गुरबक्स सिंह कोहली निवासी- 13/103 दीपक अपार्टमेंट सहारा स्टेट जानकीपुरम लखनऊ, 2. धनवन्त सिंह कोहली पुत्र स्व0 गुरबक्स सिंह कोहली निवासी- 27 Stoney view Drive Cumberland rhode island -02864 U.S.A.

......विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **24.09.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **01.05.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# मजदूरों के रोजगार को छीन रही योगी सरकार: इं0 वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव के आवाहन पर समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक द्वारा पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में समाजवादी पार्टी मजदूर सभा जिला संगठन की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने कहा कि उ0प्र0 के मजदूरों के रोजगार के अवसर भाजपा सरकार समाप्त कर रोजगार छीनने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आठ करोड़ तीस लाख पंजीकृत मजदूर है परन्तु उनमें से अधिकांश के समक्ष जीवकोपार्जन का संकट है। प्रदेश अध्यक्ष ने उ0प्र0 सरकार से मांग किया कि पंजीकृत मजदूरों को आयुष्मान कार्ड दिया जाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश



यादव ने मजदूरों के प्रोत्साहन के लिए रोजगार के अवसर के साथ मुफ्त साईकिल वितरण करने का कार्य किया था। वर्तमान भाजपा सरकार ने उन जनहित की योजनाओं को बन्द कर मजदूरों को निराश किया है। मनरेगा जैसी योजनाओं में मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बैठक में बोलते हुए समाजवादी मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष रामनेवाल ने कहा कि अक्टूबर माह में मजदूरों के समर्थन में वृहद जनसम्पर्क सप्ताह शुरू किया जायेगा। समाजवादी पार्टी मजदूरों के हित में आन्दोलन एवं प्रदर्शन भी करेगी। बैठक का संचालन मजदूर सभा के महासचिव गंगा सागर ने किया। बैठक को चौ0 सुरेश निर्मल, रज्जू खान, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला, मुशीर अहमद, राजेश मौर्य, पुत्तन सिंह यादव, अरविन्द चौधरी, जगत पाल, भगवानदीन, मकसूद खान, अनूप यादव, सुरेश पटेल, ब्रजलाल यादव, जगतपाल यादव, ब्रजभान सिंह, मो0 जफर, लाल खां, कामता यादव, रंजीत याव, अखिलेश माही ने भी सम्बोधित किया।

## व्यापारी दिवस के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जी सी चौहान की अध्यक्षता में बैठक

# कार्यवाहक महिला जिलाध्यक्ष कंचन, खीरो अध्यक्ष पिंटू सोनी, महामंत्री सद्दीक, जिला मीडिया प्रभारी बने इम्तियाज खान

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

अगले माह 5 अक्टूबर को होने वाले व्यापारी दिवस के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जी सी चौहान की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें तमाम व्यापारी बंधुओ के सुझाव को लेकर आगे की रूपरेखा तैयार की गई। इसमें जिले भर से पहुंचे तमाम चौहान गुट व्यापारी, पदाधिकारी व सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुए बैठक को सफल बनाया जहां प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चैहान जिलाध्यक्ष मो. उमर के नेतृत्व में बैठक सफल हुई।

कार्यक्रम में मौजूद जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान ने सभी पदाधिकारियों से सुझाव लिए व कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए अपनी बात रखी जिस पर सभी ने एक मत होकर सहमति जताई। इसके साथ ही प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने विस्तृत





जानकारी देते हुए बताया कि जिला कमेटी गठन बाद प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ गुरुबक्सगंज के व्यापारियों से मुलाकात की, जिसके बाद खीरो ब्लॉक के कस्बे मे आयोजित चौहान गुट के गठन समारोह की बैठक मे प्रदेश कमेटी पदाधिकारियों ने शिरकत करते हुए खीरों व्यापार मंडल पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौपकर बधाई दी। इससे पूर्व खीरों व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने बताया कि जिला कमेटी की कार्यवाहक महिला जिलाध्यक्ष कंचन को व जिला संगठन मंत्री सरवरी को पद भार सौपा गया।

वहीं नवागत कमेटी का गठन बालाजी मंदिर परिसर मे किया गया। जिसमे खीरो अध्यक्ष पिंटू सोनी, महामंत्री सिद्दीक खान सहित मीडिया प्रभारी चंदन सोनी को बनाया गया। चौहान गुट मे सक्रियता को देखते हुए जिला सचिव राजेश सोनी व भोला शुक्ला को बनाया गया साथ ही पिछले कई वर्षो से संगठन में सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान को पुनः इसी पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो. उमर, युवा जिलाध्यक्ष अरविंद चैधरी, संदीप पाठक, मो. आरिफ, कंचन, अरबिंद चैधरी, गुड्डू निर्मल, सोनू गुप्ता, संजू, मनोज, पंकज गुप्ता, अमित फौजी, मो नजर, सौरभ कोन्सा, दिलीप, अनीस मौजूद रहे।

# ट्रेन, बस और हवाई सेवा की रफ्तार पर बारिश ने लगाया ब्रेक, वंदे भारत समेत कई वीआईपी ट्रेनें हुईं लेट

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बारिश के चलते ट्रेनों, विमानों और बसों का संचालन गड़बड़ा गया। दिलकुशा बाराबंकी रेलखंड पर सिग्नलिंग सिस्टम फेल होने से जहां वंदे भारत एक्सप्रेस देरी से लखनऊ पहुंची, वहीं दिल्ली से लखनऊ आने वाली वीआईपी ट्रेनें भी यात्रियों को तय समय पर स्टेशन नहीं पहुंचा सकीं। बस सेवाओं पर भी 40 फीसदी तक असर पहुंचने का अनुमान है। वहीं, दृश्यता घटने से कई फ्लाइटें देरी का शिकार हुईं। ट्रेनों की बात करें, तो उत्तर रेलवे के दिलकुशा केबिन से मल्हौर व सफेदाबाद से मल्हौर रेलखंड पर पानी की वजह से सिग्नल सिस्टम फेल हो गया। इससे ट्रेनों का संचालन मैनुअल करना पड़ा। इसकी वजह से तेज रफ्तार ट्रेनें 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रेंगती नजर आईं। गोरखपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह 11.45 बजे डेढ़ घंटे की देरी से पहुंची, जिससे यात्रियों को दिक्कतें हुईं। नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली 12430 एसी एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से सोमवार सुबह 8.29 बजे लखनऊ पहुंची। नई दिल्ली से ही लखनऊ जंक्शन आने वाली 12230 लखनऊ मेल भी सोमवार को 35 मिनट की देरी से पहुंची। शताब्दी एक्सप्रेस आधे घंटे, मुंबई से लखनऊ जंक्शन आने वाली 12534 पुष्पक एक्सप्रेस दो घंटे की देरी से पहुंची। इसी तरह 12420 गोमती एक्सप्रेस नई दिल्ली व साहिबाबाद के बीच आंशिक रूप से निरस्त होने के कारण घंटों देरी से आई।



### दृश्यता घटी, देरी से पहुंचीं फ्लाइटें

बारिश के चलते विजिबिलिटी कम होने के कारण विमानों का संचालन भी गड़बड़ाया। लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली विस्तारा वीटीआई–642 एक घंटे की देरी से उड़ान भर सकी। नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई–2282 आधे घंटे, एयर इंडिया की एआई–431 पौन घंटे, विस्तारा की वीटीआई–641 आधे घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। ऐसे ही लखनऊ से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की 6ई–2245 पौने घंटे बाद रवाना हुई। इंडिगो की ही 6ई–5042 आधे घंटे, 6ई–2441 पौने घंटे तथा अकासा एयर की एकेजे–1458 भी लेट रवाना हो सकी। वापसी में मुंबई से लखनऊ आने वाली फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस की एएक्सबी–2773 आधे घंटे, एयर इंडिया की एआई–625 सवा घंटे देरी की शिकार हुई।

### नहीं पहुंच सके चालक–परिचालक, 125 बसें हुईं निरस्त

बारिश के चलते कैसरबाग, आलमबाग, चारबाग, व अवध बस अड्डे से अनुमानित 40 प्रतिशत तक बस सेवाएं बाधित रहीं। कैसरबाग से सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी रूट, आलमबाग से प्रयागराज, वाराणसी, कुंडा रूट, चारबाग से रायबरेली, लालगंज, अवध से गोरखपुर, बस्ती आदि रूट की बस सेवाएं बाधित रहीं। बारिश की वजह से सोमवार सुबह संविदा चालक व परिचालक ड्यूटी पर नहीं पहुंच सके, जिससे करीब 125 बसों को निरस्त करना पड़ा। हालांकि, बारिश के कारण यात्रियों की भी संख्या काफी कम रही। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि बारिश के कारण सेवाएं बाधित होने की रिपोर्ट मांगी गई है। वास्तविक स्थिति रिपोर्ट आने पर ही पता लग सकेगी। पर, चालक–परिचालकों के नहीं आने व यात्रियों की संख्या कम होने से प्रभाव पड़ा है।

### खेत डूबे, धान की फसल को नुकसान से किसान डरे

बारिश के कारण फसलों को नुकसान के अंदेशे से राजधानी के किसान डरे हैं। प्रमुख रूप से जिन किसानों की धान की फसल अपरिपक्व अवस्था में है, अधिक जलभराव से फसल डूब गई है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि यदि ये सिलसिला जारी रहा तो अन्य फसलें भी प्रभावित होंगी। नगराम के किसान मलखान सिंह, मुन्नू सिंह कहते हैं कि ज्यादा बरसात हुई तो नुकसान बढ़ जाएगा। इसके अलावा सब्जी की खेती को भी बारिश नुकसान पहुंचाएगी।

### नगर निगम मुख्यालय में भरा पानी, खराब हुआ सामान

लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय की इमारत भी जर्जर हो गई है। यह 100 साल से अधिक पुरानी है। हर बार बारिश में यहां के कई विभाागें में पानी भरता है। सोमवार को भी बारिश केकारण यहां के समिति विभाग में पानी भर गया। इसके कारण फाइलें खराब हो गईं और कम्प्युटर भी भीग गया। विभाग में एक फिट से अधिक पानी भर जाने कर्मचारी तब बैठ पाए जब पानी को निकाला गया। इसी के पास लाइब्रेरी में पानी भर गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के कार्यालय की भी फॉल सीलिंग का एक हिस्सा गिर गया। जोन तीन कार्यालय में भी एक बार फिर छत का प्लास्टर गिरा।



# एकेटीयू कार्यपरिषद की बैठक में अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

**ईडब्लूएस कोटे में बढ़ी 25 प्रतिशत सीट, संबद्ध संस्थानों की संख्या हुई 770**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

एकेटीयू से संबद्ध संस्थानों में ईडब्ल्यूएस के तहत 25 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव पर सहमति बन गई। सोमवार को कार्य परिषद की बैठक में फैसला लिया गया है। इसके अलावा संबद्धता को लेकर भी मुहर लग गई है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि पुराने और नए कॉलेजों की सम्बद्धता और कई अन्य मुद्दों को लेकर आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक बुलाई गई थी। इसमें प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेज, संस्थानों में AICTE के प्रावधान के तहत ईडब्ल्यूएस की 25 प्रतिशत सीटें बढ़ेंगी। कुलपति के अनुसार, यह 25 प्रतिशत सीटें किसी भी कॉलेज में 65 प्रतिशत सीटों के सापेक्ष बढ़ेंगी, क्योंकि किसी भी कॉलेज में 15 प्रतिशत सीटें मैनेजमेंट, 20 प्रतिशत सेंट्रल कोटे की होती हैं। इन्हें हटाने पर 65 प्रतिशत सीटें बचती है। इन्हीं सीटों पर 25 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस सीट बढ़ेंगी।

### 85 संस्थानों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी

शासन से जिन संस्थानों की संबद्धता के लिए अनुमति मिली है, उन्हें संबद्धता देने को मंजूरी दी गई। नए 7 इंजीनियरिंग कॉलेजों और कुछ अन्य कॉलेजों की संबद्धता पर भी मुहर लगी है। नए सत्र से 85 संस्थानों में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस समेत कुछ अन्य नई ब्रांच और सीटें बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। इससे करीब 10 हजार सीटें बढ़ जाएंगी। सम्बद्ध कॉलेजों की संख्या भी नए सत्र से करीब 770 हो जाएगी।

### 7 जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज का प्रस्ताव शासन को भेजा

एकेटीयू ने लखनऊ, कानपुर, ग्रेटर नोएडा, गोंडा, बस्ती, मिर्जापुर और प्रतापगढ़ में 7 नए इंजीनियरिंग संस्थान खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। कार्य परिषद की बैठक में कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी सुशील गुप्ता, आईईटी निदेशक प्रो. विनीत कंसल, विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेश कुमार, प्रति कुलपति प्रो. मनीष गौड़ मौजूद रहे।

# लखनऊ में भारी बारिश के बीच डेंगू का प्रकोप, एक दिन में मिले 23 नए मरीज



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में बारिश के साथ डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। सो मवार को डेंगू के 23 नए मरीज मिले हैं। सबसे अधिक मरीज शहरी इलाकों में हैं। इंदिरा नगर, अलीगंज जैसे पॉश इलाकों में लगातार मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। वही सर्विलांस टीम ने लार्वा मिलने पर 11 लोगों को नोटिस थमाई हैं।

### यहां मिले सबसे ज्यादा मरीज

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी के मुताबिक सोमवार को इंदिरानगर, अलीगंज में चार-चार मरीज, आलमबाग, चिनहट और चौक में तीन-तीन डेंगू मरीज, बाजारखाला में दो, ऐशबाग, माल, मोहनलालगंज, हजरतगंज, में एक-एक मरीज मिले हैं। सभी मरीजों का इलाज चल रहा है। किसी भी मरीज की हालत नाजुक नहीं है। सभी के परिजनों की भी खून जांच कराई गई है।

### 855 जगह जांच 11 को नोटिस

स्वास्थ्य टीम ने बढ़ रहे डेंगू को देखते हुए मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया। अलग–अलग हिस्सों में करीब 855 लोगों के घर का निरीक्षण कर 11 को मच्छर जनित स्थिति मिलने पर नोटिस जारी किया है। मलेरिया टीम ने एंटीलार्वा छिड़काव किया है।

# रात भर हुई बारिश में किसानों की फसलें डूबी एसडीएम व एडीएम प्रशासन ने किया निरीक्षण

**किसान का कच्चा मकान गिरा, एसडीएम व एडीएम ने घर जाकर किया निरीक्षण**

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र में भारी वर्षा को देखते हुए उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी व एडीएम प्रशासन लखनऊ शुभि काकन ने गोमती नदी के तट पर स्थित लासा गांव में राजू का कच्चा मकान वर्षा की भेंट चढ़ जाने से मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बीकेटी ने लेखपाल को निर्देश दिया कि राजू के परिवार को हरदा गांव में आपदा शिविर में ठहराया जाए तथा उनके परिवार के 2 जून के निवाला का प्रबंध किया जाये। इसके अलावा सिरसा कमालपुर, अकड़रिया कलां व खुर्द सुल्तानपुर, बहादुरपुर हीरापुरवा तथा अन्य गांव का दौरा किया। उन्होंने गोमती नदी के तटीय गांव के ग्रामीणों को हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कई पशु आश्रय केंद्रो का निरीक्षण किया तथा मवेशियों को भरपेट भोजन देने का प्रधान व सचिव को निर्देश दिया।

# अर्जुनपुर गांव के तालाब में 26 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस | इटौंजा/लखनऊ



इटौंजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अर्जुनपुर गांव में स्थित तालाब में मछली पकड़ने के दौरान एक युवक तालाब में डूब गया। बता दें कि इटौंजा क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव के तालाब में 26 वर्षीय मोनू मछली पकड़ने गए थे इसी दौरान पैर फिसल जाने के कारण मोनू तालाब में डूब गए। वहीं अर्जुनपुर ग्राम प्रधान सरोज गुप्ता की सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मृतक की बॉडी निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया है। वहीं जानकारी के अनुसार मृतक मोनू अपनी नानी के घर अर्जुनपुर में रहता था मोनू पुत्र स्वर्गीय पुत्तीलाल निवासी भड़सर के रहने वाले थे वहीं घर में परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से गई छात्र की जान

**स्विमिंग नहीं आती थी, कोच और लाइफ गार्ड थे नदारद, आउट सोर्सिंग स्टाफ बर्खास्त**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के सैनिक स्कूल में 11वीं के छात्र ओम बुधोलिया की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। घटना की जांच में सामने आया है कि ओम को स्विमिंग नहीं आती थी। इसके बाद भी उसको लेकर स्विमिंग के टीचर इंचार्ज द्वारा लापरवाही बरती गई। यहां तक कि स्विमिंग के दौरान कोच और लाइफ गार्ड भी नहीं थे, जिससे साफ है कि स्कूल प्रशासन की लापरवाही के चलते एक बच्चे की जांच चली गई। इस मामले में कमिश्नर और सैनिक स्कूल की अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब ने कॉलेज के प्रिंसिपल से सात दिन में इस पूरे प्रकरण में लिखित जवाब मांगा है। इसीबीच प्रिंसिपल ने स्कूल प्रशासन ने जिस कंपनी स्टेंडर्ड मल्टीटेक स्वीमिंग पूल वाटर ट्रीटमेंट से स्वीमिंग प्रशिक्षण का करार हुआ था उसको ब्लैक लिस्ट कर दिया। सेवा प्रदाता कंपनी के चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इसमें स्वीमिंग कोच सत्या चौहान, लाइफ गार्ड हिमांशु शर्मा, गेट कीपर अमरदीप और बलराम पांडेय शामिल हैं। इसके अलावा स्कूल के हाउस मैट्रन राजीव कुमार को निलंबित कर दिया।

### प्रिंसिपल राजेश राघव को सात दिन में देना होगा जवाब

कमिश्नर रोशन जैकब ने कैप्टन मनोज कुमार पांडेय सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल राजेश राघव से छात्र ओम की मौत मामले में लिखित जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि 11वीं कक्षा के छात्र ओम बुधोलिया की स्विमिंग पूल में डूबने से मृत्यु हो गयी, जिससे प्रथमदृष्टया यह प्रतीत होता है कि छात्र को स्विमिंग नहीं आती थी। जिन बच्चों को स्विमिंग नहीं आती है, उनकी सूची बनाकर उन पर विशेष रूप से सतर्कता बरतनी चाहिए थी। घटना के 4-5 घंटे के पश्चात छात्र का शव बरामद होने से स्पष्ट है कि स्विमिंग के टीचर इंचार्ज द्वारा स्विमिंग के लिए बच्चों को ले जाते एवं वापस लाते समय गणना करने में सतर्कता नहीं बरती गई। वहीं स्विमिंग के दौरान कोच एवं लाइफ गार्ड नहीं थे। इससे साफ है कि आपके द्वारा स्विमिंग पूल के संचालन सम्बन्धी क्रिया-कलापों का नियमित रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है। इसमें आपकी निष्क्रियता तथा शिथिलता एवं लापरवाही दिख रही है। इस सम्बन्ध में आप लिखित रूप से अपना स्पष्टीकरण 7 दिन में दें। साथ ही अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा और मेरे द्वारा निरीक्षण के समय दिये गये निर्देश के क्रम में जिम्मेदार शिक्षकों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही कर अवगत कराएं। स्कूल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस को शव मिला था। पुलिस की जांच में सामने आया ओम पूल के जिस हिस्से में डूबा है।



### परिजनों ने की थी कार्रवाई की मांग

सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज पांडेय सैनिक स्कूल में उरई निवासी ओम गुदौलिया (17 साल) पढ़ता था। सीआरपीएफ के जवान पिता मनोज ने बताया कि शुक्रवार की रात में करीब 9 बजे ओम के लापता होने की सूचना मिली। फिर वह कंपनी कमांडर के साथ सैनिक स्कूल पहुंचे, जहां इकलौते बेटे का शव देखने को मिला। उन्होंने कहा कि पूरी घटना में कालेज प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। यदि लापरवाह टीचरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह इस मामले में सरोजनी नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराएंगे।

# चोरों ने स्पाई कैमरा लगा बनाया अश्लील वीडियो प्रापर्टी डीलर से मांगे 50 लाख रूपये, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में सेक्सटॉर्शन का अनोखा मामला सामने आया है। जिसमें चोरों ने प्लान के तहत एक प्रापर्टी डीलर के ऑफिस के सेट टॉप बॉक्स में स्पाई कैमरा लगाया। उसके बाद उसके अश्लील वीडियो रिकार्ड होने पर सेट टॉप बॉक्स चुरा ले गए। पुलिस प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में हुई चोरी की जांच ही कर रही थी कि पीड़ित के पास अश्लील वीडियो भेजकर चोरों ने पचास लाख की मांग की। जांच में खुलासा हुआ कि चोरों ने प्लान के तहत सेट टॉप बॉक्स में स्पाई कैमरा लगाकर प्रापर्टी डीलर को ट्रेप किया। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सेट टॉप बाक्स और स्पाई कैमरा बरामद किया।



### यू ट्यूब पर सीखा स्पाई कैमरा इंस्टॉल करना

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि पीड़ित प्रापर्टी डीलर ने पांच सितंबर को कार्यालय का सेट टॉप बाक्स और डीवीआर चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसीबीच उनके पास सेक्सटार्शन का फोन आया। जांच में सामने आया कि पीड़ित को भेजा गया वीडियो स्पाई कैमरे से उनके ही कार्यलाय में शूट किया गया है। जिसके आधार पर गोमतीनगर विस्तार के बाघामऊ निवासी आलोक यादव और आशुवेन्द्र राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों घरों में पेंट करने का काम करते है। इस दौरान इन्हों पता चला कि प्रापर्टी डीलर के कार्यालय पर परिवार और कई लोग आते रहते हैं। यदि इस दौरान उनके निजी वीडियो रेकार्ड हो जाए तो ब्लैकमेल कर मोटी रकम कमाई जा सकती है। जिसके बाद उन्होंने यू ट्यूब पर स्पाई कैमरा इंस्टॉल करना सीखा। जिसके बाद ऑनालाइन स्पाई कैमरा मंगवा कर अगस्त के अंतिम सप्ताह में कार्यालय में घुस गए। जहां सेट टॉप बॉक्स की लाइट निकालकर स्पाई कैमरा फिट कर दिया। जिसका एक्सेस अपने मोबाइल पर ले लिया। वीडियो रेकार्ड होने पर एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में घुसकर वापस कैमरा चुरा लिया। जिसके बाद पैसे की मांग शुरू कर दी।

### दोस्त के मोबाइल नंबर से एक्टिव किया वाट्सएप

पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया कि कोई पकड़ न सके इसलिए सेट टॉप बॉक्स के साथ डीवीआर में लगी हार्ड डिस्क भी चुरा लिया। हार्ड डिस्क चोरी होने से किसी को शक भी नहीं होता कि कार्यालय में किसी ने स्पाई कैमरा लगाकर इस घटना को अंजाम दिया होगा। वहीं अपने मित्र के की–पैड वाले मोबाइल नंबर से वाट्सएप इंस्टाल किया। जिससे पैसा मांगा। बस यहीं पर चूक हो गई।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालीदास मार्ग स्थित आवास कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना,और उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और फरियादियों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्या का हर सम्भव निदान सुनिश्चित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बाबत सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सुरक्षा परिषद में समय के अनुसार बदलाव जरूरी

**संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र में संशोधन के बिना सुरक्षा परिषद के विस्तार की बात बेमानी है। जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नई दिल्ली आए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार की वकालत की। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट रूप से कहा कि भारत सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बने, यह समय की जरूरत है, लेकिन यह सबकुछ सदस्यों के ही हाथ में है। उन्होंने कहा कि भारत आज सबसे अधिक आबादी वाला देश है। साथ ही वह बहुआयामी व्यवस्था में बहुत ही महत्वपूर्ण साझीदार है।**

*किसी भी संस्था, प्रतिष्ठान अथवा संगठन के संचालन की नीतियां यदि समय के अनुसार बदली नहीं जाएंगी तो वह संस्था, प्रतिष्ठान अथवा संगठन प्रासंगिक नहीं रह पाएगा। वैश्विक परिदृश्य में यदि देखें तो अपने गठन के बाद से मात्र 25 वसंत देखने के बाद ही राष्ट्र संघ (लीग ऑफ नेशंस) का पतन इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। ठोस और प्रासंगिक नीतियों के अभाव में इसके सदस्य स्वच्छंद हो गए थे। जापान ने 18 सितंबर 1931 को जब चीन के मंचूरिया इलाके पर हमला बोला तो उसने राष्ट्र संघ की एक न सुनी और जब राष्ट्र संघ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया तो उसने इसकी सदस्यता ही छोड़ दी। यहां यह भी चर्चा करना समीचीन होगा कि जापान राष्ट्र संघ का स्थायी सदस्य था। वह एशिया का एकमात्र देश था जो स्थायी सदस्य के रूप में शामिल था। इसके अलावा यूरोप के तीन देश- ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस और इटली इसके स्थायी सदस्य थे। इसके बाद एक सितंबर 1939 को जर्मनी ने पोलैंड पर हमला बोल दिया। यह हमला ही द्वितीय विश्वयुद्ध का कारण बना। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होते ही राष्ट्र संघ की प्रासंगिता खुद-ब-खुद समाप्त हो गयी। 28 जून 1919 को वर्साय की संधि के परिणामस्वरूप प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ था। इसके बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर 10 जनवरी, 1920 को राष्ट्र संघ इस संकल्पना के साथ अस्तित्व में आया कि भविष्य में फिर कभी द्वितीय विश्व युद्ध नहीं होने देंगे। यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं है कि अमेरिका इसका सदस्य ही नहीं बन सका, क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस ने राष्ट्र संघ की सदस्यता से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकार ही नहीं किया। ये घटनाएं यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि यदि आप समय के अनुसार अपने में बदलाव नहीं करते तो यह वर्तमान आपको बर्दाश्त नहीं करेगा और आप अपनी प्रासंगिकता खो देंगे। फिर आप अपनी डफली बजाते रहिए, आपको कोई सुनने वाला नहीं मिलेगा। राष्ट्र संघ के पतन के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) अक्टूबर 1945 में अस्तित्व में आया। इसके भी गठन का कारण अमेरिका ही था। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने इसका नाम सुझाया था।यूएनओ की छह इकाइयों- महासभा, सचिवालय, आर्थिक एवं सामाजिक परिषद, न्यास परिषद, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और सुरक्षा परिषद में सुरक्षा परिषद ही सबसे प्रभावी इकाई है। इस समय 193 देश संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य हैं। वर्तमान में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में पांच देश- संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और चीन इसके स्थायी सदस्य हैं। इन पांचों देशों को वीटो पावर मिला हुआ है। यानी किसी भी प्रस्ताव को ये अपने वीटो से पलटने की शक्ति रखते हैं। लंबे अरसे से सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग हो रही है। स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। चीन को छोड़कर चार स्थायी सदस्य- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस भारत की स्थायी सदस्यता के पक्षधर हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत की स्थायी सदस्यता की बात एक बार फिर दोहराई। यहां बाइडन के बयान का भी अपना अर्थ है। हालांकि भारत के समर्थन की बात इतनी बार कही जा चुकी है कि अब ऐसे बयान जबानी जमा खर्च से ज्यादा अहमियत नहीं रखते। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अब ठोस पहल करने की जरूरत है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**खैर, जी-20 शिखर सम्मेलन यादगरा रहा है। यह कतई मामूली बात नहीं है कि जी-20 सम्मेलन के लिये राजधानी दिल्ली में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के पीएम फुमियो किशिदा, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के अलावा बाकी सदस्य देशों के मंत्री और नेता भी हाजिर रहे। यूं तो 1983 में नई दिल्ली में हुये गुट निरपेक्ष सम्मेलन में जी-20 की तुलना में कहीं अधिक राष्ट्राध्यक्ष आये थे, पर वे ज्यादा बहुत छोटे और गरीब देशों से संबंध रखते थे। उनकी विश्व की कूटनीति या व्यापार में कोई खास हैसियत नहीं थी।**

# भारत में आयोजित जी-20 की दो बड़ी उपलब्धियां



आर.के. सिन्हा

**एक बात और। यह मानना होगा कि राजधानी दिल्ली को जी-20 शिखर सम्मेलन भारत मंडपम के रूप में एक बहुत शानदार उपहार दे गया। इसकी विज्ञान भवन से तुलना नहीं की जा सकती जिधर गुट निरपेक्ष सम्मेलन से लेकर राष्ट्रकुल सम्मेलन आयोजित होते रहे थे।**

अब तक का सबसे भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जी- 20 शिखर सम्मेलन जो भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित हुआ, दो वजहों से याद रखा जायेगा। पहला, जी 20 घोषणा पत्र पर सभी सदस्य देशों की सहमति बन गई। हालांकि, इस मसले पर चीन, कनाडा आदि देशों से विवाद होने की आशंका जताई जा रही थी। दूसरा, अफ्रीका यूनियन को भारत की पहल पर जी-20 में शामिल कर लिया गया जो जी -20 में भारत की स्थिति को और मजबूत बनायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हमारी टीम की कड़ी मेहनत से ही नई दिल्ली जी-20 लीडर्स घोषणा पत्र पर आम सहमति बनी है। अब पाठकों को यह भी जानना जरुरी है कि नई दिल्ली घोषणा पत्र में किन चीज़ों का जिक्र है। दरअसल इसमें संसार के मजबूत, दीर्घकालीक, संतुलित और समावेशी विकास पर जोर दिया गया है। जी-20 नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की और माना कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर ख़तरों में से एक है। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया, यूक्रेन में युद्ध के संबंध में बाली में हुई चर्चा को दोहराते हुए हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्तावों पर अपने रुख को दोहराया और इस बात पर ज़ोर दिया कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के अनुरूप ही कार्य करना चाहिए। बेशक, अफ्रीकन यूनियन का जी20 का स्थाई सदस्य बनना इस जी-20 सम्मेलन की दूसरी बड़ी उपलब्धि रही। इसका प्रस्ताव भारत ने ही रखा था, जिसका सभी ने समर्थन किया। नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा, सबके साथ लेकर चलने की भावना से ही भारत ने प्रस्ताव रखा था कि अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की स्थाई सदयस्ता दी जाए। मेरा विश्वास है कि इस प्रस्ताव पर हम सब की सहमति है। अफ्रीकन यूनियन के जी20 समिट का स्थाई सदस्य बनने से अफ्रीका के 55 देशों को फायदा मिलेगा। अफ्रीकन यूनियन की स्थापना 26 मई 2001 को अदीस अबाबा, इथियोपिया में हुई थी और 9 जुलाई 2002 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया था। इसने ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अफ्रीकन यूनियन की जगह ली थी। वैश्विक जीडीपी में इसका योगदान 18.81 हजार करोड़ रुपए है। अफ्रीकन यूनियन का उद्देश्य देश के



**इन भारतवंशियों के चलते भी अफ्रीका में भारत को लेकर एक बेहतर माहौल रहा है। केन्या की राजधानी नेरोबी हो या फिर साउथ अफ्रीका के सभी प्रमुख शहर, सभी में भारतीय कंपनियों के बड़े विशाल विज्ञापनों को प्रमुख चौराहों पर लगा हुआ देखा जा सकता था।**

आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को चर्चा करना और उनका स्थाई समाधान निकालना है। भारत को अफ्रीका से जोड़ने में महात्मा गांधी की सबसे खास भूमिका रही थी। महात्मा गांधी ने अश्वेतों के हक दिलाने के लिये और नस्लवाद के लिए खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका के शिखर नेता नेल्सन मंडेला भी गांधी जी को अपना आदर्श बताते थे। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। भारत सरकार ने राजधानी में मंडेला के नाम पर एक प्रमुख मार्ग का नाम नेल्सन मंडेला मार्ग रखा । दरअसल मित्र राष्ट्र आपसी सौहार्द के लिए एक-दूसरे के देशों के महापुरुषों, जननेताओं तथा राष्ट्राध्यक्षों के नामों पर अपने यहां सड़कों,पार्कों और संस्थानों के नाम रखते हैं। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने मंडेला के नाम पर एक खास सड़क का नामकरण किया था। गांधी जी के विचारों से प्रभावित मंडेला 1995 में फिर भारत आए। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर् पीस एंड कान्फ्लिक्ट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। भारत तो सभी अफ्रीकी देशों से बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर प्रतिबद्ध रहा है। भारत अफ्रीका में बड़ा निवेशक है। अफ्रीका में टाटा, महिन्द्रा, भारती एयरटेल, बजाज आटो, ओएनजीसी जैसी प्रमुख भारतीय कंपनियां कारोबार कर रही है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में 13 अरब डालर का निवेश किया है। भारतीय कंपनियों ने अफ्रीका में कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। इसी तरह भारतीय कंपनियां दक्षिण अफ्रीकी कंपनियों से यूरेनियम और परमाणु प्रौद्योगिकी प्राप्त करने की राह देख रही है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अगर बात पूर्वी अफ्रीका की करें तो अंग्रेज सन 1896 से लेकर 1901 के बीच करीब 32 हजार मजदूरों को देश के विभिन्न भागों से केन्या, तंजानिया, युंगाड़ा लेकर गए थे। इनूहें केन्या में रेल पटियों को बिछाने के लिए लेकर जाया गया था। सिखों का संबध रामगढिया समाज से था। पूर्वी अफ्रीका का सारा रेल नेटवर्क पंजाब के लोगों ने तैयार किया था। इन्होंने बेहद कठिन हालतों में रेल नेटवर्क तैयार किया। उस दौर में गुजराती भी केन्या में आने लगे। पर वे वहां पहुंचे बिजनेस करने के इरादे से। रेलवे नेटवर्क का काम पूरा होने के बाद अधिकतर पंजाबी श्रमिक वहां पर भी बस गए। अब तो समूचे ईस्ट अफ्रीका के हर बड़े छोटे शहर में भारतवंशी और उनके पूजा स्थल हैं। केन्या के तो तमाम बड़े शहरों जैसे नैरोबी और मोम्बासा में बहुत सारे मंदिर और गुरुद्वारे हैं। इन भारतवंशियों के चलते भी अफ्रीका में भारत को लेकर एक बेहतर माहौल रहा है। केन्या की राजधानी नेरोबी हो या फिर साउथ अफ्रीका के सभी प्रमुख शहर, सभी में भारतीय कंपनियों के बड़े विशाल विज्ञापनों को प्रमुख चौराहों पर लगा हुआ देखा जा सकता था। भारत की ख्वाहिश रही है कि अफ्रीका के बाजार में भारत को और भी स्पेस मिले।

### एक्सप्रेस कविता

*मीठी धुन सुना गया कोई*
*लो फिर सुला गया कोई ।।*
*एक सुहानी दर्दीली आवाज़ थी*
*आज फिर से रुला गया कोई।।*
*आंखों ने देखे थे सपने कभी ,*
*सपनो में सुला गया कोई ।।*
*खोजता जिसे आज तक हर पल*
*माँ तेरा आंचल छुपा गया कोई ।।*
*सुना है सपने सच नहीं होते*
*लोरी में सच सजा गया कोई।।*
*मां तेरा स्पर्श कैसे भूलूं आज तक,*
*तेरा स्नेहिल आंचल ओढा गया कोई ।।*
*था तेरा हाथ नन्हे हाथों पर मेरे*
*आज फिर चलना सीखा गया कोई ।।*

*-संजीव ठाकुर*

### एक्सप्रेस ज्ञान

*आज रास्ता बना लिया है तो कल मंजिल भी मिल जाएगी हौसलों से भरी यह कोशिश एक दिन ज़रूर रंग लाएगी।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 26:21 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 22:57 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | शिव, 25:02 |
| सूर्योदय: | 06:08 |
| सूर्यास्त: | 18:26 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 15:21-16:54 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | 11:52-12:41 |

## जन एक्सप्रेस

### आ गए वो पास ?


*बढ़ रही है हलचल ।*
*आ गए वो पास ?*
*स्वागत गर्मजोशी से ।*
*बन सकते अब ख़ास ?*
*राजनीति में कोई ।*
*ना दुश्मन ना मित्र ।।*
*इसलिए तो कहते हैं ।*
*है स्थिति विचित्र ।।*
*शांत है तकरार ।*
*पनपा शायद प्यार ।।*
*आ गया अब वक्त ।*
*हो चुकता उधार ।।*
*कब पक जाए खिचड़ी ।*
*जान कौन ये पाया ।।*
*कुर्सी सबको प्यारी है ।*
*है कुर्सी की माया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हार्मोनल असंतुलन की वजह से झड़ रहे हैं बाल



बालों का झड़ना एक कॉमन समस्या है। इसलिए लोगों का इस ओर विशेष ध्यान नहीं जाता है। बालों के झड़ने के कुछ सामान्य वजहें हैं, बालों की सही तरह से केयर न करना, अच्छी डाइट न लेना, स्ट्रेस का बढ़ना और स्लीपिंग पैटर्न सही न होना। इसके अलावा, हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से भी बालों के झड़ने की समस्या बढ़ जाती है। लेकिन, ज्यादातर लोगों का इस ओर ध्यान नहीं जाता है। जबकि, हार्मोनल इंबैलेंस के कारण हो रहे हेयर फॉल को न रोका जाए, तो यह समस्या बढ़ सकती है। हार्मोन को बैलेंस कर इस समस्या से निपटा सकता है।

**थायराइड:** यह एक महत्वपूर्ण हार्मोन है, जो कि थायराइड ग्लैंड से रिलीज होता है। थायराइड होने पर व्यक्ति को कई तरह के शारीरिक बदलाव देखने को मिलते हैं, इन्हीं में से एक हेयर फॉल का बढ़ना भी है। थायराइड की वजह से बालों की कलर, टेक्सचर, वॉल्यूम जैसी कई चीजें प्रभावित होने लगती है। थायराइड ग्लैंड ओवर एक्टिव हो या अंडरएक्टिव, दोनों ही स्थिति में बालों का पतला होना, हेयर लॉस और दो-मुंहे बालों की समस्या में इजाफा हो सकता है। इसे रोकने के लिए जरूरी है कि आप थायराइड हार्मोन को संतुलित रखने की कोशिश करें।

**स्ट्रेस हार्मोन:** स्ट्रेस कई तरह की बीमारियों और शारीरिक समस्याओं से जुड़ा होता है। इसी तरह, अगर कोई व्यक्ति लंबे समय से स्ट्रेस से गुजर रहा है, जो वह मोटापे, हेयर लॉसी जैसी समस्याओं से ग्रस्त हो सकता है। स्ट्रेस होने पर एडरनेल ग्लैंड से कार्टिसोल हार्मोन रिलीज होता है। यह हार्मोन शरीर के तनाव की प्रतिक्रिया को रेगुलेट करने में मदद करता है। कार्टिसोल हार्मोन हेयर ग्रोथ की साइकिल को प्रभावित करता है। इस वजह से बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि स्ट्रेस को कंट्रोल किया जाए।

**एंड्रोजन:** एंड्रोजन को पुरुष हार्मोन (एंड्रोस्टेनेडियोन, टेस्टोस्टेरोन, डीएचटी, डीएचईएएस) के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, यह हार्मोन पुरुष और महिलाओं, दोनों में होता है। पुरुषों की इसकी संख्या ज्यादा और महिलाओं में इसकी संख्या कम होती है। अगर एंड्रोजन हार्मोन में असंतुलन हो जाए, तो भी बालों के कमजोर होना और झड़ने की समस्या बढ़ सकती है।

#### हार्मोनल हेयर फॉल को कैसे रोकें

- हेयर फॉल रोकने के लिए आपको अपनी डाइट में आयरन और प्रोटीन बेस्ड फूड शामिल करना चाहिए। इसके लिए अपनी डाइट में पत्तेदार सब्जियां, ताजे फल, सलाद और मौसमी सब्जियां शामिल करने की सलाह दी जाती है। इससे हार्मोनल इंबैलेंस की रिकवरी में भी मदद मिलती है।
- अपने स्कैल्प और बालों की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान दें। सफाई के लिए आप हर्बल शैंपू का सेलेक्शन कर सकते हैं। खासकर, शिकाकाई और आंवला से बालों के लिए काफी उपयोगी माने जाते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# अपने संस्कारों के साथ चलना भी आधुनिकता



-इन्द्र दमन तिवारी

**कहीं पढ़ा कि अक्षता मूर्ति ब्रिटेन की महारानी से अधिक सम्पत्ति की मालकिन हैं, यह सत्य तो नहीं लगता, किंतु अक्षता यदि इन सामान्य से कपड़ों में संसार के समक्ष आने में तनिक भी नहीं झिझकतीं, तो यह उनके चरित्र की जीत है। इंग्लैंड वाले जब आते हैं, लूटने ही आते हैं।**

**ईश्वर** को श्रेष्ठतम, उसे मानने वालों को श्रेष्ठ समझने व अतार्किक अन्ध-आस्थाओं के वाहक जन समूहों से इतर पृथ्वी पर एक शाश्वत संस्कृति है, जिसमें ईश्वर के चयन की स्वतंत्रता है। जिसमें ईश्वर पर प्रश्न करने की स्वतंत्रता है, निडर होकर ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकारने या नकारने की स्वतंत्रता है, ईश्वर के साकार व निराकार अवधारणाओं की स्वीकार्यता है। निन्दा, स्तुति, शास्त्रार्थ, आस्था, सुधार व स्वयं के दृष्टिकोण का भी स्थान है, जिसमें मानव कल्याण और विश्व परिवार की भावना है। जिसमें सभ्यता के जन्म से आधुनिकता तक की गतिकी निहित है, जो संस्कृति कई पंथों, धर्मों, संम्प्रदायों की जननी है। उस संस्कृति का वैश्वीकरण होता देख कर अच्छा लगता है। यहां चर्चा का केंद्र हैं अक्षता मूर्ति, ऋषि सुनक की पत्नी, इंफ़ोसिस के मालिक नारायणमूर्ति और सुधा मूर्ति की बेटी, अक्षता मूर्ति अपने पिता की बनाई कंपनी इंफ़ोसिस में अपने माता-पिता से ज़्यादा बड़ी अंशधारक हैं, खुद नारायण मूर्ति के पास इंफ़ोसिस के 0.45 प्रतिशत शेयर हैं, उनकी पत्नी सुधा मूर्ति के पास 0.95 प्रतिशत शेयर है, और अक्षता के पास अपने माता-पिता से ज़्यादा 1.07 प्रतिशत शेयर हैं। अक्षता की कुल नेटवर्थ 6700 करोड़ से भी अधिक की है, और उन्हें अपने शेयर



के डिविडेंड मात्र से 126 करोड़ सालाना की आय होती है। अक्षता ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की पत्नी हैं, वर्तमान में दुनिया के आधुनिकतम देश के प्रधानमंत्री की पत्नी जिनकी स्वयं की उम्र अभी 40 के क़रीब है। ऋषि को भारत से चुनाव नहीं लड़ना है और न ही अक्षता के माता-पिता भारतीय राजनीति में हैं, जो उन्हें जनता को किसी प्रकार से प्रभावित करना हो। लेकिन अब आती है मुद्दे की बात, और मुद्दे की बात ये है कि हज़ारों करोड़ की मालकिन ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर की पत्नी अक्षता का पहनावा देखिए, उनका साधारण सा सलवार सूट और दुपट्टा देखिए, हाथों में चूड़ियाँ और माथे पर बिंदी देखिए, और सोचिए कि क्या संस्कार दिये होंगे मूर्ति परिवार ने। और हाँ, हर दूसरी रील में बदन के आखिरी कपड़े को भी उतार फेंकने की इच्छा रखती भारतीय सोशल मीडिया की क्वीन्स को भी दिखाइए, ताकि लोग समझें आधुनिकता कम कपड़े पहनने या पश्चिम की नक़ल करने में नहीं है, आधुनिकता अपने संस्कारों के साथ चलने में भी है। धर्म मनुष्य को इतनी सहजता दे ही देता है, धर्म न हो तो सत्ता कभी आम जन के साथ खड़ी नहीं होती। पिछले दिनों ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति कपिल शर्मा के शो में आई थीं और तब उनका इंटरव्यू बहुत चर्चित हुआ था, एक खरबपति व्यवसायी परिवार की रीढ़ होने के बाद भी उनके व्यवहार में जो गँवईपना था, जिस तरह से उन्होंने अपने आँचल में पारिवारिक, सामाजिक और धार्मिक मूल्यों की गांठ बांधी थी, वह देख कर समझ आ गया कि वे इतने आगे क्यों खड़े हैं। और अब अपने प्रधानमंत्री पति के साथ ढीले-ढाले सामान्य कपड़ों में अपना मायका घूम रही उनकी बेटी जैसे बता रही है कि ब्रिटेन में होने के बाद भी उन्होंने अपने हृदय में भारत को बसा रखा है। किसी ने कहा था न! भारत एक भूमि का टुकड़ा नहीं, एक जीता जागता राष्ट्रपुरुष है÷, एक बात पर अब पूर्ण विश्वास हो चुका है कि धर्म में खोट ढूंढ कर चिल्ल-पों करना दलिद्दर जन का ही स्वभाव होता है, किसी भी प्रकार का अभाव ही मनुष्य में यह झल्लाहट भरता है, जो लोग सचमुच बौद्धिक, पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सम्पन्न होते हैं, वे श्रद्धा की डोर नहीं छोड़ते। वस्तुतः उन्हें चर्चा पाने के लिए बकवास की आवश्यकता नहीं होती। इस तस्वीर में बहुत कुछ नहीं है, इस जोड़े को आधुनिक कपड़ों में भी बहुत बार देखा जाता होगा, राष्ट्र के मामले में उनकी निष्ठा भारत से अधिक ब्रिटेन में है, तो वे ब्रिटेन में रह कर भारतीय परिधान नहीं ही पहनते होंगे। पर वे भारत की तरुणाई को इतना तो समझा ही रहे हैं कि मन्दिर कैसे जाते हैं। हाथ में कलावा बांधे और माथे पर तिलक लगाए यह दूर देश का शासक हमें अपने जैसा लग रहा है, यह उसकी विजय है। कहीं पढ़ा कि अक्षता मूर्ति ब्रिटेन की महारानी से अधिक सम्पत्ति की मालकिन हैं, यह सत्य तो नहीं लगता, किंतु अक्षता यदि इन सामान्य से कपड़ों में संसार के समक्ष आने में तनिक भी नहीं झिझकतीं, तो यह उनके चरित्र की जीत है। इंग्लैंड वाले जब आते हैं, लूटने ही आते हैं। अब कुछ लोग इस युगल की आधुनिक कपड़ों वाली तस्वीर लेकर घूमेंगे, निष्ठा और विष्ठा एक ही देह में निवास करती है न! बाकी नारायणमूर्ति के बेटी-दामाद छा गए हैं, इसमें कहीं कोई संदेह नहीं।

# तेंदुए ने गाय को बनाया शिकार राहगीरों को देख गाय का शव छोड़कर भागा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** खमरिया के उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र में बीती रात सुजई कुण्डा मार्ग पर तेंदुए ने एक गाय को निवाला गा लिया। मार्ग से गुजर रहे ग्रामीण उसे देखकर खौफजदा हो गए। ग्रामीणों की आहट पाकर तेंदुआ गाय को छोड़कर गन्ने के खेत में जाकर छुप गया। वन विभाग की टीम ने लोगों को सावधानी बरतने को कहा हे। नाइट विजन कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया है।



धौरहरा वन रेंज में एक सप्ताह पहले ही दहशत का पर्याय बने एक नर तेंदुए को वन विभाग ने पकड़कर दुधवा के जंगल मे छोड़कर राहत की सांस ली थी। वहीं बीती रात पुनः एक तेंदुए ने सुजई कुण्डा पंडित पुरवा मार्ग पर दुबगट्टा पुल के पास घूम रही एक गाय का शिकार कर लोगों में दहशत फैला दी है। जिसे उसी मार्ग से गुजर रहे लोगों ने जब उसे देखा तो डरकर वह लोग पास के गांव में जाकर लोगों को तेंदुए की जानकारी दी जहां से गांव से कई लोगों के आ जाने से तेंदुआ गाय को छोड़ मौके से भाग गया। तेंदुए की आमद होने की ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुचे वन कर्मचारी राजेश कुमार दीक्षित बताते हैं कि ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि बाघ ने गाय का शिकार किया है जबकि पग चिह्नों से अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। वही वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी ने बताया की पग चिन्हों के अनुसार प्रथम दृष्ट्या तेंदुआ ही है जिसकी गतिविधि जानने के लिए नाइट विजन कैमरा लगाए गए हैं कैमरे में कैद होने के बाद ही उसको पकड़ने की क़वायद शुरू की जाएगी।

### पद चिह्नों को ट्रेस करने में जुटी टीम

तेंदुए की आमद होने की ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन कर्मचारी राजेश कुमार दीक्षित बताते हैं कि ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि बाघ ने गाय का शिकार किया है। जबकि पग चिह्नों से अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी ने बताया की पग चिन्हों के अनुसार प्रथम दृष्ट्या तेंदुआ ही है जिसकी गतिविधि जानने के लिए नाइट विजन कैमरा लगाए गए हैं कैमरे में कैद होने के बाद ही उसको पकड़ने की क़वायद शुरू की जाएगी।

# जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधि. अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। डीएम ने जिले में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने अधिकारियों को जरूरी कार्यवाई करने के निर्देश दिए। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। डीएम ने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। परिवहन-पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करायें। डीएम ने गन्ना महकमे को निर्देश दिए कि चीनी मिलों के जरिए यह सुनिश्चित कराए कि गन्ना दुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर सहित अन्य सेफ्टी मेजर्स को सुनिश्चित कराए, इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, हंसाराम, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार, एआरएम रोडवेज मुकेश मेहरोत्रा सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 02 नफर वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0सं0 900/21 धारा 60 आबकारी अधि0 में वारंटी अभियुक्त राजेश पुत्र सोबरनलाल नि0 झण्डीराज थाना निघासन जनपद खीरी व मु0सं0 1596/22 धारा 128 द0प्र0सं0 में वारंटी अभियुक्त जयनुद्दीन पुत्र हाफिज अली नि0 बरोठा थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त राजेश पुत्र सोबरनलाल निवासी झण्डीराज थाना निघासन जनपद खीरी,जयनुद्दीन पुत्र हाफिज अली निवासी बरोठा थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा (चौकी प्रभारी झण्डीराज) हेड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सिंह ,कांस्टेबल लवकुश यादव उपस्थित रही।

### कांग्रेस सेवादल का कार्यवाहक ज़िला मुख्य संगठक नियुक्त



जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। ज़िला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता इम्तियाज़ अली खान ने बताया, कांग्रेस सेवादल का इंसान अली को लखीमपुर ज़िला का मुख्य संगठक नियुक्त किया गया है!इनकी नियुक्ति पर ज़िला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री/पूर्व सांसद जफर अली नकवी, सदस्य अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस डॉक्टर रविशंकर त्रिवेदी, शहर अध्यक्ष सिद्दार्थ त्रिवेदी, उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी सचिव राजेंद्र गुप्ता आदि ने बधाई दी!इंसान अली शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षा एवं भावनाओ के अनुरूप पूर्ण निष्ठा से कांग्रेस सेवादल को गतिशील सश्क्त् बनाने मे सहयोग करेंगे।

### जन्माष्टमी के छठ पर्व पर भंडारे का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस/मनोज कुमार मिश्रा/बिजुआ-खीरी। क्षेत्र में चल रहे जन्माष्टमी पर्व को लेकर आज छठी का पर्व बड़े हरसोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है जहां पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।बताते चलें जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर कस्बा में बिजुआ के प्रदीप गुप्ता ने अपने घर पर जन्माष्टमी का पर्व मनाया जहां पर आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी छठ के पर्व के उपलक्ष में भगवान श्री कृष्ण को कस्बा स्थित टेढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर पर लड्डू गोपाल की मूर्ति को झुलाने और पूजा अर्चना करने के लिए ले गए जहां पर पंडित के पुरोहित हृदयेश शुक्ला ने वैदिक मंत्रो से श्री कृष्ण को नहला धुला कर वस्त्र धारण करवा कर स्तुति की । इसके उपरांत प्रदीप गुप्ता लड्डू गोपाल को वापस अपने घर ले आए जहां पर डोल बनाया गया था और इस उपलक्ष में आज विशाल भंडारे का भी आयोजन रखा गया और कस्बे वासियों से भंडारे में आने के लिए आग्रह किया कस्बे वसियों ने बढ़-चढ़कर इस भंडारे में भाग लिया। भंडारे में सर्वप्रथम कन्याओं को भोज कराकर उसके उपरांत भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया इस कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप गुप्ता, अनिल गुप्ता, नीरज गुप्ता, सोनू बाजपेई,अनुज गुप्ता,जितेंद्र कुमार बाजपेई ,विश्वास कंप्यूटर रहे। इसके साथ ही क्षेत्र के गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

### सतीश बालियान की पदोन्नति होने पर क्षेत्रवासियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी



जन एक्सप्रेस/रिजवान खान। पलिया कलां खीरी। संपूर्णा नगर चीनी मिल में लेखाकर के पद पर तैनात रहें सतीश कुमार बालियान के पदोन्नति होने के कारण उनका स्थांतरण 2 अगस्त 2023 को जहानी खेड़ा (बरेली) मुख्यालय में हो गया है। विभागीय कर्तव्यों के लिए सदैव समर्पित रहने वाले सतीश बालियान का क्षेत्र के किसानों एवम समाजिक संगठनों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने के कारण एक भावनात्मक रिश्ता कायम हो गया था। जिसके फलस्वरुप किसानों एवम आम जन समुदाय में काफी लोक प्रिय हो गए थे । कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजन यादव के अनुसार बताया जाता है कि सतीश बालियान ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के किसानों को कभी समस्याओं का सामना नही करना पड़ा छोटी छोटी समस्याओं का समाधान फोन के माध्यम से ही हो जाता था हम सभी क्षेत्रवासी सतीश बालियान के पदोन्नति होने पर काफी खुश हैं किंतु उनके स्थांतरण से मायूस भी है उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

# आयुष्मान भव अभियान: सीडीओ ने ली अभियान क्रियान्वयन की बैठक, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने आयुष्मान भव- अभियान के शुभारंभ एवं क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अन्तर्विभागीय समन्वय के लिए अधिकारियों की बैठक ली। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः नाम के एक अभियान का संचालन किया जाना है। अभियान का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति 13 सितंबर को सुबह 11 बजे से वर्चुअल शुभारंभ करेगी। अभियान 05 चरणों में आयोजित होगा। जिसमें सेवा पखवाडा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड शामिल है। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जो स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान, अंगदान शपथ थीम पर आधारित होगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 17 सितंबर से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अभियान की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम की चरणबद्ध अभियान की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीएमएस डॉ चंदानी, एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ लालजी पासी, डीपीओ भारत प्रसाद, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, सभी तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी,डीपीएम अनिल यादव सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोवंशीय पशु का मांस पकड़ने गए दो सिपाहियों को ग्रामीणों ने पीटा

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुरादपुर में सोमवार सुबह करीब सात बजे बारिश के दौरान गोवंशीय पशु का मीट परोसे जाने की सूचना पुलिस को मिली। इस पर दो सिपाही मौके पर पहुंचे। उन पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हालांकि कोई आरोपी उन्हें मौके पर नहीं मिला है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। सोमवार को चेहल्लुम के मौके पर जुलूस निकाला जाना था। जुलूस के दौरान होने वाले खानपान में गोवंशीय पशु के मीट के परोसे जाने की संभावना के चलते दो सिपाही मोहल्ला मुरादपुर पहुंच गए। बताते हैं कि सिपाहियों ने एक बीडीसी सदस्य के बेटे को किसी बात पर पीट दिया। इसके बाद लोगों ने सिपाहियों को घेर लिया और डंडों से पीट दिया। किसी तरह से सिपाही अपनी जान बचाकर थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस फोर्स मौके पहुंची। तब तक मौके से लोग भाग गए थे। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है। घायल सिपाहियों का बंडा सीएचसी पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। सीओ पुवायां पंकज पंत ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



## ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में आज व्यापार मण्डल करेगा पुतला दहन, भेजेगा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा व महिला अध्यक्षा मीनू गुप्ता,मण्डल अध्यक्ष संजय अग्रवाल व नगर अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल समन्वय समिति की बैठक में जिला युवा कार्यकारिणी का गठन कराया।जिसमे अध्यक्ष सुमित मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गिरी, अमित अवस्थी, विजय शुक्ला खमरिया, उपाध्यक्ष रवि मिश्रा, नवीन गिरी, वरुण कटियार, विकास वर्मा, आदित्य बरनवाल, विनीत दीक्षित, शांतनु मिश्रा, महामंत्री अर्जित अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला मंत्री आलोक कश्यप, राज बहादुर सिंह, संकल्प शुक्ला, विनय मौर्य विदुर, सीवेन्द्र सिंह, चन्दन मिश्र, दीपक श्रीवास्तव, प्रचार मंत्री शुभम मित्तल, आट्र्स खान, संगठन मंत्री सुशील मिश्र, वीरेंद्र विश्वकर्मा, निशांत अग्रवाल, मुदित, वरुण दीक्षित मुकुल शुक्ला, विवेक कुमार कायकारिणी अंकित वर्मा, मयंक श्रीवास्तव। चयनित पदाधिकारियों को अशोक गुप्त, अजय अग्रवाल, शरद मेहरोत्रा इंदु, राजू अग्रवाल, महामंत्री शशांक वैश्य, कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह ठकराल, अध्यक्ष रूपाली शुक्ला, महामंत्री माला शास्त्री, जगदीश शर्मा, अमित मिश्रा, डॉ इरा श्रीवास्तव, डॉ रूपक टंडन, और अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।व्यापार मंडल द्वारा आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में आज 12 सितम्बर समय 11बजे बड़े चौराहे पर पुतला दहन एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## ग्राम सुजानपुर में 14 सितंबर लगेगी चकबंदी की विशेष ग्राम अदालत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को चकबंदी ग्राम से सम्बन्धित निगरानी अपील,आपत्तियों का स्थल पर ही निस्तारण कर ग्राम के कृषकों को त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से 14 सितंबर को ग्राम सुजानपुर परगना व तहसील धौरहरा जिला खीरी में विशेष ग्राम अदालत (चकबन्दी) का आयोजन होगा।बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर ने बताया कि उप्र के चकबन्दी आयुक्त से प्राप्त निर्देशों एवम् डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अनुमति के अनुपालन में 14 सितंबर को ग्राम सुजानपुर परगना व तहसील धौरहरा जिला खीरी में विशेष ग्राम अदालत (चकबन्दी) का आयोजन होगा, जिससे ग्राम से सम्बन्धित निगरानी अपील,आपत्तियों का स्थल पर ही निस्तारण कर ग्राम के कृषकों को त्वरित न्याय प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। चकबंदी की विशेष ग्राम अदालत में अभियान स्तर पर वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। ग्राम अदालत में जो आदेश पारित होगा।उसका तत्काल अनुपालन अभिलेख पर भी कराया जाएगा, ताकि कृषकों में इसके प्रति उत्साह उत्पन्न हो।




# पलिया स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हॉस्पिटल संचालकों में मचा हड़कंप

* सेवा हॉस्पिटल को किया सीज, दूसरे को दिया नोटिस

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी

पलिया नगर के दुधवा रोड पर अवैध रूप से संचलित एक निजी अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने से निजी अस्पतालों में हड़कंप मच गया है। पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक रेडियोलॉजिस्ट डॉ भारत सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए नगर के दुधवा रोड पर अवैध रूप से संचलित सेवा हॉस्पिटल पर कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया है वहीं एक अन्य सफल हॉस्पिटल में मानक के विपरीत खामियां मिलने पर नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी है। मोहल्ला माहीग्रान में परमेश्वर मेडिकल स्टोर पर अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन हो रहा था जिसका कोई भी रजिस्ट्रेशन नहीं मिला केवल मेडिकल स्टोर का लाइसेंस था मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लीनिक संचालित होने के करण मेडिकल स्टोर को भी सीज कर दिया गया अधीक्षक भारत सिंह द्वारा अचानक की गई कारवाही से नगर में अवैध रूप से संचलित हॉस्पिटल माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को लोकसभा चुनाव अगले साल होने हैं, लेकिन अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है। खीरी जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सोमवार से भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के 12 इंजीनियर के माध्यम से जनपद में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवी पैंट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य शुरू हो गया, उक्त इस कार्यो के पर्यवेक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक ईवीएम एवं वीवी पैंट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जॉच भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, के इंजीनियरों के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, यह कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण होने की सम्भावना है। यह भी निर्देशित किया कि फर्स्ट लेवल चेकिंग हेतु तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति बिना पहचान पत्र के प्रवेश नहीं करेगा और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मोबाइल या ज्वलनशील पदार्थ एफएलसी हाल में प्रवेश नहीं किया जाएगा। इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र, लखनऊ से जारी कार्यक्रमनुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम को नोडल अधिकारी एफएलसी नामित किया है, जिनके पर्यवेक्षण में जनपद में उपलब्धईवीएम-वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूर्ण होगा। इस अवसर पर बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख प्रथम, डिप्टी कलेक्टर अश्वनी कुमार सिंह, एडीईओ तौसीफ अहमद व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। डीईओ/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के पश्चात सीडीओ अनिल सिंह ने भी निरीक्षण किया और सभी उपस्थित अधिकारी एवं बीएएल के इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

# ग्राम पंचायत राजगढ़, परसपुर, परासन में हर बूथ स्तर पर घर-घर जाकर कलश में चुटकी-चुटकी मिट्टी ली

जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के निमित सोमवार को 139 गोला गोकर्णनाथ विधान सभा क्षेत्र के कुंभी मण्डल में ग्राम पंचायत राजगढ़,परसपुर, परासन में हर बूथ स्तर पर घर घर जाकर कलश में चुटकी चुटकी मिट्टी ली गई और बताया गया कि जो हमारे देश के लिए वीरगति को प्राप्त हुए हैं उनकी स्मृति में देश की राजधानी दिल्ली में बनाए जा रहे कर्तव्य पथ और अमृत वाटिका में गांव गांव शहर शहर के घरों की मिट्टी प्रयोग की जाएगी ।जहां जहां जिस जिस गांव में मिट्टी संग्रह करने वाले लोग पहुंचे लोगों में देश प्रेम भावना और उत्साह दिखाई दिया टोली बनाकर भारत माता की जय, वंदेमातरम ,मेरी माटी मेरा देश के नारे लगाए गए ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संयोजक राष्ट्रीय कार्यक्रम एवम् पूर्व मंडल अध्यक्ष कुम्भी आत्मानंद शुक्ला ,कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री कुंभी रामनाथ राठौर,ओबीसी मोर्चा कुम्भी मण्डल अध्यक्ष अनिल स्वामी ओबीसी मीडिया प्रभारी कुम्भी मंडल राममूर्ती यादव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह, युवा मोर्चा उपाधक्ष सूरज कश्यप, ग्राम संयोजक पुनीत कुमार मिश्रा सौरभ पाल सिंह,विपिन कुमार पाल, उपेंद्र सिंह प्रेमपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

# अवैध वसूली के खिलाफ होगा आंदोलन

* विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी, किसानों व अन्य लोगों को सही जानकारी नहीं देते
* अवैध वसूली बंद न होने पर उपकेंद्र परिसर में आंदोलन की चेतावनी दी

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

किसान कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों और अधिकारियों पर ट्यूबवेल तथा बिजली कनेक्शन के लिए अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया है। बताया कि अल्हागंज विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी, किसानों व अन्य लोगों को सही जानकारी नहीं देते। ट्यूबवेल तथा विद्युत कनेक्शन के लिए जब लोग संपर्क करते हैं, तो उनसे बिजली कनेक्शन के लिए क्रमशः पांच हजार तथा डेढ़ लाख रुपये तक की मांग होती है। जबकि बिजली कनेक्शन घरेलू का 1368 रुपये और ट्यूबवेल के कनेक्शन का विभागीय शुल्क 83000 रुपये निर्धारित है। उन्होंने अवैध वसूली बंद न होने पर उपकेंद्र परिसर में आंदोलन की चेतावनी भी दी है। वहीं, एसडीओ जगदीश प्रसाद का कहना है कि विद्युत कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन और निर्धारित शुल्क जमा होता है। इसमें अवैध वसूली की गुंजाइश नहीं है। फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी।


# गन्ना में लगा सड़न रोग, सैकड़ों बीघा फसल प्रभावित

जन एक्सप्रेस । हरदोई

लाल सड़न रोग गन्ने की फसल को बर्बाद कर रहा है। इस रोग का सर्वाधिक प्रकोप प्रजाति-238 की पौध पर है। इससे गन्ना किसानों में परेशानी दिखाई दे रही हैं। चीनी मिल भी लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ना की खरीदारी नहीं करती हैं। हरियावां में चीनी मिल होने के कारण किसान गन्ना की फसल को अधिक क्षेत्रफल में करते हैं। इसमें अन्य फसलों से अधिक लाभ भी मिल रहा है लेकिन, इस साल पौध गन्ने की फसल में बहुत तेजी से लाल सड़न रोग लग रहा है। इससे किसान बहुत परेशान हैं। गन्ना की फसल लगभग तैयार है। दो माह बाद चीनी मिल चालू होने को है और हरियावां, मवैया, सधिनावां, कुसरेली, कोरिगवां, उतरा, भदेवरा, आछुआपुर, बेहड़ा, पेंग, बिलहरी, भीठी, अरुआ, पिपरी, गदाईपुर, मुरवा, मंदरावा, वीरमखेड़ा, कसियापुर समेत कई गांव में गन्ने की शीघ्र तैयार होने वाली प्रजाति-238 की किसानों बोआई की है। इसी में यह रोग भी लगा है। कसियापुर निवासी नीलेश कुमार ने बताया कि गन्ने की शीघ्र प्रजाति-238 की पौधे फसल बहुत तेजी के साथ सूख रही है। चीनी मिल इसकी खरीदारी भी नहीं करती है। मवैया निवासी गन्ना किसान राजीव ने बताया कि लाल रोग लगने से गन्ने की फसल सूखने की शुरुआत हो गई है। चीनी मिल का पेराई सत्र जल्द चालू हो गया तो कुछ फसल किसान बेच पाएंगे। चीनी मिल यूनिट हेड प्रदीप त्यागी ने बताया कि चीनी मिल का पेराई सत्र तय समय शुरू होगा। जिन खेत में लाल सड़न रोग लग रहा, इसकी जानकारी किसान गन्ना पर्यवेक्षक को दें।

# राष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. हरिमोहन पुरवार

**जन एक्सप्रेस | उरई**



राजस्थान की कोटा नगर स्थित हिन्दी को समर्पित संगम अकादमी के द्वारा अपने उरई के इतिहासवेत्ता, पुरातत्व अनुरागी डा. हरी मोहन पुरवार को राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान से शनिवार को ऑनलाईन सम्मानित किया गया। संगम अकादमी के निदेशक ओम प्रकाश लववंशी ने अपने हस्ताक्षरों से से युक्त सम्मान पत्र एसएमएस द्वारा डा. पुरवार को प्रेषित किया। डा. पुरवार को यह राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान, उनके द्वारा हिन्दी में लिखी गई अठारह पुस्तकों के लिये प्रदान किया गया। यह पुस्तकें इतिहास तथा बुन्देलखण्ड की मन भावन संस्कृति पर आधारित हैं।

पुरवार एक राष्ट्रीय स्तर के मुद्रा संग्राहक हैं। उनके विलक्षण मुद्रा संग्रह हेतु उनके नाम को राष्ट्रीय स्तर की एक मात्र मान्यता प्राप्त लिम्का बुक आफ रिकार्ड्स 2022 में सम्मिलित किया गया है। अपने निजी संग्रह में विरासत की दृष्टि से महत्वपूर्ण कई वस्तुओं का अद्भुत संकलन हैं। जिनमें से शंख, सीप, कौडी, सरौते, हाथ पंखे, भारतीय सिक्के भारतीय नोट,पीतल तथा मिट्टी के दीपक, प्राचीन लेखन सामग्री, प्राचीन घरेलू उपयोग की वस्तुयें, श्रीगणेश की क्राफ्ट पेन्टिंग्स, श्रीगणेश की विभिन्न प्रकार की मूर्तियां, उनके व्यू कार्ड्स, डाक टिकट, पोस्ट कार्ड्स, व्यू कार्ड्स आदि है। वह स्वयं समय समय पर विभिन्न विद्यालयों तथा विभिन्न शहरों में अपने संग्रह की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को अपनी अद्भुत गौरवमयी विरासत से परिचित कराते हैं। उनके इन सभी कार्यों में उनकी पत्नी सन्ध्या पुरवार का पूरा योगदान रहता है। डा. पुरवार को अभी जून 2023 में अलीगढ की मदनमोहन वृजलोक संस्था के द्वारा डा. हर्ष नन्दिनी भाटिया स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इस राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान से सम्मानित किये जाने पर नगर की तमाम सामाजिक संस्थाओं तथा उनको प्रियजनों द्वारा बधाईयां दी जा रही है।

# डीएम ने महिला जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | महोबा**

जिलाधिकारी मृदुल चैधरी ने जिला महिला चिकित्सालय, महोबा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड केबिन, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, नवजात इकाई सेंटर, आयुष्मान वार्ड आदि वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित स्टॉफ नर्स एवं चिकित्सकों से भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा लेबर रूम का रजिस्टर चेक किया और 01 माह में अस्पताल में होने वाले प्रसवों की संख्या की जानकारी ली। इस पर उपस्थित चिकित्सकों नें बताया की माह जुलाई एवं अगस्त में कुल 666 प्रसव अस्पताल में हुए हैं। जिलाधिकारी नें औषधि वितरण काउंटर पर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने सी. एम. एस. को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा ना लिखी जाये सभी दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध करायी जाएँ तथा अस्पताल में साफ़-सफाई के पुख्ता इंतजाम किये जाएँ और सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करायी जाएँ।

# आर्यावर्त बैंक शाखा से भूमिहीन मृतक किसान के नाम बना केसीसी कार्ड

## कर्ज लेने के 7 साल बाद मृतक किसान के पुत्र को थमाया नोटिस, एसडीएम ने तहसीलदार को दिए जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस | कोंच**

भूमिहीन किसान की मौत के चार साल बाद वर्ष 2016 में आर्यावर्त बैंक द्वारा मृतक किसान के नाम 56815 का केसीसी कार्ड बनाने का मामला सामने आया है। नोटिस पहुंचने पर मृतक किसान के पुत्र ने मामले की शिकायत एसडीएम से की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार को तत्काल जांच के आदेश दिए।

सोमवार को आर्यावर्त बैंक कोंच की मुख्य शाखा का अजब-गजब मामला उपजिलाधिकारी अतुल कुमार के पास भारतीय किसान यूनियन लेकर पहुंची। बैंक की करतूत सुन एसडीएम भी सन्न रह गये। मृतक रामराजा पुत्र अमृतसिंह निवासी ग्राम खैरी की मृत्यु वर्ष 2012 में हो गई थी।मौत के चार साल बाद वर्ष 2016 में आर्यावर्त बैंक ने मृतक किसान के नाम 56815 का केसीसी कार्ड बना डाला। उसका ब्याज बढ़ते-बढ़ते मौजूदा समय में 104454 रूपया हो गया। अब बैंक ने एक सितंबर 2023 यानी कर्ज लेने के सात साल बाद बेटे आनंद को बसूली का नोटिस पंजीकृत डाक से भेज दिया।

एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेकर पूरे प्रकरण पर तहसीलदार अभिनव तिवारी को जांच का आदेश देकर आर्यावर्त बैंक मैनेजर व आर्यावर्त बैंक के आला अफसरों को भी पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।




बहरहाल एक भूमिहीन मृतक किसान के नाम केसीसी कार्ड कैसे बन गया, ये जांच का विषय है। लेकिन मामला गंभीर है और एसडीएम भी सख्त नजर आ रहे।

### क्या बोले जिम्मेदार

**कोंच।** एसडीएम कोंच अतुल कुमार ने बताया कि किसान यूनियन अध्यक्ष ने एक पत्र दिया है। जिसमें मृतक के नाम आर्यावर्त बैंक द्वारा केसीसी कार्ड जारी करने का आरोप है। प्रकरण गंभीर है। जांच के आदेश दिए हैं। शाखा प्रबंधक व आर्यावर्त बैंक के बड़े अधिकारियों को पत्र भेज स्पष्टीकरण मांगा है। जांच बाद कठोर कार्रवाई होगी।

# मैनेजर हत्या कांड में दो आरोपी भेजे गए जेल

**जन एक्सप्रेस | रामपुर कारखाना /देवरिया**

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बिशनपुर तिवारी टोला निवासी ई रिक्शा वर्कशॉप मैनेजर अजय कुमार की रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता उपेंद्र प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों उत्तर हत्या और एससी एसटी का केस दर्ज किया था। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी कर रहे हैं। पुलिस ने देर रात मामले के दो आरोपी सन्नी यादव पुत्र छोटक यादव उर्फ़ राजकिशोर यादव और नीरज यादव पुत्र सोहन यादव निवासीगण विशुनपुरा तिवारी टोला थाना रामपुर कारखाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया। रविवार को सीओ सदर की देखरेख में पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय ने कहा कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक सवार युवकों को रौंदा

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

कजली मेला देखने आ रहे बाईक सवार युवको को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी है, तथा उसके साथी युवक को गम्भीर हालत मे उपचार हेतु कानपुर ले जाया गया है। ट्रक ड्राईवर और खलासी ट्रक को छोड़कर भाग खड़े हुए है। घटनाक्रम मे पता चला है कि कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम अलीपुरा के निकट बांदा से बाईक पर सवार हो कजली मेला देखने आ रहे दिनेश तथा सत्यम को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दिनेश की घटनास्थल पर मौत हो गयी और सत्यम बुरी तरह जख्मी हो गया था जख्मी युवक सत्यम ने बताया कि दिनेश के साथ बांदा जिले कजली मेला देखने जा रहे थे सत्यम की उम्र 20 वर्ष तथा निवासी बलखंडी नांका बांदा और दिनेश की उम्र 22 वर्ष निवासी बिजलीखेड़ा बांदा बताया है, दोनो युवक बाइक पर सवार हो ऐतिहासिक कजली मेला देखने महोबा शहर आ रहे थे अलीपुरा के निकट महोबा से कबरई की ओर आंधी गति से भाग रहे ट्रक ने बाइक मे टक्कर मारकर दिनेश को मौत की नींद सुला दिया है तथा दिनेश का साथी युवक सत्यम बुरी तरह जख्मी हो गया है। जख्मी युवक सत्यम को राहगीरो द्वारा जिला चिकित्सालय मे उपचार हेतु लाया गया था जहॉ उसकी हालत गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सको ने कानपुर मेडिकल के लिए रिफर किया है। मृतक युवक के शव को थाना कबरई पुलिस ने कब्जे मे लेकर विच्छेदन गृह भेजा है।

**✳ एक की घटनास्थल पर मौत, दूसरे की हालत गम्भीर**

# एसपी ने कानून व्यवस्था को लेकर किया फेरबदल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने जिले की कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए एक बार फिर बड़ा बदल कर दिया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तिवारी को अपराध शाखा में नई तैनाती मिली है। वहीं उप निरीक्षकों में बल्लभ नगर चौकी इंचार्ज रामवीर को चुर्खी थाना का एसएसआई बनाया गया है। जबकि योगेंद्र शर्मा को चुर्खी थाना से बल्लभ नगर चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। इसी प्रकार निसार अहमद को जालौन, राजेश सिंह को कोंच, भीष्म पाल को कोंच, बलराम तिवारी को आटा, अरविंद सिंह को सिरसा कलार, चंद्र पाल और मोती लाल को कोटरा थाना भेजा गया है। इसीक्रम में एक दर्जन से अधिक सिपाहियों को भी इधर से उधर किया गया।

# योगी सरकार में हो रहा है अभूतपूर्व विकास: डॉ शलभ मणि त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने आज विकास भवन प्रांगण में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदर्शनी के माध्यम से अपना रिपोर्ट कार्ड आमजन के समक्ष रखा है। प्रत्येक सेक्टर एवं समाज के सभी वर्गों के हित में राज्य सरकार ने कार्य किया है। गन्ना किसानों का भुगतान, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, गरीबों का आवास देने तथा युवाओं को सबसे ज्यादा रोजगार देने सहित लगभग दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। योगी सरकार ने प्रदेश के सांस्कृतिक गौरव में निरंतर वृद्धि की है। चाहे काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर हो अथवा अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर। प्रदर्शनी देखने से युवाओं को विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी आम जनमानस को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं प्रदेश के विकास की नई गाथा से रूबरू होने और अपने प्रदेश को जानने का अवसर देती है। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है।



वर्तमान समय में 6 एक्सप्रेस-वे संचालित है एवं पांच एक्सप्रेसवे अभी निर्माणाधीन है। 5 शहरों में मेट्रो ट्रेन पहुंच गई है और 5 में निर्माणाधीन है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर विकास हो रहा है। राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों की वजह से किसानों के बैंक खातों में सीधा भुगतान हो रहा है। क्रय केंद्र पर बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 1.38 लाख विद्यालयों का विकास किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 45 लाख से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। जिला सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 11 सितंबर से 13 सितंबर तक संचालित की जाएगी। आमजन प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक उक्त प्रदर्शनी का निःशुल्क अवलोकन कर सकते हैं। इस अवसर पर सूचना विभाग से ओमकार पांडेय, मिठाई लाल, अनिरुद्ध, सोनू कुमार, प्रिंस मिश्रा, अनिल मिश्रा सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

# परिवार परामर्श टीम के सहयोग से तीन परिवारों में कराए गए समझौते

**जन एक्सप्रेस | उरई**

एसपी के निर्देशन व महिला सेल प्रभारी की अध्यक्षता में सोमवार को सदस्यगणों के बीच पुलिस कार्यालय में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। इस दौरान बिखरने की कगार पर पहुंचे तीन परिवारों को समझा बुझाकर उनका मौके पर ही समझौता कराया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में महिला सेल प्रभारी पूनम की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवारों के विवादों को निरंतर सुना जा रहा है। जिसको लेकर सोमवार को भी परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें मामूली विवादों के चलते बिखरने की कगार पर पहुंचे गुलबशा पत्नी राजा



बाबू निवासी मोहल्ला फौजदारी थाना समथर झांसी, निशा पत्नी शैलेंद्र निवासी मोहल्ला बघौरा कोतवाली उरई, पूजा पत्नी प्रवीण कुमार निवासी ग्राम आमखेड़ा कोतवाली जालौन समेत तीन परिवारों को समझा बूझकर उनका मौके पर ही समझौता कर दिया गया। इस दौरान महिला सेल प्रभारी के अलावा सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

# रास्ता बंद होने से परिषदीय विद्यालय के छात्र बैठे धरने पर

**जन एक्सप्रेस/बैतालपुर/देवरिया।** बैतालपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय बरारी प्रथम का रास्ता बंद हो जाने से परेशान छात्र सोमवार की सुबह सड़क पर धरने पर बैठ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बच्चों को समझाने में जुटी है। प्रधानाध्यापक के अनुसार इसकी शिकायत विभाग को की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिश्चंद्र त्रिपाठी व शिक्षकों का कहना है कि बगल में स्थित एक मंदिर की चहारदीवारी चलाते समय स्कूल में जाने का रास्ता अचानक बंद कर दिया गया। जिससे छात्रों को स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है। एक महीना पहले एसडीएम, बीएसए, बीईओ को इस परेशानी से अवगत कराया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई। विद्यालय का रास्ता अचानक बंद होने से बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों के समझाने के बावजूद छात्र सड़क पर बैठे हुए हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व हेल्थ वेलनेस सेंटरों में 17 से 2 अक्टूबर तक लगाया जाये आयुष्मान मेला: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस | महोबा**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 17 सितंबर 2023 से शुरू होने वाले आयुष्मान भव कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित हुई। यह अभियान 17 सितंबर 2023 से शुरू होकर 02 अक्टूबर 2023 तक चलेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर हर शनिवार को तथा हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर रविवार को आयुष्मान मेला लगाया जाए। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जाए तथा तथा लोगों को रक्तदान एवं अंगदान के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गांव में सब प्रतिशत गोल्डन कार्ड जनरेट किए जाएं और सभी नागरिकों की आईडी जेनरेट किया जाए। दिनांक 13 सितंबर 2023 को महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा दिल्ली से इस अभियान का उद्धघाटन किया जायेगा, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-धर्मदासपुर, विकास खण्ड-जगतपुर, जनपद-रायबरेली**

पत्रांक : ग्रा०पं०/2023-24 दिनांक : 11.09.2023

**टेण्डर नोटिस**

राज्यनित्त/चौदहवां वित्त/ मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक **12.09.2023** को सायं 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/-रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इण्टरलॉकिंग सी.सी. पेवर ब्लॉक 80 MM THICK-30 | 455 वर्ग मीटर 14560 नग | 15 दिन | 1% | इण्टर लॉकिंग निर्माण पक्की सड़क से जूनियर विद्यालय तक |

प्रतिबंध/निर्देश:-

1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी, उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाड़ा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे।
2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा।
3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

(नित्यानन्द राय)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-धर्मदासपुर, जगतपुर, रायबरेली

# साइबर सेल टीम ने ऑनलाइन ठगी गई लाखों की रकम कराई वापस

**जन एक्सप्रेस | उरई**




तमाम जागरूकता अभियान के बाद भी जनपद में ऑनलाइन ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा द्वारा जनपद में आए दिन ऑनलाइन ठगी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस टीम द्वारा इतना जागरुक करने के बाद भी लोग ठगो के हाथों शिकार हो रहे हैं। बीते दिनों सत्यम से 166700 रूपए, सौरभ श्रीवास्तव से 49731 रुपए और सलमान खान से 15479 रुपए की ऑनलाइन ठगी हुई थी। इन तीनों पीड़ितों ने पुलिस ऑफिस जाकर एसपी से शिकायत की थी। जिसके बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए साइबर सेल टीम को लगाया था। जिसमें साइबर सेल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों लोगों से ठगे गए करीब दो लाख 31 हजार रुपये की रकम वापस उनके खातों में ट्रांसफर कर दी। अपनी ठगी गई रकम वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने एसपी व उनकी टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), हवाली, लखनऊ**
सिविल सूट नं0 : 3060/2022
तारीख पेशी- 23.09.2023
**कन्हैया लाल**
**बनाम**
**संस्कार पाण्डेय**

कन्हैया लाल आयु लगभग 62 (बासठ) वर्ष पुत्र भगवन्त, निवासी जुराबन पुरवा मजरा ग्राम- मकदूमपुर, गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-4 परगना व तहसील सदर, जिला-लखनऊ।

.....वादी

**बनाम**

1- संस्कार पाण्डेय पुत्र राजेश चन्द्र पाण्डेय, निवासी-46/11/2ए/बी, गणेश नगर, इलाहाबाद अब जिला-प्रयागराज, हाल निवासी फ्लैट नं0-73 भागीरथी अपार्टमेन्ट, टावर-1 (एक), वृन्दावन, आवास विकास, लखनऊ।, 2. रूपेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र अवधेश चन्द्र श्रीवास्तव, निवासी-बदलापुर मार्ग, चुंगी के पास, कचेहरी, हुसैनाबाद, जिला-जौनपुर, 3. सूरज सिंह पुत्र ज्ञानेन्द्र सिंह, निवासी-119, ग्राम लतीफपुर, भगवन्तपुर माल, तहसील-मलिहाबाद, जिला-लखनऊ।, 4. शैलेन्द्र कुमार, एडवोकेट, तहसील-मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ।, 5. अंकुर मिश्रा, टाइपिस्ट, मोहनलालगंज तहसील परिसर, तहसील - मोहनलाल गंज, जिला-लखनऊ।

.....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **विक्रय अभिलेख निरस्त करने आदेशात्मक एवं निषेधात्मक डिक्री** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह **23/09/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 23.09.2023** को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 29.08.2023 ई0 को जारी किया जाय।

**-मोहर अदालत**

# नपं अध्यक्ष ने नगर विकास राज्य मंत्री से की रुपईडीहा को आदर्श नगर पंचायत घोषित करने की मांग

* जल निकास, नाला निर्माण, स्वास्थ्य व्यवस्था, नियमित विद्युत आपूर्ति, जर्जर सड़क का मुद्दा भी उठाया

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर रविवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। कार्यक्रम के बाद उन्होंने बहराइच नगर में रितेश गुप्ता के दाल मिल पर आयोजित गाष्ठ व्यापारियों के कार्यक्रम में पहुंच कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।
इस कार्यक्रम में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर, चेयरमैन रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य, गौरी शंकर, मुश्ताक अली, कुल भूषण अरोड़ा, प्रशांत मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी, राधेश्याम गुप्ता, सुरेश गुप्ता, जितेंद्र प्रताप सिंह, रतन अग्रवाल, संजय गुप्ता, किशन गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, विनय प्रकाश गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों के कार्यक्रम के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष रुपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने नवसृजित नगर पंचायत रुपईडीहा को आदर्श नगर पंचायत घोषित करने का मुद्दा उठाया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को बताया कि सामरिक दृष्टिकोण से रुपईडीहा का महत्व काफी अधिक है। बहराइच जिले के अंतिम छोर पर नेपाल सीमा पर स्थित इस कस्बे में कई समस्याएं आज भी मौजूद हैं। जल निकासी की समस्या बेहद गंभीर है। जल निकासी के लिए कस्बे के बाहर तक नाला निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। नाला निर्माण न होने के चलते कस्बे का पानी गलियों और सड़कों में भरा रहता है। जबकि इस कस्बे से प्रतिदिन दर्जनों देशी विदेशी पर्यटक आवागमन करते हैं। ऐसे में लोगों को गंदगी और पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे अपने देश की सभी धूमिल होती है। कस्बे में विद्युत आपूर्ति जर्जर तार और ट्रांसफार्मर पर की जा रही है आए दिन कई घंटे के लिए बिजली आपूर्ति यह कहकर बाधित कर दी जाती है किया तो तार टूट गया है या फिर ट्रांसफार्मर जल गया है नगर पंचायत अध्यक्ष ने नए ट्रांसफर लगवाने, जर्जर विद्युत तारों को बदले जाने और नाला निर्माण के साथ ही नगर की खराब सड़कों की मरम्मत कराए जाने की मांग की। यह भी मांग उठेगी नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर नहीं है जबकि भारत नेपाल दोनों देशों के नागरिक इलाज करने के लिए आते हैं। डॉक्टर श्री वैश्य ने नगर विकास राज्य मंत्री से मांग की कि रुपईडीहा कस्बे के अंतराष्ट्रीय महत्व को देखते हुए इसे आदर्श नगर पंचायत घोषित किया जाए और चौमुखी विकास के लिए शासन से धन उपलब्ध कराया जाए जिससे कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि धूमिल ना हो। नगर विकास राज्य मंत्री ने नगर पंचायत अध्यक्ष को आस्वस्त किया है कि वह जल्द इस विषय पर विचार विमर्श के बाद निर्णय लेंगे।

# मण्डलायुक्त ने पुलिस विभाग द्वारा चयनित अयोध्या के विभिन्न 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में की समीक्षा बैठक



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा चयनित अयोध्या के विभिन्न 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में समीक्षा की गयी। उन्होंने चयनित स्थलों का पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर भूमि की प्रकृति व उसकी नवैय्यत आदि की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये ।इसके अतिरिक्त अयोध्या के यातायात योजना आदि की भी चर्चा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल पटेल, एसपी यातायात आर एस गौतम, सीओ ट्रैफिक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मे आयोजित भंडारे का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** कस्बा बीकापुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम मची हुई है। बीकापुर कस्बा में पुलिस क्षेत्र अधिकारी कार्यालय के सामने बाल श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन में राधा एवं कृष्ण के जयकारे लग रहे हैं। यहां पंडाल में आकर्षक झांकी सजाई गई है। पंडाल के पास भजन कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी डा राजेश तिवारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मे आयोजित भंडारे का फीता काटकर शुभारंभ किया। तथा भजन कीर्तन में शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व श्री कृष्ण प्रतिमा पर धूप दीप दिखा माल्यार्पण कर धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत किया। आयोजन मंडल द्वारा क्षेत्राधिकारी बीकापुर डा राजेश तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, सभासद बृजभूषण उर्फ राजन पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संरक्षक ज्ञान प्रकाश मोदनवाल, विकास मोदनवाल, रितिक कशौधन, शिवम मोदनवाल, शालू कसौधन, शुभम, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अशोक मोदनवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। धार्मिक भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक मंडल के अशोक मोदनवाल ने बताया कि पिछले कई बरसों से कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा बीकापुर कस्बे में अन्य जगहों पर भी पंडाल सजाकर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी नर्स दे रही शिकायतकर्ता व पीड़ित को धमकी

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** तारुन सीएचसी के नंसा एएनएम सेंटर की स्थानांतरित स्टाफ नर्स निशा दुबे का नया कारनामा सामने आया है ।स्थानांतरन से बौखलाई दबंग नर्स निशा दुबे ने अपने सहयोगियों को मामले को दबाने के लिए पीड़ित व शिकायत कर्ता को धमकाने व मामले को दबवाने के लिए अनुचित प्रयास शुरू कर दिया है। बता दे कि दबंग नर्स के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला विभागीय जांच रिपोर्ट में सिद्ध होने के बाद सीएमओ द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से नंसा एएनएम सेंटर से हटा दिया गया। लेकिन सीएमओ के आदेश के बावजूद अपनी दबंगई के बल पर नर्स निशा दुबे नए तैनाती स्थल पर नही गयी। बल्कि उसने अपने सहयोगियों के माध्यम से शिकायत कर्ता समाजसेवी पर ही तमाम लोगो से दबाब बनवाकर मामले में सुलह का हथकंडा अपनाना शुरू कर दिया। इतना ही नही नर्स का मया बाजार निवासी एक रिश्तेदार जो किसी मेडिकल कम्पनी में एमआर की नौकरी करता है वह भी खुद को एक प्रतिष्ठित अखबार का पत्रकार बताते हुए अपनी रिश्तेदार के काले कारनामो को छुपाने के लिए प्रतिष्ठित समाचार पत्र के स्थानीय संपादक को बदनाम करने की साजिश करने से बाज नही आ रहा है। उसका कहना है कि एक बड़े अखबार के पत्रकार से हमारे सम्बंध है सीएमओ से स्थानांतरण रूकवा लिया है। शिकायतकर्ता ने स्थानान्तरित नर्स व उसके सहयोगियों द्वारा दी जा रही सुलह समझौते की धमकी व दबाब डालने के मामले की शिकायत जिलाधिकारी अयोध्या सहित प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से पत्र भेजकर की है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई का हुआ गठन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष व मंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। इकाई पुनर्गठन की शुरुआत महानगर संगठन मंत्री अंकित भारतीय , चुनाव अधिकारी प्रो आशीष प्रताप सिंह व महानगर उपाध्यक्ष डॉ दिनेश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। चुनाव अधिकारी प्रो आशीष प्रताप सिंह ने मानवेन्द्र सिंह को इकाई अध्यक्ष व रत्नेश कुमार को इकाई मंत्री घोषित किया। इस मौके पर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठा कर उच्च गुणवत्ता के साथ शैक्षणिक वातावरण बनाना ही इस इकाई का मुख्य उद्देश्य है। इकाई मंत्री रत्नेश ने कहा कि अभाविप ही एक मात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो छात्र छात्राओं को नेतृत्व प्रदान करने में सहायक होता है ।इकाई अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने ज्ञानेंद्र पांडेय, यज्ञकिरण सिंह, शुभम द्विवेदी, शोभित सिंह, पलक दुबे, विकास पाठक, विपिन पांडेय को उपाध्यक्ष घोषित किया। आंनद प्रताप सिंह, ध्रुव मिश्रा, आदर्श चतुर्वेदी, राहुल गौड़, यश पाठक, अमन गुप्ता, शिवम को सहमंत्री बनाया। और अनुराग शुक्ला और रुचि मौर्या को विकासार्थ विद्यार्थी का संयोजक व प्रांजल और अमित कुमार को सेवार्थ विद्यार्थी का संयोजक दीपांजलि सिंह को राष्ट्रीय कला मंच अभिषेक पांडेय मीडिया संयोजक रुचि सिंह और जय श्रीरावत को छात्रा प्रमुख हर्ष तिवारी को खेल संयोजक। वहीं यश पांडेय, माता प्रसाद, नीतीश कुमार, हर्षित, अभय पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है, संचालन विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी ने किया। इकाई गठन में साकेत विस्तारक आकाश, महानगर मंत्री सत्यम दुबे, महानगर सहमंत्री अंश जायसवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बसपा की एक दिवसीय कैडर बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/दिलासीगंज-अयोध्या ।** बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में सर्वाधिक बेरोजगार लोगों को स्थाई रोजगार का अवसर मिला था आज बड़े पैमाने पर बेरोजगारी महंगाई बढ़ी है इसका समाधान केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार कर पाने में असफल साबित हो रही है हर तीसरे महीने कोई न कोई जुमला फैलाकर लोगों का ध्यान भटकाने का कार्य करती है। आज देश व प्रदेश के गरीबों में महंगाई भ्रष्टाचार को लेकर काफी आक्रोश है इससे निजात पाने के लिए आने वाले लोकसभा के चुनाव में सर्व समाज के लोग बहुजन समाज पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी पावर ऑफ बैलेंस बनाकर के देश में उभरेगी इसके लिए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी गांव गांव पोलिंग बूथ स्तर पर जनाधार को मजबूत करने में लगे हुए हैं सोमवार को ग्राम पंचायत बब्बुआपुर में बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय कैडर बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहीं बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं संचालन विधानसभा गोसाईगंज के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने किया बैठक को संबोधित करते हुए बसपा नेता विमल ने कहा कि सतासीन भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी समाजवादी पार्टी समय-समय पर बहुजन समाज पार्टी को तोड़ने व कमजोर करने की साजिश रचते रहते है क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो देश के गरीबों नौजवानों किसानों व्यापारियों की बात करती है और सत्ता में आने के बाद सर्व समाज का सामूहिक विकास करती है पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारी अपने-अपने पोलिंग बूथ को मजबूत बनाएं बैठक में श्याम बहादुर राम आशीष दुर्गेश कुमार संदीप कुमार मंसाराम मनोहर रीता देवी अर्चना देवी कलावती विद्यावती उषा देवी मनोहर रामनयन गोविंद कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई स्थानों पर बिजली गिरी

* जगह-जगह जलभराव से आवागमन बाधित रहा, डीएम के आदेश पर बंद रहे विद्यालय

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



तराई क्षेत्र में रविवार की देर रात से शुरू हुई बारिश सोमवार को पूरे दिन मूसलाधार तरीके से होती रही इस बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा। कई स्थानों पर बिजली गिरने से लोग दहशत में रहे। जल भराव के कारण आवागमन बाधित रहा।
बारिश के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों को बंद रखने का आदेश जारी किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने माध्यमिक विद्यालयों को बंद रखने के निर्देश दिए महाविद्यालय में प्राचार्य ने अपने विवेक से बारिश का अवकाश घोषित किया।
मौसम विभाग ने पहले ही बहराइच समेत आसपास की जनपदों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया था। यह अलर्ट उसे समय सच साबित हुआ जब देर रात बारिश का जो सिलसिला शुरू हुआ वह सोमवार को दोपहर बाद तक जारी रहा। तेज बारिश को देखते हुए विद्यालयों के प्रबंधन और प्रशासन ने विद्यार्थियों के लिए रेनी डे घोषित कर दिया। इस बीच बारिश की भयावहता को देखते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भी अवकाश घोषित कर दिया। महाविद्यालयों में भी अवकाश घोषित किया। इस कारण जिले की सभी शिक्षण संस्थाएं बंद रहीं। इसके अतिरिक्त टिकोरा मोड़ समेत अनेक स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी सूचना है। हालांकि किसी के हताहत होने की बात प्रकाश में नहीं आई।
तेज बारिश के कारण मेडिकल कॉलेज परिसर तालाब जैसा हो गया। पुलिस लाइन रोड, जिला अस्पताल के सामने सड़क पर भारी जलभराव रहा। इसके अलावा शहर के मोहल्ला घसियारी पूरा गाड़ी बक्शीपुरा नई बस्ती पलरी बाग अकबरपुरा नई बस्ती समेत दर्जनों स्थानों पर जल भराव के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। उधर जन एक्सप्रेस कैसरगंज संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कहरई निवासी हाजी बाले ब्रिक फील्ड की चिमनी पर तेज कड़क के साथ भारी रोशनी के बीच आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे भटटे की चिमनी लगभग 20 फीट तक चटक गई और उसका कुछ हिस्सा गिर गया। इस घटना से अफरा तफरी मच गई। हालांकि किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हई। ब्रिक फील्ड के प्रोपराइटर सिराज अहमद ने बताया कि इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

# सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या व उदय स्टालिन पर एफआईआर की मांग, उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस सनातन हिंदू धर्म के आस्था का प्रतीक है और प्रत्येक सनातनी की प्राण वायु है उनके द्वारा रामचरितमानस में रचित चौपाइयों की गलत व्याख्या कर देश में सनातन धर्म को विकृत करने की कोशिश की गई है इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य व उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी हो। वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी हरी बिलास तिवारी ने कहा कि विगत कुछ महीने से स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को जलाने टिप्पणी करने सनातन धर्म के विषय पर धर्म के ऊपर अनाप-शनाप बयान देने के कारण सनातन धर्म के अनुयाई तथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आहत है इसलिए हमारी पार्टी व आम जनमानस की तरफ से स्वामी प्रसाद मौर्य और स्टालिन के ऊपर अभिलंब कार्यवाही की जाए। उपजिलाधिकारी बीकापुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय रामजी पांडेय मंडल प्रभारी, प्रदीप तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष, रमन पांडे, वीरेंद्र तिवारी, उत्कर्ष सिंह, दीपक शुक्ला, सत्यम तिवारी, इंद्रमणि पांडे, रवि पांडेय, विपिन तिवारी जिला मंत्री, शिवमणि तिवारी ब्लॉक सचिव, सत्य प्रकाश तिवारी, सुशील कुमार पांडे एडवोकेट, विष्णुकांत पांडेय, आशीष पांडेय, गोकरन तिवारी, ओमप्रकाश पांडे समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बी तथा सी सर्टिफिकेट के लिए एनसीसी कैडेटों का कराया गया फिजिकल एवं लिखित परीक्षा

* एमएलकेपीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर आयोजित हुई परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलकेपीजी कॉलेज में स्थापित 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर के तत्वावधान में सोमवार को एम एल के पी जी कॉलेज के एन सी सी केडेटों की बी तथा सी सर्टिफिकेट में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर फिजिकल व लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 120 इच्छुक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जानकारी के अनुसार 11 सितंबर को एमएलके कॉलेज के हॉकी मैदान पर 51वे यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान, आनरी लेफ्टिनेंट सूबेदार गुरनैल सिंह व सूबेदार सुखविंदर सिंह की निगरानी में केडेटों की शारीरिक व लिखित परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा में केडेटों की शारीरिक परीक्षा में 1600 मीटर दौड़, 5 मीटर सेटल, पुशअप, चिन अप, स्किप्पिंग तथा लिखित परीक्षा के माध्यम से केडेटों को जांचा परखा गया। भर्ती में अपना स्थान सुरक्षित रखने के लिए केडेटों ने खूब पसीना बहाया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पटवाल ने बताया कि फिजिकल व लिखित परीक्षा के पूर्व केडेटों का हाइट व वेट कराने के बाद ही चयनित कैडेटों को ही लिखित व फिजिकल परीक्षा में सम्मिलित किया गया। परीक्षा में लगभग 75 सीटों के लिए 120 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान हवलदार अमर जंग गाले, मनोज राणा व नायक युवराज मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक गाय की मौत, बुरी तरह झुलसा किसान

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** सोमवार को जिले में तेज वज्रपात हुआ जिस कारण जिले में एक गाय की मौत हो गई । साथ ही एक किसान बुरी तरह झुलस गया । घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे बहराइच के लिए रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तुलसीपुर विकासखंड के बेला ग्राम सभा के बेली गांव में सोमवार को दोपहर में आकाशीय बिजली गिरने से एक गाय की मौके पर मौत हो गई और गांव का ही निवासी बजरंग पुत्र जमुना बुरी तरह से झुलस गया। गांव के प्रधान उमेश बहादुर यादव ने बताया की आकाशीय बिजली से झुलसे किसान को मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे बहराइच इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# अग्रवाल महिला सभा का दस्ता धार्मिक दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

अग्रवाल महिला सभा की ओर से आयोजित 'चलो अयोध्या चलें' कार्यक्रम के तहत एक बस व एक टैम्पो ट्रैवलर अयोध्या के लिए रवाना हुई।अयोध्या रवाना हुए इस जत्थे में सत्तर महिलाएं शामिल हुई। अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष ज्योति बन्सल ने बताया कि हम लोग संस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य और नृत्य या डांडिया वगैरह तो अक्सर करते रहते हैं।
लेकिन इस बार जब मैं अध्यक्ष चुनी गई तो मेरे मन मे था कि कुछ अलग किया जाए। इसी सोच के मद्देनजर हमने पदाधिकारियों के बीच अयोध्या दर्शन की बात रखी। जिससे सभी काफी खुश हो गई। क्योंकि महिलाओं को घर से बाहर जाने के अवसर कम मिलते है। इसलिए हम महिलाओं को अयोध्या ले जा रहे हैं।
उन्होंने कहा कि यह यात्रा धार्मिक और सामाजिक महत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण थी, क्योंकि वहाँ पर भगवान राम के अवतार स्थल पर जाने का अवसर है। सभी महिलाएं रामलला मंदिर में जाकर श्रीराम के दर्शन करेंगी। कनक भवन और हनुमान गढ़ी भी उनकी यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां उन्हें ध्यान और भक्ति का अवसर मिलेगा। यह सामाजिक घटना न केवल धार्मिक महत्व की है, बल्कि महिलाओं में सामाजिक साक्षरता और साहस भी दिखाई देता है। इसके माध्यम से वह सामाजिक सहयोग का करती है।
अग्रवाल महिला सभा के सदस्यों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अयोध्या के पवित्रतम स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करेंगी, जो उनके जीवन के एक यादगार पल बनेगा।
इस कार्यक्रम में स्नेह डालमिया, ईशा केडिया, ज्योति बंसल, नेहा अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, श्वेता मित्तल, रेखा गोयल, सुनीता ड्रोलिया, पल्लवी केडिया आदि महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

# एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन न लगाने वाले चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस । मिहींपुरवा/बहराइच**



तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पेरटहा निवासी एक व्यक्ति को जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे डब्बे में बंद कर ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन न लगाकर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। रास्ते में व्यक्ति की मौत हो गई है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरना दे ज्ञापन को एसडीएम मिहींपुरवा को सौपकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने और स्थानांतरण की मांग की। थाना मोतीपुर के ग्राम पंचायत पेरटहा निवासी नरेश पुत्र हीरालाल उम्र 55 वर्ष को होटल में कार्य करते समय किंग कोबरा सांप ने काट लिया। सांप के काटते हुए देख नरेश ने सबसे पहले अपने पैर को बांधा और ग्रामीणों तथा परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने ग्राम प्रधान रामहोसला के साथ कुछ ग्रामीणों के सहयोग से मिहीपुरवा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। मिहिंपुरवा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डॉक्टर द्वारा बताया गया कि सर्पदंश के एक घंटे में एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगना जरूरी है। समय पर उपचार मिलने से जहर बेअसर हो सकता है और मरीज को जिंदगी मिल जाती है। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन नही दिया गया। जबकि ग्रामीण किंग कोबरा को एक डब्बे में बंद कर अस्पताल पहुंचे थे। उसके बाद भी एंटी स्नेक इंजेक्शन नही लगाया गया। तुरंत सर्पदंश पुष्टि के बाद नरेश को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। रास्ते में मटेरा के पास पहुंचते ही व्यक्ति की मौत हो गई। मिहींपुरवा स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अनुराग वर्मा से रात दस बजे दूरभाष द्वारा बात की गई तो डॉक्टर वर्मा ने बताया कि हमारे डॉक्टर ने मरीज को इंजेक्शन लगाया हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिहींपुरवा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पर कोई भी मरीज आता है, तो उसे यहां के डॉक्टर बाहर मेडिकलों से दवा लेने के लिए भेज देते हैं। ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा मोतीपुर का घेराव किया तथा एसडीएम संजय कुमार एवं अधीक्षक अनुराग वर्मा को ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की।

# प्रादेशिक टूर्नामेंट खेलने के लिए बलरामपुर की हॉकी टीम झांसी के लिए रवाना

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की अंडर 14 प्रदेश टूर्नामेंट के लिए चयनित टीम को विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी ने खिलाड़ियों को विजय तिलक लगाकर झांसी के लिए रवाना किया।
जानकारी के अनुसार 11 सितम्बर को नेहरू हॉकी टूर्नामेंट के लिए पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के अन्डर-14 के चयनित हॉकी टीम के छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर गोविन्द राम के दिशा निर्देशन में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने छात्र-छात्राओं को विजय तिलक लगाकर एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जिला हॉकी सचिव रश्मि सिंह एवं विद्यालय के टीम कोच आबिद अली व अमित राणा के संरक्षता में प्रदेश स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट मे खेलने के लिए झाँसी रवाना किया।
नेहरू हॉकी टूर्नामेंट खेल फेडरेशन द्वारा संचालित हो रहे है, विदित हो कि पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज की टीम मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता जो इंदिरा स्टेडियम बहराइच में





जयपुरिया कालेज, नानपारा, बहराइच के बीच खेल हुआ था उसमें जयपुरिया कालेज नानपारा को 4 गोल से हराकर हमारे विद्यालय की टीम विजयी घोषित हुयी थी। अगले दौर के तहत प्रदेशीय प्रतियोगिता में दिनांक 12 सितंबर से 15 सितंबर तक प्रतिभाग करेगी। प्रदेश स्तर विजई चयनित खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे खेलने का मौका मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर गोविन्द राम ने बताया कि विद्यालय खेल के तहत विभिन्न खेल-कूद चल रहे है। संयुक्त शिक्षा निदेशक के निर्देश पर यह टीम प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। नेहरू हॉकी टूर्नामेंट मे पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के विद्यालय के हॉकी टीम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं मे महेश शुक्ला, हर्ष सिंह, निशांत शुक्ला, देवेश सिंह, उमेश चौधरी, अंश गौतम, बृजेश वर्मा, ओमकार पासवान, मुकेश पासवान, विवेक गौतम, अंश श्रीवास्तव, अमर पासवान, जीवेश पाण्डेय, अबू सुलेह, मोहम्मद अजहान, राहुल चौहान, अंकित कुमार चौधरी, कृष्णा वर्मा ने झाँसी में अपना जौहर दिखाने के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। विद्यालय प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी सहित उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, अध्यापकगण राघवेन्द्र त्रिपाठी (एक्टीविटी इंचार्ज), सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने झाँसी में हॉकी खेल में विजय प्राप्त करने हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सराय एक्ट में बगैर पंजीकरण के चल रहे होटल, अब होगी कार्रवाई

* पूरनपुर में संचालित होटलो, लान और बारातघरों के सत्यापन में खुली पोल
* एसडीएम ने संचालकों को जारी किए नोटिस, कार्रवाई के लिए डीएम को लिखा

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा




**पूरनपुर।** नगर क्षेत्र में संचालित होटल, लान और बारातघरों का टीम गठित कर 11 बिंदुओं पर सत्यापन किया गया। किसी का भी सराय एक्ट में पंजीकरण नहीं पाया गया। अन्य कई अनिमितताएं पाई गईं। एसडीएम ने संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। इसमें सप्ताह भर के अंदर अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने सत्यापन रिपोर्ट डीएम को भेजी है। ऐसे में कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। होटल, लान व बारातघरों के संचालकों में खलबली मच गई है।

सराय एक्ट के तहत किसी भी ऐसे होटल, गेस्टहाउस, लान आदि जहां भुगतान के आधार पर लोगों को ठहराया जाता है, का पंजीकरण होना जरूरी है। सराय एक्ट में बगैर पंजीकरण के होटल, लाज आदि का संचालन करने पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। बावजूद इसके नगर क्षेत्र में होटल, लान, गेस्टहाउस आदि बगैर पंजीकरण और मानकों के संचालित हो रहे हैं। मामला एसडीएम पूरनपुर के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने जनमानस की सुरक्षा को लेकर 18 अगस्त को जिला अग्निशमन अधिकारी, सीओ व अधिशासी अभियंता पूरनपुर, अधिशासी अभियंता विद्युत सुरक्षा व तहसीलदार पूरनपुर को पत्र जारी किया। संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों की टीम गठित कर नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित के नेतृत्व में जांच कराई गई। किसी में फूड लाइसेंस, चरित्र प्रमाण पत्र, विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र तो किसी में स्वच्छता प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र, ट्रेफिक पुलिस की मंजूरी से पार्किंग की व्यवस्था आदि अभिलेख नहीं मिले। एसडीएम ने चिन्हित होटल, लान, गेस्टहाउस के संचालकों को नोटिस जारी किया है। इसमें प्रत्येक संचालक को बिंदुवार पाई गई अनिमितताओं के संबंध में सात दिन के अंदर अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन होटलों में पाई गई अनिमितताएं

नगर क्षेत्र के मधुवन होटल एवं रेस्टोरेंट, छीना पैलेस एंड रिसोर्ट, उत्सव बैंक्वेट हाल, होटल आलोक एंड रेस्टोरेंट, साई श्रद्धा साबुरी बैंक्वेट हाल एवं लान, महिंद्रा टावर बैंक्वेट हाल, अमोल बैंक्वेट हाल, फोर सीजन, श्याम लाल, मंगलम बैंक्वेट हाल व सिटी मैरिज हाल की स्थलीय व अभिलेखीय जांच कराई। एसडीएम ने डीएम को भी जांच रिपोर्ट भेजी है। इसमें संस्थानों में अनिमितताओं का हवाला देते हुए संबंधित विभाग को अपने स्तर से निर्देशित कर कार्रवाई की बात कही गई है। ताकि शासन की मंशा के अनुरूप हाटल, लान, गेस्टहाउस आदि का संचालन हो सके।

> 20 से 30 अगस्त पर अभियान चलाया गया और चार से छह सितंबर तक तहसील क्षेत्र के होटल, लान और गेस्टहाउस का 11 बिंदुओं पर सत्यापन किया गया। स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच में गंभीर अनिमितताएं भी पाई गईं हैं। सराय एक्ट के बगैर संचालन होना पाया गया। संचालकों को नोटिस जारी कर सप्ताह भर में अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया है। इस संबंध में डीएम को भी पत्राचार किया है। उनके स्तर से कार्रवाई की जाएगी।
> –राजेश कुमार शुक्ला, एसडीएम, पूरनपुर।

### चार से छह सितंबर तक किया स्थलीय एवं अभिलेख सत्यापन

स्थलीय एवं अभिलेखीय निरीक्षण के लिए टीम गठित कर 20 से 30 अगस्त तक अभियान चलाया गया। एसडीएम ने बताया कि मानकों के अनुरूप होटल का संचालन न करने से विद्युत शार्टसर्किट एवं अग्निकांड जैसी घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। इसको लेकर चार से छह सितंबर तक तहसील पूरनपुर क्षेत्र के सभी होटल, गेस्टहाउस का 11 बिंदुओं पर सत्यापन किया गया। इनमें चरित्र प्रमाण पत्र, संस्थान कार्यरत कर्मचारियों की सूची, विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, आगन्तुक के पहचान पत्र के रख-रखाव की व्यवस्था, जिला पंचायत एवं नगर पालिका से स्वच्छता प्रमाण पत्र, सक्षम स्तर से अनुमोदित भवन का मानचित्र, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र, ट्रैफिक पुलिस की मंजूरी से पार्किंग व्यवस्था, फूड लाइसेंस व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र का बिंदु शामिल रहा। सत्यापन में कोई भी होटल, लान व बारातघर निर्धारित 11 बिंदुओं पर खरा नहीं उतरा।

# जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति व जिला स्तरीय पुनर्रीक्षा समिति की बैठक का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जिला समन्वय समिति व जिला स्तरीय पुनर्रीक्षा समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा जिला समन्वय समिति की बैठक में समीक्षा करते हुए ऋण जमा अनुपात में जिन बैंकों का ऋण जमानुपात भारतीय रिजर्व बैंक के मानक के अनुरूप नहीं था, उनको ऋण जमानुपात में अपेक्षित सुधार किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत जनपद को प्राप्त लक्ष्यों को पूर्ण किये जाने पर सभी बैंकर्स को बधाई दी। साथ ही पीएमईजीपी एवं एमवाईएसवाई में लक्ष्यों के सापेक्ष पत्रावलियों के वितरण को 15 दिन के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एनआरएलएम योजना के तहत लंबित समस्त आवेदनों को आगामी 15 दिवस के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी-कोर्ट में लंबित सरफेसी ष्टड्डह्यद्ग में बैंकों द्वारा नामित वकील, दी हुई तारीख पर उपस्थित न होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई और साथ ही यह निर्देश दिया गया कि आगे से इस तरह की पुर्नावृति ना हो। जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंक अधिकारियों को जनसुनवाई का निस्तारण समय पर करने क लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि लोगों को रोजगार हेतु ऋण देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। बैठक में एलडीएम राज कुमार सेठ सहित मुख्य विकास अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीडीएम नाबार्ड, जिला कृषि अधिकारी, सभी बैंकों के जिला समन्वयक, उपायुक्त उद्योग, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### कलक्ट्रेट परिसर में मिला रिक्शा चालक का शव

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। कलक्ट्रेट परिसर में एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोपहर बाद परिजनों ने शव की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डालचंद निवासी 55 वर्षीय याकूब उर्फ बब्बू के रूप में की। भाई जाहिद ने बताया कि याकूब रिक्शा चलाते थे। वह शराब के लती थे। पुलिस ने परिजनों के कहने पर बगैर पोस्टमार्टम कराए शव उनके सुपुर्द कर दिया।



# चंदिया हजारा के ग्रामीणों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू की भूख हड़ताल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** शारदा नदी के भूमि कटान और बाढ़ से बचाने के लिए चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से ग्रामीणों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। वन विभाग के एसडीओ ने पहुंचकर अनशनकारियों से अनशन स्थगित करने की अपील की। पूर्व योजना के तहत शारदा नदी के कटान और बाढ़ से चंदिया हजारा, राहुल नगर, खिरकिया बरगदिया गांव खेती एवं फसलों को बचाने के लिए चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार से फुटबॉल ग्राउंड में क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की। संघर्ष समिति की मांग है कि शासन द्वारा वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर चैनेलाइजेशन का कार्य, शारदा नदी को पुराने बहाव को खोले जाने का प्रस्तावित कार्य कराए जाने, शारदा नदी का कटान, बाढ़ का पानी रोकने की स्थाई व्यवस्था, पीड़ित किसानों की कृषि भूमि की व्यवस्था पर फसल छति का मुआवजा दिलाया जाए ।ग्रामीणों के द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने की जानकारी पर वन विभाग के एसडीओ चंदिया हजारा गांव पहुंचकर समिति के सदस्यों से वार्ता करते हुए एक माह के लिए हड़ताल स्थगित करने की अपील की।समिति के सदस्यों ने क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखने की बात कही है। क्रमिक भूख हड़ताल के प्रथम दिन दिलीप बैरागी, कमलेश राय, देवाशीष राय, शंकर राय, मधुसूदन मधु, शंकर विश्वास,सुब्रत, अरुण दास सहित 16 लोग शामिल रहे।

> शारदा नदी का पानी आबादी में घुसा है। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों व छतिग्रस्त घरों की सर्वे कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम अलर्ट है।
> **राजेश कुमार शुक्ला**
> उप जिलाधिकारी पूरनपुर

## फास्ट फॉरवर्ड

### अमृत वाटिका बनने में देश के हर नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही: रमेश सिंह



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। शहीदों के सम्मान में देश की राजधानी में अमृत वाटिका बनने में हर नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही उक्त बातें शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कलश लेकर मिट्टी संग्रह के दौरान शाहगंज नगर स्थित मेरी माटी मेरा देश अभियान को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि एक मुट्ठी चावल व मिट्टी इकट्ठा कर शहीदों के सम्मान में देश की राजधानी नई दिल्ली में अमृत वाटिका बनने के लिए देश के हर नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। भ्रमण के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। इस अवसर सुनील अग्रहरि भाजपा नेता, जगदंबा पांडेय, विनोद तिवारी, धीरज पाटिल, संजय चतुर्वेदी, अक्षत अग्रहरि, अजीत सिंह, रीगन सिंह, श्री प्रकाश तिवारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### लावारिस कुत्ते का उपचार करा मानवता की मिसाल पेश की

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। शाहगंज तहसील मुख्यालय के कलेक्टर गंज निवासी कुछ युवाओं ने उस समय मानवता की मिशाल पेश की, जब बाइक की चपेट में आया एक लावारिस कुत्ता घायल हो कर नाली में तड़पते हुए कराह रहा था। युवाओं ने आनन फानन में उसे पशु चिकित्सक के पास ले जाकर उपचार कराया। युवाओं के इस कृत्य का लोगों ने जमकर सराहना की। बताया जाता है कि कलेक्टरगंज में रविवार शाम एक लावारिस कुत्ता सड़क पर बाइक की चपेट में आने से घायल हो कर नाली में तड़पते हुए कराह रहा था। उसी दौरान उक्त मोहल्ले के युवा लड़के आशीष गुप्ता, अभिलाष आर्या अपने साथियों उज्जव, सूरज, उत्तम व राजन के साथ उधर से गुजर रहे थे। युवाओं से उसका कराहना नहीं देखा गया आनन फानन में उसे राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डा आलोक सिंह पालीवाल से फोन पर सम्पर्क साध कर उनके आवास पर ले गए। जहां चिकित्सक ने बेजुबानों के प्रति युवाओं के दयाभाव को देखते हुए नि:शुल्क उपचार कर उन्हें साधुवाद दिया। युवाओं के इस कृत्य का लोगों ने जमकर सराहना की।

### छप्पर पर गिरी आकाशीय बिजली

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। मछलीशहर तहसील क्षेत्र के दारुनपुर गांव में रविवार को छप्पर पर आकाशीय बिजली गिर गई। गांव निवासी आशीष तिवारी ने बताया की रात को तेज गर्जना के साथ हो रही बारिश में, बिजली गिरने की आशंका पर परिजन को वहा से हटा दिया गया था, इतने में तेज गर्जना हुई चमक के साथ बिजली छप्पर पर गिर गई, जिससे वह पूरी तरह से टूट कर जमींदोज हों गया। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित है। ग्राम प्रधान ने क्षेत्रीय लेखपाल को इसकी सूचना दिया।

# बनबसा बैराज से शारदा नदी में छोड़ा गया 1.30 लाख क्यूसेक पानी, चंदिया हजारा में बाढ़

* राहत कार्य न होने से बाढ़ प्रभावित परिवारों में रोष
* जलभराव से डूब गई धान की फसल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** बनबसा बैराज से शारदा नदी में पानी डिस्चार्ज होने के बाद चंदिया हजारा, खिरकियां बरगदिया, राहुल नगर गांव में बाढ़ आ गई। शारदा नदी का पानी हजारों घरों में घुस गया।आबादी में पानी घुसने से ग्रामीणों में खलबली मच गई। बाढ़ प्रभावित परिवार सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों लगातार हो रही बरसात से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया।सोमवार बनबसा बैराज से शारदा नदी में 1. 30 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होने के नदी में उफान आ गया। नदी का पानी चंदिया हजारा, राहुल नगर,खिरकिया बरगदिया, कॉलोनी नंबर छः के घरों में घुस गया। निचले क्षेत्रफल में चार से पांच फीट जलभराव होने से परिवार घिर गए। बाढ़ प्रभावित परिवारों के आगे आप खाना बनाने की भी समस्या खड़ी हो गई। परिवार छत पर चूल्हा जलाकर खाना बना रहे हैं। छप्पर पोश परिवारों के लिए मुसीबत बनी हुई है। अधिकांश परिवार सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचकर शरण ले रहे हैं। जरूरत का सामान लेने के लिए कई परिवार नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं।बाढ़ आने पशुओं के लिए चारे का संकट बना हुआ है। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू का कहना है कि शीघ्र जलस्तर कम नहीं हुआ तो किसानों के खेत में तैयार खड़ी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। पूर्व में बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं दिलाया गया है।

### नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में जलभराव

शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद नेपाल सीमावर्ती निचले क्षेत्र में जलभराव हो गया है। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के बाजार घाट, बैल्हा, धर्मपुरी, राघवपुरी के किसानों की फैसले पानी में डूब गई है। किसान फसल बर्बाद होने की आशंका जाता रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर माता सीता के खिलाफ टिप्पणी करने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** फेसबुक पर एक युवक द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की अर्द्धांगिनी माता सीता पर अभद्र टिप्पणी किये जाने से हिन्दुत्ववादी लोगों को ठेंस पहुंची। इस मामले में विश्व हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की। भगवान राम की अर्द्धांगिनी माता सीता के खिलाफ मोहल्ला हबीबुल्ला खां निवासी अनस खान ने शोशल मीडिया पर टिप्पणी की। इस मामले में विश्व हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली अशोक पाल को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की। तहरीर मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए माता सीता के खिलाफ टिप्पणी करने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया है। तहरीर देने वालों में मण्डल प्रभारी मनीष सिंह, जिला प्रभारी प्रशांत त्रिवेदी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चर्चित हरीश हत्याकांड का खुलासा न होने पर क्रांतिकारी विचार मंच ने दिया धरना

* 20 सितंबर से पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने की दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने नगर में 1 वर्ष पूर्व हुए चर्चित मेडिकल स्टोर स्वामी हरीश हत्याकांड का पर्दाफाश न होने पर सोमवार को मृतक की पत्नी व परिजनों के साथ रामलीला मेला मैदान में धरना दिया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजकर 19 सितंबर तक न्याय पूर्ण कार्यवाही न होने पर इस मामले को लेकर 20 सितंबर से पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी।

बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी मृतक हरीश गंगवार की प्रथम पुण्यतिथि मोहल्ला दुर्गा प्रसाद स्थित उनके आवास पर मनाई गई। दोपहर दो बजे क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ता मृतक की पत्नी व परिवार के लोग के साथ रामलीला मेला मैदान में पहुंचे और इस घटना का खुलासा न होने का कड़ा विरोध करते हुए धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक मेडिकल स्टोर स्वामी हरीश गंगवार (45) छह सितंबर 2022 को पीलीभीत के आसाम चौराहे से रहस्यमय ढंग से लापता हो गए थे। दस सितंबर को बरेली के भुता थानाक्षेत्र में गांव अटकोना में नहर के पास उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। सुनगढ़ी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हरीश के परिवार वालों ने 11 सितंबर को बीसलपुर के 12 पत्थर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाया था। तब कहीं जाकर सुनगढ़ी थाना पुलिस ने मुकदमें को गुमशुदगी से हत्या में तरमीम कर दिया था। पति के कातिलों का कोई सुराग अभी तक नहीं लग पाया है। धरने का नेतृत्व कर रहे किसान नेता पटेल ने कहा कि 19 सितंबर तक इस मामले में न्याय पूर्ण कार्यवाही नहीं हुई तो 20 सितंबर से संगठन के कार्यकर्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ जाएंगे। उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय व सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की। मृतक की पत्नी व पुत्र आशीष कुमार के अलावा धरना स्थल पर क्रांतिकारी विचार मंच के कल्पेंद्र, आयुष, प्रशांत, श्रीकृष्ण, हेमराज, लकी, नरदेव, तपिश, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद है।

# विरोधियों से बदला लेने के लिए हिंदू महिला से दिलाई सामूहिक दुष्कर्म की तहरीर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** विरोधियों को फंसाने के लिए गैर समुदाय के युवकों ने दलित हिंदू महिला को प्रलोभन देकर झांसे में ले लिया। गैर समुदाय के युवकों ने अपने ही समुदाय के विरोधियों के खिलाफ महिला से दलित उत्पीड़न व सामूहिक दुष्कर्म की तहरीर दिलाई। पुलिस की जांच में कॉल डिटेल से पूरे षडयंत्र का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने षड्यंत्र रचने वाले गैर समुदाय के एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी गैर समुदाय के युवकों पर उसी समुदाय की महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर प्राथमिक की दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।आरोपियों ने बदले की भावना से विरोधियों को फसाने के लिए हिंदू महिला को ढाल बना लिया।गैर समुदाय के युवकों ने हिंदू महिला को प्रलोभन देकर झांसे में ले लिया। महिला को प्रलोभन दिया कि मुकदमा पंजीकृत होने के बाद सरकार की ओर से उसे लाखों रुपए की धनराशि मिल जाएगी। युवकों ने महिला से विरोधियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म दलित उत्पीड़न का आरोप लगाकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दिलाई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में ही मोबाइल से आरोपियों की प्लानिंग का पर्दाफाश कर दिया। युवकों ने विरोधियों को फसाने के लिए एक दूसरे से पचास से अधिक बार कॉलिंग की। पुलिस ने तत्काल एक युवक को हिरासत में ले लिया।पूछताछ के बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

# अमृत सरोवर बनवाने के नाम पर गांवों में जमकर भ्रष्टाचार

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

* करोड़ों खर्च होने के बावजूद तालाब अपने पुराने अस्तित्व का रोना रो रहे हैं
* पिछले वित्तीय वर्ष में सुईथाकला ब्लॉक में 17 अमृत सरोवरों बनने का हुआ था चयन


विकास खंड सुईथाकला के बूढ़ूपुर गांव में पूर्ण अमृत सरोवर तालाब

**जौनपुर।** जिले के विकास खंड सुईथाकला में अमृत सरोवर तालाब बनाने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में सत्रह अमृत सरोवरों बनाने का चयन किया जिला प्रशासन द्वारा किया गया था जिसके बाद जिले व ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी उक्त तालाबों पर कार्य शुरू करा दिया जिसमें करोड़ों रुपए मनरेगा/राज्य वित्त/ केंद्रयांश से मिलाकर सरकारी धन ख़र्च भी हो गया।

लेकिन धरातल पर खर्च के अनुरूप कुछ भी कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। यही नहीं कागजों में सब बनकर तैयार हो गए हैं।जब कि जन एक्सप्रेस की टीम के पड़ताल में उक्त सभी पोखरो का कार्य आधे अधूरे हैं। जबकि अधिकांश गांवों में बने तालाबों के पूर्ण भुगतान भी हो चुके हैं और तालाब अपने पूराने अस्तित्व में ही रोना रो रहा हैं। जबकि सरकार के मंशानुरूप बीते दस जून तक सभी तालाबों का कार्य पूरा करवाये जाने का लक्ष्य था। और पिछले 15 अगस्त को ही सभी अमृत सरोवरों पर झंडारोहण करने का का निर्देश भी था। और निर्देश के क्रम में उक्त तालाबों के पास झंडा रोहण भी कराया गया लेकिन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृतसरोवर को जिस लुक में सरकार चाहती थी कि 15अगस्त पर उसे गांव वाले देखे वह वह कार्य अधिकारी कर्मचारी नहीं कर पाये। तालाब भले न बने लेकिन अधिकारी कर्मचारी जरुर बन गये। गांव में विकास के नाम पर भले ही सरकारी धन खर्च हुआ हो परंतु खर्च के अनुरूप गांवों में कार्य दिखती नही दे रहा है। गांव का विकास भले न दिख रहा हो लेकिन प्रधान, अधिकारी, कर्मचारी की गाड़ियां जरूर बदल गई हैं सरकार के मानक के मुताबिक एक भी तालाब दिखाई नहीं दे रहा है लेकिन अभी तक बारह सरोवर का कार्य कागजों पर पूर्ण होना बताया जा रहा है। जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है।

### अमृत सरोवर तालाबों पर क्या क्या बनना था

ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवरों का निर्माण किया जाना था। सरोवर के किनारे पक्का घाट बनाकर चारो तरफ इंटरलॉकिंग, पौधरोपण, बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था के साथ ही वाकिंग ट्रैक, लाईटिंग का निर्माण कराया जाना था।

> पिछले वित्तीय वर्ष कुल 17 अमृत सरोवरों का निर्माण होना था जिन्हें 12 सरोवरों पर काम हो पाया है शेष तीन पर विवाद होने की वजह से कार्य शुरू नही करवाया गया है। बहरहाल सभी अमृत सरोवरो का स्थालीय निरीक्षण कर बिधिक कार्रवाई की जाएगी।
> **नृपेंद्र बहादुर, विकास खंड सहायक परियोजना अधिकारी सुइथाकलां**

> अमृत सरोवर का निर्माण कई मदो से होना था बहरहाल मामले की जांच कर कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> **–सुशील तिवारी त्रिपाठी, जिला मनरेगा अधिकारी जौनपुर**

# लगातार बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

- जगह जगह जलभराव से आवागमन में रही दिक्कतें
- आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मंदिर का मुख्य द्वार क्षतिग्रस्त
- एएसपी आवास की बाउंड्री वाल भरभरा कर गिरी



बाड़े में मृत पड़ी भेड़े



एएसपी आवास की गिरी बाउंड्री वाल



क्षतिग्रस्त हुआ मंदिर का मुख्यद्वार



निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास हुआ जलभराव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

लगातार हो रही बारिश से सामान्य जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गांवों से शहरों तक जगह जगह हुए जल जमाव से जहां लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने भी कहर बरपाया है। अजगैन क्षेत्र आकाशीय बिजली गिरने से 127 भेड़ों की मौत हो गयी वहीं बीघापुर क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर का मुख्य द्वार क्षतिग्रस्त हो गया। लगातार हो रही बारिश से साथ उससे जुड़ी आफत ने लोगों को खासा प्रभावित किया। इसी प्रकार बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव तकरीबन दो सौ साल पुराने शिव मंदिर पर बीती रात बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आकर मंदिर का मुख्यद्वार क्षतिग्रस्त हो गया। वहां लगे टाइल्स पत्थर टूट गए। इसके अलावा मंदिर में लगे बिजली के उपकरण भी फुंक गए। इसी गांव में रखा ट्रांसफार्मर भी जल गया है। इसके अलावा बारिश के चलते शहर से लेकर गांवों तक रास्तों और गलियारों में भीषण जलभराव के चलते लोगों को आवागमन में दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। शहर के सिविल लाइन इलाके के बारिश के चलते अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के आवास की बाउंड्री वाल भी भरभरा कर गिर गयी। गनीमत रही कि इस दौरान कोई मलबे की चपेट में नहीं आया। नवाबगंज संवाददाता के अनुसार अजगैन मोहान मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के लिए कुल 12 पिलर बनने है जिनमें की 7 पिलर ढल चुके है। बाकी में खुदाई का काम चल रहा है। पिलर खुदने के बाद वहां से नहीं हटाई गयी मिट्टी बारिश में लोगों के आफत का सबब बन गयी है। वहां रहने वाले विनीत सिंह, पुत्तीलाल, डॉ. अनिरुद्ध, अनुज सिंह समेत अन्य लोग बताते है कि सेतु निगम के अधिकारियों से कई बार इस संबंध में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### आकाश से आफत बन कर आयी बिजली ने निगल ली 127 भेंड़ों की जिंदगी

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली के गांव डहरौली के मजरे कोड़रा में रविवार रात करीब 1 बजे जोरदार बिजली कड़की और गांव के बाहर एक पशु पालक के बाड़े पर जा गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट में आकर उसकी 127 भेड़ों की मौत हो गयी। पशुपालक रामकुमार पुत्र मंगली ने बताया कि बिजली गिरने की तेज आवाज से वह सहम गया। पहले तो कुछ समझ में ही नहीं आया। काफी देर बाद मोबाईल की टार्च से देखा तो एक बाड़े की भेंड़े गिर कर तड़प रही थी। सुबह देखा की उस बाड़े में केवल 28 जानवर बचे वो भी तड़प रहे थे। रामकुमार ने तकरीबन दस लाख के नुकसान की बात कही है। उसने बताया कि उस पर किसान क्रेडिट कार्ड का कर्ज भी है। इसके अलावा पत्नी कलावती और 6 बेटों धर्मेन्द्र, रामनरेश, बालेन्द्र, संजय, मोनू, रवि और दो बेटियों रिकीं और राधा का पालन पोषण भी पशु पालन से ही होता था। ग्राम प्रधान मनोज कुमार की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल आशीष ने सर्वे कर रिपोर्ट एसडीएम को देने की बात कही है। मौके पर पंहुचे पशुचिकत्सक ने अपनी टीम के साथ सभी 127 मृत भेड़ो का पोस्टमार्टम किया। जिसके बाद वहीं पर गड्ढा खुदवाकर मृत मवेशियों को दफन कर दिया गया। झुलसी 28 भेड़ो का इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम खड़ेहरा में रामखिलावन पुत्र भुल्लन की भैस रात को बिजली गिरने से मर गयी। रामखिलावन ने इसकी सूचना लेखपाल को दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छत से गिर कर अधेड़ घायल, हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के गांव बरहा खुर्द निवासी रामचंद्र (57) पुत्र जगदीश प्रसाद बारिश के चलते छत पर से पानी का निकास देखने गया था। तभी उसका अचानक पैर फिसलने वह नीचे आ गिरा। परिजनों ने आनन फानन में उसे मियांगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### चोरों ने मोबाइल टावर से पार कीं 22 बैट्री

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हड़हा में लगे टेलीकाम कंपनी के टावर से बीती रात चोरों ने 22 बैट्री पार कर दी। गार्ड ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बता दें कि अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा में बीएसएनएल व वोडाफोन के टावर लगे हैं। इनकी सुरक्षा में तैनात कार्ड रानू ने अचलगंज पुलिस को लिखित सूचना देते हुए बताया कि बीती रात तकरीबन ढाई बजे चोरों ने कनेक्शन काट कर वहां लगी 22 बैट्री पार कर दी। टावर में लगे सायरन की आवाज सुनने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो बैट्री गायब मिली। चोरी गयी बैट्री की अनुमानित कीमत तकरीबन ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। एसओ अचलगंज प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि गार्ड ने सूचना दी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सरकारी ओपीडी में डाक्टर लापता, मरीजों ने निजी अस्पतालों से ली दवा

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज नगर स्थित पीएचसी में ओपीडी में इलाज कराने के लिए सोमवार को नगर व आस पास से मरीज पहुंचे। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ कोई भी डाक्टर दोपहर बारह बजे तक नही पहुँचा। जिस कारण सैकड़ों मरीज ओपीडी का पर्चा हाथ में लिये डॉक्टरों का इंतजार करते इधर-उधर भटकते रहे। शक्तिनगर, चंपापुरवा गजियाखेड़ा, लटियारन खेड़ा,सत्यम तिवारी, मिथलेश, मुश्ताक, सुमन समेत सैकड़ों मरीज घंटों ओपीडी कराने के लिए बैठे रहे। बुखार से पीड़ित मरीज सुनीता ने बताया कि वह सुबह दस बजे दवा लेने के लिए समय से अस्पताल पहुंचे थे परिसर में कोई भी डॉक्टर पोने बारह बजे तक नहीं आया। हालत बिगड़ने लगी तो बाहर के निजी अस्पतालों में दवा लेनी पड़ी। इसी तरह अन्य मरीज भी दवा लेने के लिए परिसर में भटकते रहे।

### युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार किया घायल, मौत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। रविवार रात लगभग साढ़े दस बजे कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित जाजमऊ चौकी के अंतर्गत कर्मी बिझलामऊ गांव के पास एक तीस वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक उपचार किया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। शिनाख्त न होने पर शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### सरियों का जाल बांध रहा मजदूर गिर कर घायल

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी निवासी संदीप सोमवार को सहजनी स्थित एक पेठा कंपनी में छत ढालने के लिये सरियों का जाल बांध रहा था। इस दौरान वह अनियंत्रित हो गया और दूसरी मंजिल से सड़क पर गिरा। चीख पुकार सुन आस पास के लोग दौड़े और उसे उठाकर नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसे गंभीर चोटें आई है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### शटरिंग मजदूर घायल, हालत गम्भीर

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मंशा खेड़ा निवासी बिंदा प्रसाद का बेटा लवकुश शटरिंग कारीगर है। सोमवार सुबह वह कानपुर पटकापुर शटरिंग निकालने गया था। जहां वह तीसरी मंजिल पर खड़ा होकर शटरिंग निकाल रहा था, तभी शटरिंग की प्लाई उसके ऊपर गिर गई और वह भी प्लाई के साथ सड़क पर आ गिरा। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख साथी मजदूरों ने परिजनों को जानकारी दी। जिस पर परिजन उसे इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालल गंभीर बनी हुई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मरणासन्न, कानपुर रेफर

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार को स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां पहुंचने पर ईएमओ ने उसकी नाजुक हालत देख कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। सदर कोतवाली के मोहल्ला कल्याणी देवी निवासी को शाम गिरीश कुमार पुत्र देशराज सिंह किसी काम से बीघापुर गए थे। वापस लौटते समय सोमवार शाम लगभग 5ः30 रायबरेली हाइवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र के भैसई नौबस्ता मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गिरीश के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायल को निजी वाहन से स्वस्थ केंद्र पहुंचाया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर हादसे के बाद कार सवार गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। एसओ प्रशांत द्विवेदी ने घायल के मोबाइल के जरिए परिजनों को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने घायल की नाजुक हालत देख उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### आचार्य विनोवा भावे का जन्म दिवस समारोह मनाया

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। सोमवार को गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के तत्वाधान में माल रोड स्थित (ग्लोबल) मे आचार्य विनोवा भावे का जन्म दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि सन्त विनोवा भावे, भूदान अंदोलन के जनक, प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी एवं अहिंसा के प्रबल समर्थक थे। विनोदा भावे ने अपने 13 वर्षों के भूदान अन्दोलन के दौरान 58.741/-किलो मीटर की पद यात्रा के जरिये 4.4 मिलियन एकड भूमि एकत्र करने में सफल रहे जो देश के मूमिहीन किसानो, निर्धन व्यक्तियों ने वितरित की। उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग संघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि कानपुर में आज भी भूदान की जमीन पर दबंग लोगो का, संस्थाओं का कब्जा है जिसे हमे प्रशासन की नजर मे लाकर जरूरत मन्द भूमिहीन को सौपनी चाहिये इस सम्बन्ध मे उनके द्वारा प्रमाण सहित दस्तावेज भी दिखाये। कानपुर नागरिक मंच के सहयोजक छोटे भाई नरौना ने कहा कि विनोवा भावे जी अंहिसक रास्ते पर चलकर हम देश को तरक्की के तरफ ले जा सकते है।

## घर गिरी की घटनाओं में वृद्धा व अधेड़ की मौत

- पुरवा व हसनगंज कोतवाली क्षेत्रों में हुई घटनाएं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बारिश के दौरान हुई घर गिरी की घटनाओं में एक वृद्धा और एक अधेड़ की मलबे में दबकर मौत हो गयी। हादसों की जानकारी पर पुलिस और प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आपदा राहत कोष से मदद दिलाने का आश्वसन दिया है। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना पुरवा व हसनगंज कोतवाली क्षेत्रों की हैं।

#### पहला हादसा

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के महराजखेड़ा सुईखेड़ा गांव निवासी राम स्वरूप (50) पुत्र स्व. सत्यनारायण पेशे से किसान था। वह अपनी पत्नी बुधाना के साथ फूस की झोपड़ी में रहकर



गुजर बसर करता था। रविवार की रात रामस्वरुप तखत पर व पत्नी बुधाना चारपाई पर सोई हुई थी। सोमवार भोरपहर तेज बरसात में उसकी झोपड़ी में कच्ची मिट्टी से बना खंबा अचानक भरभरा कर गिर गया। पत्नी बुधाना तो बच गयी लेकिन राम स्वरूप मलबे में दब गया। जब तक पड़ोसी उसे मलबे से निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के दो बेटे मुकेश और राजेंद्र है जो चाचा के साथ पुस्तैनी मकान में रहते हैं। मृतक की चार बेटियां जो विवाहित हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे की जानकारी पर एसडीएम अतुल कुमार व बीडीओ डॉ. संतोष श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि मृतका को वर्ष 2014 में इंदिरा आवास मिला था।

#### दूसरा हादसा

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गजफ्फर नगर गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्धा सुंदारा पत्नी स्व. सुखलाल रविवार की रात अपनी कच्छी कोठरी में सो रही थी। तेज बारिश के चलते अचानक कच्ची कोठरी की दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। जब तक आसपास के ग्रामीण उसको मलबे से बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के कोई भी संतान नहीं है। पति सुखलाल की मौत कई वर्षों पूर्व हो चुकी है। परिवार के ही गंगाराम वृद्धा की देखरेख करते थें। वृद्धा एकाकी जीवन व्यतीत कर रही थी। ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है।

## अचानक सामने मवेशी आने से बाइक खंती में गिरी, मासूम समेत तीन घायल

- घायलों के लिए मददगार बनी पीआरवी, पहुंचाया अस्पताल

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज जैतीपुर संपर्क मार्ग पर एक फैक्ट्री के समीप अचानक छुट्टा मवेसी आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो खंती में चली गयी। जिसमें बाइक सवार सूरज (30) पुत्र रामलखन व उसका बेटा त्रिशांक (5) समेत जुग्गीलाल (52) पुत्र जानकी प्रसाद निवासीगण कोरारा थाना अजगैन गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस पीआरवी 2951 पर तैनात हेड कांस्टेबल शिवकुमार, महिला आरक्षी रेनू



भारती, आरती व चालक शिवमोहन ने घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने घायलों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल जुग्गीलाल ने बताया कि सूरज का बेटा त्रिशांक उर्फ अतुल बोलने में असमर्थ है। जिसको लेकर जिला अस्पताल गये थे। जहां से वापस आते समय रास्ते मे हादसा हो गया।



## मेरी माटी मेरा देश के तहत घर घर जा कलश में एकत्रित की पवित्र माटी

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

विकास खण्ड के ग्राम मालो व ग्राम दुर्गापुर में घर घर जा कर कलश में पवित्र माटी एकत्रित की गईं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की ओर से की गईं पहल मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम मालौ व ग्राम दुर्गापुर के घर-घर से पवित्र मिट्टी व अक्षत अमृत कलश में एकत्रित किये गए जिसमे चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, चौबेपुर मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रानू पाण्डेय, उत्कर्ष अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे वही चौबेपुर के वरिष्ठ नेता राजू त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री की इस पहल की भुरी भुरी प्रश्नसा की।

## अटल आवासीय विद्यालय का कमिश्नर, सीडीओ, एसडीएम व प्रधानाचार्या ने किया शुभारंभ

- रामपुर नरूआ गांव में डीएम और बीएसए व्यस्तता के चलते नहीं पहुंच सके

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण अटल आवासीय विद्यालय काफी दिनों से निर्मल अधीन था प्रशासन के दबाव के चलते आनंद-खनन में बिल्डिंग का काम पूरा कर सत्र के बच्चों का प्रवेश के लिए 11 सितंबर निर्धारित किया गया था जिसके चलते सोमवार को विधि विधान से पूजन और कर उद्घाटन कर बच्चों के लिए समर्पित



कर दिया गया है वहीं पर 40 लड़के और 40 लड़कियों का प्रवेश हो चुका है सभी बच्चे आज ड्रेस में मौजूद थे उनके साथ उनकी आई बाबा वह माता-पिता भी आए हुए थे उद्घाटन के इस मौके पर मुख्य अतिथि अमित गुप्ता कमिश्नर कानपुर मंडल, सुधीर कुमार मुख्य विकास अधिकारी, रश्मि लंबा उपजिलाधिकारी , सरिता श्रीवास्तव प्रधानाचार्या, राम लखन पटेल सहायक श्रमायुक्त कानपुर क्षेत्र, राजीव श्रीवास्तव शारीरिक शिक्षा अध्यापक, कृपा शंकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी, सूर्य नारायण खंड विकास अधिकारी, डॉ प्रगति रघु अध्यापिका मीडिया प्रभारी शिवराजपुर ,अटल आवासीय विद्यालय रामपुर नरूआ, तहसील बिल्हौर में उद्घाटन समारोह में पुष्पांजलि व दीपांजलि प्रचलन के बाद मां सरस्वती की वंदना छात्रों के द्वारा स्वागत गान छात्र-छात्राओं के द्वारा, स्वागत समभाषण प्रधानाचार्या के द्वारा देशभक्ति की गीत छात्रों के द्वारा पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा किया गया के बाद धन्यवाद ज्ञापन और छात्राओं की कक्षाओं का उद्घाटन छात्रावास का भ्रमण किया गया लंच आदि की व्यवस्था को नजदीक से परखने के लिए सभी सक्षम अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली को खूब सराहा गया ज्यादातर लोग फोटो और सेल्फी ले रहे थे।

## बिठूर के डल्ला पुरवा गांव में 12 हजार रूपए प्रति घंटे के हिसाब से लगती है जुए की फड़

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के लाख प्रयासों के बावजूद भी जुए के काले कारोबार पर अंकुश लगाने में ना काबिल साबित हो रही है। शहर के कई थाना क्षेत्र में पड़े पैमाने पर जुएं का काला कारोबार खूब फल फूल रहा है। सूत्रों के मुताबिक बिठूर थानाक्षेत्र के डल्लापुरवा गांव में 12 हजार रुपए प्रति घंटे की दर से जुएं की फड़ सज रही है। यहां पर कानपुर शहर के नामी गिरामी लोग जुएं की फड़ पर बाजी लगाते हुए देखे जा सकते हैं। बीते दिन सोमवार को सोशल मीडिया की कई प्लेटफार्म पर डल्ला पुरवा मैं होने वाले जुएं के काले कारोबार की ब्रेकिंग जमकर वायरल हुई। जिसमें अमन पांडेय, निशु बऊना, बुलाई और हिस्ट्रीशीटर अनिल देहाती का भी नाम उजागर हुआ है। ऐसा बताया जाता है कि इन लोगों की शह पर खुलेआम जुआं संचालित हो रहा हैं। रोज शहर से 100 से ज्यादा लोग खेलने जाते हैं। दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक जुएं की फड़ चलती है। समझने वाली बात यह है कि जहां उत्तर प्रदेश सरकार अवैध रूप से चल रहे कामों पर अंकुश लगाने के लिए वचनबद्ध है तो फिर ये जुएं के फड़ किसके आदेश से चल रहे हैं।

### डेंगू से हुई एक और व्यक्ति की मौत

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हींगूपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की डेंगू से दर्दनाक मौत हो गई। व्यक्ति का मंधना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। विजय कुमार निषाद उम्र 35 वर्ष बाकरगंज गांव में मोबाइल की एक छोटी सी दुकान कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था घर में वह इकलौता कमाने वाला था। बीते कुछ दिनों से उसकी काफी तबीयत खराब थी। इसके बाद परिवारी जनों ने उसे मंधना के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था।जहां पर रिपोर्ट में वह डेंगू पॉजीटिव पाया गया। रविवार की रात अचानक उसके हालात बिगड़ गई। बीते दिन सोमवार की सुबह अचानक उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से पत्नी सीमा निषाद और दोनों नन्हे बच्चों अथर्व व आर्या की रो-रो कर बुरी हालत है।

## आखिर चौबेपुर के अवैध अस्पतालों पर क्यों नहीं पड़ रही जिम्मेदारों की नजर

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

**चौबेपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानक विहीन अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैये की वजह से खूब फल फूल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन मानक विहीन अस्पतालों पर कार्यवाही करना ही नहीं चाहते हैं। चौबेपुर में बिना खौफ के दर्जनों अवैध अस्पताल धड़ल्ले से चलाये जा रहे हैं जिनके पास ना तो कोई डिग्री है और ना अस्पताल खोले जाने की कोई अनुमति ही है। लेकिन फिर भी कुछ जिम्मेदारो से सांठगांठ करके हॉस्पिटल खोल रखा हैं और बेखौफ उसका संचालन कर रहे हैं यहां तक की जिसके पास एक डिग्री तक नहीं हैं वह भी मरीजों को वीगो लगा रहे हैं और चौबेपुर क्षेत्र में ऐसे अस्पताल एक नहीं बल्कि दर्जनों ने जिसमे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंद कदमो की दूरी पर आर एस पाली क्लिनिक,उसी के नजदीक कटियार मेडिको सेंटर,बेला रोड किरण हॉस्पिटल एंड मेटेनिटी सेंटर,सी एच सी से चंद कदम आगे ओम नगर में चौबेपुर मेडिकल सेंटर,बंदीमाता रोड पर फर्स्ट एड नर्सिंग केयर सेंटर जैसे अन्य अस्पताल भी बेखौफ होकर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार फिर कुम्भकरनी नींद से जागने का नाम तक नहीं ले रहे हैं। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में स्तिथ समस्त अस्पतालो से जिम्मेदारो की जेब में हर महीने उनका हिस्सा पहुँचता हैं हिस्सा पहुंचने के बाद फिर चाहे बनावटी डॉक्टर मरीजों का कैसा भी इलाज करें मरीज जिए या मरे उससे उन्हें कोई मतलब नहीं हैं और शायद इसी कारण आज भी क्षेत्र में अवैध अस्पताल बेखौफ चल रहे हैं और फलफूल भी रहे हैं।










### अस्पतालों में शासनादेश के मानक दर किनार

जहां सरकार ने कई अस्पतालों में दुर्घटनाओं को देखने के बाद अस्पतालों को नये मानक जैसे अस्पताल में आपातकालीन स्तिथी में निकलने के लिए दो एग्जिटस अनिवार्य किये हैं अस्पतालो में आग लगने पर फायर सिलेंडर का होना अनिवार्य किया हैं किन्तु ऐसे अवैध अस्पतालो ने आपातकालीन स्तिथी में वहा से निकलने के लिए ना तो कोई और रास्ता दिया गया हैं और ना फायर फाइटिंग के लिए कोई अन्य सुविधा हैं फिर भी अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं क्या जिम्मेदारो को जागने के लिए किसी हादसे का इंतजार हैं या फिर किसी की मौत के बाद ही कुंभकरणी नींद खुलेगी।



# भारत की सफल अध्यक्षता जी 20 के सबसे बड़े परिणाम में से एक: सऊदी प्रिंस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की राजकीय यात्रा पर सचिव सीपीवी और ओआईए औसाफ सईद ने कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस ने भारत को जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी। दोनों देशों ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के लॉन्च पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ये भारत की अध्यक्षता में जी-20 की सबसे बड़े परिणामों में से एक है। औसाफ सईद ने कहा कि दोनों पक्षों ने पश्चिमी तट रिफाइनरी परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए अपना पूरा समर्थन व्यक्त किया। दोनों पक्ष 100 अरब डॉलर के निवेश जिसका सऊदी पक्ष ने वादा किया था, उसे चैनलाइज करने के लिए एक संयुक्त कार्य बल स्थापित करने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया जाएगा, जो इन रिफाइनरी परियोजनाओं में प्रगति दोनों पक्षों द्वारा निर्धारित योजना के अनुसार हो। इससे पहले राष्ट्रपति भवन में स्वागत के बाद पीएम मोदी और सऊदी क्राउन प्रिंस ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता में हिस्सा लिया। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल पीएम के साथ दिखे। हैदराबाद हाउस में आयोजित भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में हुए समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

### सऊदी अरब के आर्थिक विकास में भारत के लोग अहम भूमिका निभाते: क्राउन प्रिंस सलमान

पीएम मोदी ने कहा भारत के लिए सऊदी अरब अहम रणनीतिक साझेदार है। हम दुनिया की 2 तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं। शांति और स्थिरता के लिए आपसी सहयोग होना बहुत जरूरी है। हम अपनी साझेदारी को नए मुकाम पर ले जाने के लिए कई पहल कर रहे हैं। वहीं, सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद सलमान ने कहा, हमारे संबंधों में कभी कोई विवाद का मुद्दा नहीं रहा है। सऊदी अरब के आर्थिक विकास में भारत के लोग अहम भूमिका निभाते हैं।

### सउदी अरब महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक: पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए सउदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक है। विश्व की दो बड़ी और तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। अपनी बातचीत में, हमने अपनी साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहलों की पहचान की है।

### दोनों देशों के बीच कई मैमोरैंडम साइन किए गए

मोहम्मद बिन सलमान की ये दूसरी स्टेट विजिट है। क्राउन प्रिंस के वेलकम के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहम्मद बिन सलमान के साथ आए डेलिगेशन से मुलाकात की। इससे पहले क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान 2019 में भी भारत की स्टेट विजिट की थी। तब दोनों देशों ने स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप काउंसिल बनाई थी। दोनों देशों में राजनीति, सिक्योरिटी, डिफेंस, ट्रेड और अर्थव्यवस्था के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### बैठक के बाद क्या बोले क्राउन प्रिंस सलमान

द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रिंस सलमान ने कहा, 'मैं आपको जी 20 शिखर सम्मेलन के प्रबंधन और मध्य पूर्व, भारत और यूरोप को जोड़ने वाले आर्थिक गलियारे सहित हासिल की गई पहलों के लिए बधाई देता हूं, जिसके लिए आवश्यक है कि हम इसे वास्तविकता में बनाने के लिए लगन से काम करें।'

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

वहीं, पीएम मोदी ने इस बैठक के बाद कहा कि आज की बैठक से हमारे संबंधों को एक नई दिशा मिलेगी और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी। कल हमने भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरुआत की है। इससे न केवल दोनों देश आपस में जुड़ेंगे बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, ऊर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल मिलेगा।

**भारत-सऊदी के रिश्तों में पाकिस्तान बड़ा फैक्टर:** 2019 में जब सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद सलमान भारत की स्टेट विजिट पर आए तो वो पाकिस्तान होते हुए आए थे। सऊदी भारत से नजदीकियां बढ़ा रहा है। हालांकि, वो पाकिस्तान को बहुत ज्यादा खफा नहीं कर सकता है। भारत ने जी 20 समिट की एक बैठक कश्मीर में की थी। इसमें सऊदी ने अपने प्रतिनिधि को शामिल होने से इनकार कर दिया था। 1998 में जब पाकिस्तान ने परमाणु परीक्षण किया तो सऊदी अरब ने खुलकर उनका साथ दिया था। हालांकि,अब लगातार बदल रही जियोपॉलिटिक्स में सभी देशों के रिश्ते बदल रहे हैं। सऊदी अरब अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहता है। ऐसे में वो ट्रेड के लिए नए पार्टनर ढूंढ़ रहा है। भारत भी उनमें से एक है। सऊदी ने भले ही कश्मीर में हुई जी 20 समिट में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन जब भारत सरकार ने कश्मीर को दिया विशेष राज्य का दर्ज समाप्त किया तो पाकिस्तान के दबाव के बावजूद सऊदी ने भारत की आलोचना करने से इनकार कर दिया था। सऊदी पाकिस्तान की आर्थिक तौर पर काफी मदद करता है। जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को आर्थिक तंगहाली के बीच 2 बिलियन डॉलर का लोन दिया था।

## 'कावेरी जल बंटवारे के मुद्दे पर अनावश्यक विवाद पैदा कर रहा तमिलनाडु'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी नदी पर मेकेदातु जलाशय के निर्माण को मंजूरी देने में देरी का आरोप लगाते हुए सोमवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा और पड़ोसी राज्य तमिलनाडु पर इस मुद्दे पर अनावश्यक उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया। कर्नाटक मेकेदातु परियोजना को लागू करने के लिए दबाव बना रहा है और उसका कहना है कि बारिश के संकट के समय दोनों राज्यों के बीच कावेरी जल विवाद का यही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार ने मेकेदातु परियोजना के लिए अनुमति नहीं दी है। तमिलनाडु के पास परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है। यह हमारे क्षेत्र में है, तमिलनाडु को 177.25 टीएमसी जल आवंटित किया गया है और हमें सामान्य वर्षों में उन्हें इतना ही पानी छोड़ना पड़ता है। संकट के समय, मुश्किल वक्त के फार्मूले का पालन किया जाना चाहिए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तमिलनाडु पर मेकेदातु परियोजना के संबंध में अनावश्यक रूप से उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक द्वारा डीपीआर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बावजूद अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा, उन्हें (केंद्र को) कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण अनुमति देने के लिए से कहना होगा, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन आता है।

# समुद्रयान मत्स्य 6000 की टेस्टिंग अगले साल

## छह हजार मीटर की गहराई में खनिजों का पता लगाएगा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत अपने पहले महासागर मिशन समुद्रयान के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी को अगले साल यानी 2024 की शुरुआत में गहरे समुद्र में भेजेगा। 'मत्स्य 6000' नाम की इस पनडुब्बी की टेस्टिंग बंगाल की खाड़ी में की जाएगी। पहले ट्रायल में इसे समुद्र की 500 मीटर गहराई में भेजा जाएगा। 2026 तक ये तीन भारतीयों को महासागर में 6000 मीटर की गहराई में ले जाएगी। भारत छठवां देश है जिसने मानव पनडुब्बी बनाई है। इसके पहले अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस और चीन ने मानवयुक्त पनडुब्बी बना चुके हैं। वहीं, भारत सरकार इस मिशन के जरिए समुद्र तल से मोबाइल-लैपटॉप जैसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बनाने के लिए कोबाल्ट, निकल और सल्फाइड जैसी धातुएं और खनिज निकालने का प्रयास कर रही है। इसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी के साइंटिस्ट्स ने 2 साल में तैयार किया है। वो अभी इसे रिव्यू कर रहे हैं। जून 2023 में अटलांटिक ओशन में टाइटन नाम की पनडुब्बी डूब गई थी। पांच अरबपतियों की मौत हो गई थी।


### टाइटेनियम एलॉय से बनी है 'मत्स्य 6000'

एनआईओटी के डायरेक्टर जी.ए. रामदास ने 'मत्स्य 6000' पनडुब्बी की खासियत बताते हुए कहा- ये 12-16 घंटे तक बिना रुके चल सकती है। इसमें 96 घंटे तक ऑक्सीजन सप्लाई रहेगी। इसका व्यास 2.1 मीटर है। इसमें तीन लोग बैठ सकते हैं। ये 80द्दद्द के टाइटेनियम एलॉय से बनी है। ये 6000 मीटर की गहराई पर समुद्र तल के दबाव से 600 गुना ज्यादा यानी 600 बार (दबाव मापने की इकाई) प्रेशर झेल सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड केस में एफआईआर रद्द नहीं की

## सिब्बल बोले, सेना की बनवाई रिपोर्ट पर एफआईआर क्यों, सरकार बोली, राष्ट्रीय मुद्दा क्यों बनाएं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



मणिपुर सरकार की ओर से एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के मेंबर्स के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। एडिटर्स गिल्ड के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि रिपोर्ट भारतीय सेना की अपील पर बनाई गई थी। इसलिए इसके लिए एडिटर्स गिल्ड पर मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी भी एफआईआर को रद्द नहीं कर रहा है। बल्कि मामले को हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की संभावना तलाश रहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। एडिटर्स गिल्ड ने 6 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी।

### कोर्ट रूम में क्या-क्या हुआ...

**सॉलिसिटर जनरल:** आपने सुरक्षा प्रदान की। मुझे कोई आपत्ति नहीं। एकमात्र बात यह है कि मैंने हलफनामे में लिखा है कि हाईकोर्ट अब इस मामले में काम कर रहा है।
**कपिल सिब्बल:** देखिए... ये सेना की मांग थी कि मैटर को कवर किया जाए।
**सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़:** सेना ने ऐसा क्यों किया।
**कपिल सिब्बल:** ये देखने के लिए कि लोकल मीडिया इसे कैसे कवर कर रही है। इसलिए अब वे इसे अपराध नहीं कह सकते।
**सॉलिसिटर जनरल:** मैं हाईकोर्ट पर के पक्ष में हूं, वे हाईकोर्ट जा सकते हैं। वे वर्चुअली भी जुड़ सकते हैं।
**कपिल सिब्बल:** आखिर हम पर मुकदमा क्यों चलाया जाना चाहिए? 2 सितंबर को रिपोर्ट सामने आई, 3 सितंबर को एफआईआर की गईं। फिर सीएम ने बयान दिया। वकीलों के घर तोड़े। ये सिचुएशन का मेरा आकलन है। मुकदमा कैसे चलाया जा सकता है?
**सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़:** हम किसी एफआईआर को रद्द नहीं कर रहे हैं। हालांकि ये संभावना खोजेंगे केस को हाईकोर्ट भेज सकते हैं या नहीं।
**सॉलिसिटर जनरल:** मेरा मुद्दा केवल यह है कि हम इसे नेशनल पॉलिटिकल इश्यू नहीं बनाना चाहते हैं। जिसका इरादा लग रहा है।
**सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़:** मिस्टर एसजी ये एक रिपोर्ट है। एक निजी राय। ऐसा नहीं है कि ये लोग ग्राउंड पर थे। आप सुरक्षित राय दे सकते हैं।

# राहुल जी गांधी सरनेम छोड़ दीजिए, टाइटल लगाने से डकैत साधु नहीं बनता, आप लोग डुप्लीकेट गांधी हैं: हिमंता बिस्वा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के गांधी परिवार पर सरनेम हड़पने का आरोप लगाया है। गुवाहाटी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान हिमंता ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से अपना सरनेम छोड़ने को कहा। उन्होंने कहा- सारे गांधी कैसे बन गए। मैंने बहुत दिन रिसर्च किया। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी किस फॉर्मूले से गांधी हैं। कांग्रेस कहती है कि भाजपा इंडिया नाम से डर गई है। कल कोई डकैत अपना नाम गांधी रख लेगा तो क्या वह साधु बन जाएगा। हिमंता के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, जिस तरह आपका नाम आपके पिता कैलाश नाथ सरमा से ही पड़ा, वैसे ही राजीव गांधी का अपने पिता फिरोज गांधी से पड़ा। भाजपा महिला मोर्चा कार्यक्रम के दौरान हिमंता ने कहा, जब वोट लेने का टाइम होता है, तब कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा करती है। चुनाव खत्म हो गया तो उन्होंने अपना नाम इंडिया कर लिया। आप लोग इंडिया कैसे हैं। उन्होंने कहा- गांधी जी ने देश को आजाद कराया और आप लोगों ने गांधी टाइटल हड़प लिया। भारत का पहला स्कैम टाइटल से शुरू हुआ। आप लोग डुप्लीकेट गांधी हैं। टाइटल की तरह कांग्रेस ने हमारे देश का नाम हड़पकर इंडिया बन गया।

### कांग्रेस को इंडिया या भारत बोलने का अधिकार नहीं

हिमंता बिस्वा ने आगे कहा, कांग्रेस ने इंडिया का गौरव कभी नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस ने देश के नाम पर परिवारवाद बढ़ाने और देश को तोड़ने का काम किया। उन्हें इंडिया बोलने का अधिकार नहीं है। भारत का नाम तो दूर-दूर तक मत लेना। असम सीएम ने दावा किया कि भारत में फिर से मोदी सरकार बनेगी। उन्होंने कांग्रेस को किसी दूसरे देश या ग्रह में अपनी सरकार बनाने की नसीहत दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा- मैं त्न20 समिट में गया था। वहां विश्व के सभी नेता पीएम मोदी को जैसे देख रहे थे, उनके साथ बातें कर रहे थे, मैं तो सोचता हूं कि भारत विश्वगुरु बन चुका है। हिमंता ने कहा- कांग्रेस ने 75 साल डुप्लीकेट काम किया। हमारे देश का जो स्थान होना चाहिए था, उससे हमको दूर कर दिया।

# सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के सपोर्ट में पोस्ट, हिंसा भड़की, सातारा में पथराव-आगजनी, एक की मौत, 7 घायल, इंटरनेट बंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के सातारा जिले की खटाव तहसील में रविवार 10 सितंबर की रात एक धर्मस्थल पर पथराव के बाद हिंसा भड़क गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 15 अगस्त को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन वाली पोस्ट की गई थी। इसके बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल था। रविवार रात को एक समुदाय ने दूसरे पर पत्थरबाजी की, जिसके बाद तनाव हिंसा में बदल गई। पुलिस ने बताया कि पुणे से करीब 150 किलोमीटर दूर स्थित पुसेसावाली गांव से हिंसा शुरू हुई थी। दो समुदाय के लोगों ने कई दुकानों और घरों में आग लगा दी। हालात काबू करने के लिए इलाके की इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि लगभग एक हजार लोगों की भीड़ ने गांव में पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की। उन्होंने सड़क किनारे खड़े वाहनों में भी आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सातारा के एसपी समीर शेख पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

### सातारा सांसद ने शांति बनाए रखने की अपील की

सातारा से सांसद श्रीनिवास पाटिल ने सरकार से हालात को नियंत्रित रखने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा है। पाटिल ने कहा, यहां जो कुछ हुआ, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी अपील है कि सभी लोग शांति बनाए रखें। वहीं, सातारा के डीएम ने भी अपील की कि लोग सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट ना करें, जिससे तनाव पैदा हो। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें और इलाके में शांति बनाए रखें।

# बीजेपी और जेडीएस लोकसभा चुनाव साथ लड़ेगी: एचडी देवेगौड़ा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले तीन दिनों से बीजेपी और जनता दल सेक्युलर के बीच गठबंधन को लेकर जारी बयानबाजी पर अब विराम लग गया है। जेडीएस सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने 11 सितंबर को पुष्टि कर दी कि बीजेपी और जेडीएस लोकसभा चुनाव साथ लड़ेगी। उन्होंने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच साथ चुनाव लड़ने पर सहमति बन गई है। जेडीएस कितने सीटों पर लड़ेगी, इस पर मैं पीएम मोदी से बातचीत के बाद फैसला करूंगा। जेडीएस सुप्रीमो देवेगौड़ा ने कहा कि मैंने यह फैसला पार्टी के अस्तित्व को बचाने के लिए किया है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया के बारे में कहा, मैं इतना बड़ा सेक्युलर नेता हूं, फिर भी मुझसे गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस ने संपर्क तक नहीं किया।

### 4 दिन पहले बीएस येदियुरप्पा ने गठबंधन का दावा किया था

8 सितंबर को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने कहा था, जेडीएस लोकसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ेगी। गृहमंत्री अमित शाह को लोकसभा की 4 सीटें देने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, पहले जेडीएस कर्नाटक की 28 सीटों में से पांच सीटें मांग रही थी।

### कुमारस्वामी बोले, यह येदियुरप्पा की निजी प्रतिक्रिया

अगले ही दिन यानी 9 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के साथ आने वाले बयान को नकार दिया। उन्होंने कहा, यह येदियुरप्पा की निजी प्रतिक्रिया है। अभी तक दोनों दलों में सीट शेयरिंग के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। हम 2 या 3 बार मिले हैं, लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। कुमारस्वामी ने गठबंधन को लेकर भी अपना रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि हम साथ आ रहे रहे हैं या नहीं, बाद में देखते हैं, लेकिन राज्य के लोगों को हमारे (दोनों दल) साथ आने की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस राज्य को लूट रही है। उन्हें विकल्प की जरूरत है। मैंने 2006 में भाजपा से हाथ मिलाया था। मेरे 20 महीने के काम के कारण राज्य में एक अच्छी छवि (गुडविल) बनी हुई है।

## ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल में किया फेरबदल, बाबुल सुप्रियो का विभाग बदला, केंद्र सरकार को चेतावनी भी दी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर दिया है। उन्होंने बाबुल सुप्रियो का विभाग बदल दिया है। बाबुल को पर्यटन विभाग से हटाकर आईटी और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक अन्य गायक-राजनेता और तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री इंद्रनील सेन को पर्यटन विभाग का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दुबई और स्पेन की यात्रा पर रवाना होने की पूर्व संध्या पर ममता बनर्जी ने यह फेरबदल किया। इससे पहले ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर बदले की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर महात्मा गांधी की जयंती पर राजघाट पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति दी गई तो उनकी पार्टी के लोग राजघाट पर प्रार्थना करेंगे। ममता ने कहा कि केंद्र को बंगाल की बकाया मनरेगा राशि जारी करनी चाहिए, यह बेहद गरीब लोगों को दी जानी है। उन्होंने भतीजे और टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भेजे गए समन की भी निंदा की और इसे एक युवा नेता को डराने-धमकाने की कोशिश बताया। अपनी विदेश यात्रा पर ममता ने कहा कि मैं 5 साल बाद विदेश जा रही हूं। पहले विदेश यात्रा के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई थी, जबकि मेरे पास कई निमंत्रण थे।

### कल ईडी के सामने पेश होंगे अभिषेक

अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को बताया कि वह केंद्रीय एजेंसी के समन पर 13 सितंबर को ईडी के सामने पेश होंगे। उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ के लिए 13 सितंबर को पेश होने के लिए नोटिस दिया था।

# पटाखों पर इस साल भी जारी रहेगा बैन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने सर्दियों में प्रदूषण पर अंकुश लगाने की कार्ययोजना के तहत पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। राजधानी दिल्ली में इस साल भी दीवाली पर पटाखों की बिक्री और जलाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। दिल्ली सरकार ने दिल्ली पुलिस को ये निर्देश जारी किया है। दिल्ली सरकार की तरफ से दिल्ली पुलिस को निर्देश जारी कर कहा गया है कि किसी को भी पटाखों संबंधित लाइसेंस ना दिए जाएं। बता दें कि राजधानी दिल्ली में पिछले साल भी पटाखे प्रतिबंधित थे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह घोषणा करते हुए बताया कि पड़ोसी राज्यों से भी अपील की गई है कि वो भी पटाखे पर प्रतिबंध लगाएं। दिल्ली में सर्दी के मौसम में बढ़ते प्रदूषण और सुप्रीम कोर्ट/ एनजीटी के निर्देश के मद्देनज़र दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने ये फैसला लिया है।

# प्रियंका गांधी आज हिमाचल आएंगी, कुल्लू समेत 3 जिलों में बाढ़ प्रभावितों से मिलेंगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज हिमाचल प्रदेश के दौरे पर आ रही हैं। प्रियंका गांधी आज सुबह चंडीगढ़ से कुल्लू पहुंचेगी। यहां पर प्रियंका गांधी और हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू आपदा प्रभावितों से बात करेंगे। प्रियंका गांधी को रिसीव करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शाम के वक्त शिमला से चंडीगढ़ रवाना हुए। आज शाम को वह चंडीगढ़ में ही रुकेंगे। कल सुबह मुख्यमंत्री सुक्खू चंडीगढ़ एयरपोर्ट से प्रियंका गांधी के साथ कुल्लू के भुंतर जाएंगे। यहां पर आपदा प्रभावितों का दर्द जानेंगे। कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पीडब्लूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी उनके साथ मौजूद रहेंगे।

### सोलन में शिमला भी आएंगे

कुल्लू से मंगलवार सुबह पौने 10 बजे के करीब मनाली जाएंगे। मनाली में बाढ़ पीड़ितों से बातचीत के बाद हेलिकॉप्टर से मंडी के पंडोह आएंगे। यहां बीबीएमबी के डैम से पानी छोड़ने के बाद लोगों के घर व उपजाऊ जमीन जलमग्न हो गई थी। दोपहर बाद बीबीएमबी पंडोह से दोनों नेता हेलिकॉप्टर से सोलन आएंगे। सोलन से दोनों नेता कल्याणी हैलिपेड शिमला आएंगे। कल शाम प्रियंका गांधी शिमला के छराबड़ा में अपने घर पर रुकेंगे। परसों वह शिमला में भी आपदा प्रभावितों से बातचीत कर सकती हैं। हालांकि उनका परसों का प्रोग्राम आधिकारिक तौर पर नहीं आया।

### भारी बारिश से 8600 करोड़ की संपत्ति तबाह

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से 8600 करोड़ रुपए से ज्यादा की निजी व सरकारी संपत्ति तबाह हुई है। मौजूदा मानसून सीजन में 425 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान 2559 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 10,890 घरों को आंशिक नुकसान हुआ है। 318 दुकानें और 5,680 गोशालाएं भी तबाह हुई हैं। 24 जून से 10 सितंबर तक प्रदेश में भूस्खलन की 164 और बाढ़ की 72 घटनाएं हुई हैं।

### बीजेपी के राष्ट्रीय नेता कर चुके हिमाचल का दौरा

प्रियंका गांधी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी हिमाचल में हुई तबाही को देख चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)